माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 198, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जलवायु परिवर्तन : नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह 16

फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका 2

# फतवे को लेकर दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

- राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखे पत्र में दिए निर्देश
- दारुल उलूम ने गजवा-ए-हिंद को लेकर जारी किया था विवादित फतवा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दारुल उलूम देवबंद की वेबसाइट पर कथित आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सहारनपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को लिखे एक पत्र में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने देवबंद की वेबसाइट पर प्रकाशित एक फतवे के संबंध में आयोग की आपत्ति के बारें में बताया। आयोग ने कहा कि विवादित फतवे में ''गजवा-ए-हिंद'' की बात कही गई है जो कथित तौर पर भारत पर आक्रमण के संदर्भ में शहादत का महिमामंडन करता है। कानूनगो ने पत्र में किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 75 के कथित उल्लंघन पर जोर देते हुए कहा कि यह फतवा बच्चों को अपने ही देश के खिलाफ नफरत की भावना को उजागर कर रहा है और अंततः उन्हें अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा पहुंचा रहा है। एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा 13(1) का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री से राष्ट्र के खिलाफ नफरत भड़क सकती है। एनसीपीसीआर ने भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। आयोग ने तीन दिन में कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का अनुरोध किया है।

# आज काला दिवस मनाएंगे किसान, निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

- खनौरी में किसान की मौत मामले में हत्या का एफआईआर दर्ज करने की मांग
- केंद्रीय मंत्रियों के फूंकेंगे पुतले 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाने के साथ ही ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा।

हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच बुधवार को हुई झड़प में किसान शुभकरण सिंह (21) की मौत हो गई थी। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली कूच की कोशिश कर रहे किसानों को पंजाब के संगरूर जिले में खनौरी सीमा बिंदु पर रोक रखा है। पंजाब के किसान अपनी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए केंद्र से कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। एसकेएम 'दिल्ली चलो' मार्च का हिस्सा नहीं है लेकिन वह इसका समर्थन कर रहा है। उसने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में किसान आंदोलन की अगुवाई थी। यहां एक बैठक के बाद एसकेएम ने कहा कि किसान 26 फरवरी को राजमार्गों पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे। कहा कि किसान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंकेंगे। एसकेएम नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने संवाददाताओं से कहा कि खनौरी सीमा पर एक किसान की मौत के सिलसिले में हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए तथा उसके परिवार को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जानी चाहिए। बठिंडा जिले के शुभकरण सिंह की संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में पुलिस के साथ कथित झड़प में मौत हो गई थी। इसमें 12 पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने भी प्रदर्शनकारी किसान की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। पंधेर ने कहा कि पंजाब सरकार को राज्य के क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद किसानों की 25-30 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने के लिए हरियाणा अर्धसैनिक बल के जवानों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए। पंधेर ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा कि पंजाब सरकार इस घटना के सिलसिले में हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज करे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मांग की कि पंजाब सरकार शुभकरण को शहीद का दर्जा दे।

### आज बैठक कर तय करेंगे अगली रणनीति

यह घटना तब घटी जब किसान अवरोधकों की ओर तेजी से बढ़े और सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। हरियाणा प्रशासन ने किसानों के मार्च को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई स्तरीय अवरोधक लगाए हैं। एसकेएम ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर स्थिति की चर्चा करने के लिए गुरुवार को यहां एक बैठक की। पंजाब, हरियाणा एवं अन्य राज्यों के कई एसकेएम नेताओं ने इस बैठक में हिस्सा लिया। इन सीमा बिंदुओं पर हजारों किसान 'दिल्ली चलो' आह्वान के तहत डेरा डाले हुए हैं। किसान नेताओं ने एक किसान की मौत हो जाने के बाद बुधवार को यह मार्च दो दिन के लिए रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि वे शुक्रवार शाम को अपना अगला कार्यक्रम तय करेंगे।







### तीन राज्यों में साथ चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस और आप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनाव दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में मिलकर लड़ने की तैयारी में हैं और दोनों दल जल्द ही सीट बंटवारे को लेकर घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों दलों के बीच दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों दल जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकते हैं।

# सीबीआई का पूर्व राज्यपाल मलिक के परिसरों पर छापा

## दिल्ली-मुंबई के अलावा जम्मू-कश्मीर, पंजाब हरियाणा, उप्र, बिहार और राजस्थान में जांच

## केंद्रीय जांच एजेंसी की 100 अधिकारियों की टीम एक साथ मलिक के 30 ठिकानों पर पहुंची

- दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका, एशियन गेम्स विलेज के साथ गुरुग्राम, बागपत पहुंची टीम

**किरू पनबिजली भ्रष्टाचार मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,200-करोड़ रुपये की लागत वाली किरू पनबिजली परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों और 29 अन्य स्थानों पर गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने दिल्ली और मुंबई के अलावा जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में 30 स्थानों पर सुबह छापे मारे, जिसमें लगभग 100 अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली के आरके पुरम, द्वारका और एशियन गेम्स विलेज के अलावा गुरुग्राम और बागपत में मलिक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे गए।

अधिकारियों ने कहा कि मलिक के कथित सहयोगियों, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अधिकारियों के परिसर पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला 2,200 करोड़ रुपये के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के कार्य आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। मलिक 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। इनमें से एक फाइल परियोजना से संबंधित थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व में कहा कि 2019 में किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के लगभग 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने चौधरी के अलावा चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के सिलसिले में सीबीआई ने जनवरी में पांच लोगों के आवास पर छापा मारा था।



नई दिल्ली के सोम विहार अपार्टमेंट में सीबीआई ने मलिक के परिसरों की तलाशी ली।

### मैं किसान का बेटा, इन छापों से डरने वाला नहीं

मलिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पिछले तीन-चार दिन से बीमार हूं और अस्पताल में भर्ती हूं। इसके बावजूद सरकारी एजेंसियों के माध्यम से तानाशाह मेरे आवास पर छापे मार रहे हैं। मेरे ड्राइवर और मेरे सहायक से जुड़े परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से नहीं डरूंगा। मैं किसानों के साथ हूं।



**संदेशखालि मामला**

### पश्चिम बंगाल सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखाली की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

### ईडी ने केजरीवाल को नया समन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उनसे पूछताछ के लिए 26 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियिम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत सातवां समन जारी करते हुए केजरीवाल की इस दलील को खारिज कर दिया कि उनकी पेशी के लिए नया नोटिस देना गलत है।

# राम मंदिर निर्माण के बाद भी नफरत की राह पर कांग्रेस

- प्रधानमंत्री ने कहा-कांग्रेस ने धर्मस्थलों को बनाया विवाद का कारण
- गुजरात के मेहसाणा में वालीनाथ महादेव मंदिर का किया लोकार्पण

मेहसाणा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे (उसके नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं और नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री गुजरात के मेहसाणा जिले में वालीनाथ महादेव मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 8,350 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और उनका शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह कांग्रेस है जिसने दशकों तक देश पर राज किया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ (मंदिर) जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गुजरात के पंचमहल जिले में पावागढ़ मंदिर में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखायी और दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए और उनके मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।



### विरासत को संरक्षित और विकसित करने का प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात भाजपा सरकार के प्रयास की बदौलत उस स्थिति से उबर चुका है जब 20-25 साल पहले पानी की कमी के कारण सीमित अवसर थे। इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री वालीनाथ धाम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का प्रयास भारत की विरासत को विश्व विरासत के रूप में संरक्षित और विकसित करने का रहा है। गुजरात में भी प्राचीन सभ्यता के कई प्रतीक मौजूद हैं।

# पुलिस भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों मांगे पेपर लीक के प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा गुरुवार को जारी सूचना के मुताबिक बीते 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं। बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है।

# 25 मई को खुलेंगे गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए इस वर्ष 25 मई को खोले जाएंगे तथा 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाएंगे।

यह जानकारी गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को गुरुवार को सचिवालय में मुलाकात के दौरान दी। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा घोषित की गई तिथियों को राज्य सरकार द्वारा सहमति दे दी गई है। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

# गुलमर्ग में हिमस्खलन के चलते एक रूसी स्कीयर की मौत

- 6 स्कीयर और एक स्थानीय गाइड को बचाया गया

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में गुरुवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई, जबकि एक स्थानीय गाइड सहित छह लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन ने अपराह्न करीब दो बजे गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलान को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें कई स्कीयर दब गए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने बर्फ के अंदर दबे छह रूसी स्कीयर और गाइड को बाहर निकाल लिया है। एक रूसी स्कीयर की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गुलमर्ग के इस ऊंचाई वाले इलाके को आर्मी रिज कहा जाता है। उन्होंने बताया कि बचाव टीम की तमाम कोशिशों के बावजूद एक रूसी स्कीयर की हिमस्खलन के कारण दर्दनाक मौत हो गई। प्रवक्ता के मुताबिक, इस घटना की वजह से चौथा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल प्रभावित नहीं हुआ है। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला स्वयं बुधवार को गुलमर्ग में स्कीइंग कर रहे थे। उन्होंने सभी स्कीयर की सलामती की प्रार्थना की है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार गुलमर्ग में बर्फबारी अभी फिलहाल जारी रहेगी।

# मास्टर माइंड महिला समेत आठ गिरफ्तार

## ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर की जा रही थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी एसटीएफ ने इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस में ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह की मास्टर माइंड महिला समेत आठ लोगों को सी-4 सेक्टर 63 नोएडा से गिरफ्तार किया है।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया मास्टर माइंड छाया सिंह वर्ष-2020 से शकर शर्मा के ऑफिस में बैकेंड का काम देखती थी। यहीं पर उसकी मुलाकात ठगों से हुई। यह लोन लेने के इच्छुक लोगों को इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस धनी एप के माध्यम से ऑनलाइन लोन का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज भेजकर कर फर्जी बैक खातों में रुपये मंगाकर ठगी करते थे। अगस्त-2023 में उल्लास कुमार गोस्वामी की फर्जी आईडी बनाकर सी-4 सेक्टर 63 नोयडा के मालिक से रेंट एग्रीमेंट बनवा खुद का आफिस खोल ठगी करने लगे। साफ्ट वेयर इंजीनियर रजत जस्ट डायल व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म से डाटा हासिल कर आरोपियों को देता था। प्री-एक्टीवेटेड सिम लव व गणेश से लिया जाता है। जब कस्टमर पेमेंट करता तो यह लोग व्हाट्सएप से इंडिया बुल्स कंज्यूमर फाइनेंस का अप्रूवल लेटर भेज बताते कि आपको ईसीएस के लिए लोन के अनुसार रुपये भेजने पड़ेंगे। कस्टमर पेमेंट करता तो उसको व्हाट्सएप से अमाउंट रिसीव लेटर भेज दिया जाता है। गिरोह की मास्टरमाइंड छाया, प्रिया, आंचल, सुलेखा,अंकित, सोनू उर्फ विजेन्द्र प्रताप सिंह, अर्चना और शिवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### तीन सौ लोगों से करोड़ों ठगे

आरोपियों ने छह महीनों में बीस फर्जी किराये के बैक खातों व बीस यूपीआई एकाउंट का प्रयोग कर तीन सौ से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी की है। गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटा कार्रवाई की जा रही। बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों व फर्जी दस्तावेजों का फारेंसिक परीक्षण कराया जायेगा।







# टेस्ट के बाद अब मोहम्मद शमी आईपीएल से भी बाहर

## पिछले साल नवंबर में अंतिम बार वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था, लंदन में होगा टखने का ऑपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने में चोट से अगले महीने शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन्हें ब्रिटेन में इसका ऑपरेशन करवाना होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज चोटिल होने से इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पा रहा है। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा कि शमी टखने पर विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में लंदन में थे और उन्हें बताया गया कि वह 3 सप्ताह के बाद हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं। लेकिन इंजेक्शन लगवाने से फायदा नहीं हुआ और अब उनके पास ऑपरेशन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वह ऑपरेशन के लिए जल्द ब्रिटेन जाएंगे। उनके आईपीएल में खेलने का सवाल ही नहीं उठता। शमी ने विश्व कप में दर्द के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था तथा 24 विकेट लिए थे। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। इस गेंदबाज की अक्टूबर नवंबर में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी करने की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया दौरे तक फिट होना होगा। शमी की चोट से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवालिया निशान लग गया है।

### आईपीएल का पहला मैचः चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स से भिड़ेगी

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 22 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के शुरूआती मैच में चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सामने होगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टी-20 लीग के पहले 17 दिन के कार्यक्रम की घोषणा की। आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान अगले महीने के शुरू में लोकसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद होगा। टूर्नामेंट के पहले 17 दिन 21 मैच खेले जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। 10 टीम को 5-5 के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप चरण में हर टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से 1-1 बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे का सामना करेंगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। 2014 में आम चुनाव से स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में इसे आयोजित किया गया था, लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूर्नामेंट भारत में कराए गए थे।

# बशीर इंग्लैंड की एकादश में शामिल

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड ने शुक्रवार से शुरु होने वाले चौथे टेस्ट के लिए पिच का मिजाज परखते हुए अपनी एकादश में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को शामिल किया है तथा तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को मौका दिया है।

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले चौथे टेस्ट के लिए जो मार्क वुड और रेहान अहमद की जगह इनको टीम में जगह दिया गया है। इंग्लैंड को बशीर से शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। इंग्लैंड ने जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने बशीर के चयन को लेकर कहा कि हम पिच देखकर एकादश चुनना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पिच को देखते हुए मुझे लगता है कि यहां अतिरिक्त उछाल मिलेगा और यह स्पिन के लिए सहायक होगी। इसीलिए हमने बशीर को टीम में लिया है। उन्होंने ओली रॉबिन्सन पर कहा कि मैं वास्तव में उसे मौका देने के लिए उत्साहित हूं। वह एक अविश्वसनीय पेशेवर हैं, जिस तरह से उन्होंने काम किया है। पहले तीन गेम नहीं खेलना बेहद निराशाजनक है, विशेषकर किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसने पिछले दो वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिस तरह से उन्होंने सब कुछ जारी रखा, जा रहा है और आगे बढ़ रहा है। नहीं खेलने की स्पष्ट निराशा से निपटना काम करने का एक शानदार तरीका है। अब मौका आ गया है। उसने वह सब कुछ किया है जो उसे करना था और मैं वास्तव में उसे फिर से पार्क में देखने के लिए उत्सुक हूं।

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, बेन फॉक्स, टॉम हार्टली, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

## खेल डायरी

### रोनाल्डो का गोल, अल नासर क्वार्टरफाइनल में



**एशियाई चैम्पियंस लीग**

**रियाद।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की मदद से अल नासर क्लब ने अल फाहया पर कुल 3-0 की जीत से एशियाई चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो के गोल से अल नासर ने पहले चरण के मैच में 1-0 से जीत हासिल की थी जबकि दूसरे चरण में उन्होंने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल किया। रोनाल्डो (86वें मिनट) और ओटावियो (17वें मिनट) के गोल की मदद से अल नासर ने दूसरे चरण में 2-0 से जीत दर्ज की। अब अल नासर की निगाहें पहले महाद्वीपीय खिताब पर लगी हैं और अगले महीने क्वार्टरफाइनल में उसका सामना संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन क्लब से होगा।

### स्वियातेक, रयबाकिना और गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने येलेना ओस्टापेंको को हराया। इगा स्वियातेक ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला क्वीनवेन झेंग से होगा।

### पूनाचा ने एटीपी चैलेंजर में नागल को हराया

**पुणे।** भारत के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा ने गुरुवार को शीर्ष वरीय और हमवतन सुमित नागल को हराकर उलटफेर करते हुए एटीपी चैलेंजर 100 अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पूनाचा ने नागल को शिकस्त दी और क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुकुंद के साथ शामिल हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में डेविस कप में पदार्पण करने वाले पूनाचा का सामना आस्ट्रेलिया के डेव स्वीनी से होगा जिन्हेंने पोलैंड के माक्स कासिनोवस्की को हराया। भारत की दो जोड़ियों ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान की जोड़ी ने जर्मनी के जैकब श्नैटर और मार्क वॉलनर को हराया।

### फोनसेका ने रियो ओपन में एटीपी टूर मैच जीता



**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के 17 वर्षीय जोआओ फोनसेका ने रियो ओपन में सातवें वरीय आर्थर फिल्स को 6-0, 6-4 से शिकस्त दी, जिससे वह 2006 में पैदा हुए एटीपी टूर स्तर का मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। पिछले साल अमेरिकी ओपन में लड़कों का एकल खिताब जीतने वाले फोनसेका की रैंकिंग अभी 655 है और फिल्स को हराने के बाद उनके करीब 200 स्थान की छलांग की उम्मीद है। वह राउंड 16 में चिली के क्रिस्टियन गारिन से भिड़ेंगे। अर्जेंटीना के चौथे वरीय फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने स्पेन के एलबर्ट रामोस विनोलास को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार के मेजर विजेता स्टान वावरिंका को अर्जेंटीना के फाकुंडो डायज अकोस्टा से सीधे सेटों में हार मिली जबकि जर्मनी के यानिक हैन्फमैन ने चिली के निकोलास जारी को तीन सेट में हराकर बाहर कर दिया। गुरुवार को बारिश के कारण खेल रोक दिया गया।

# भारत जीत तो इंग्लैंड वापसी को करेगा संघर्ष

## भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे, घर में करती आ रही बेहतर प्रदर्शन

रांची, एजेंसी

तेज गेंदबाज बुमराह की अनुपस्थिति के बावजूद भारत शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भी इंग्लैंड की बैजबॉल शैली को धत्ता बताकर 5 मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी निगाह घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं श्रृंखला जीतने पर लगी हैं।

2012 में एलिस्टर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अपनी धरती पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है। उसके बाद उसने खेले 47 टेस्ट में 38 जीते हैं। इस बीच उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ही हारना पड़ा। विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के युवा बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वह यशस्वी जायसवाल हो या सरफराज खान। जायसवाल ने पहले तीन मैच में 545 रन बनाए हैं जिसमें दो दोहरे शतक हैं। सरफराज ने नागपुर में पहले टेस्ट मैच में ही दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए। शुभमन गिल ने भी तीसरे नंबर पर अपने पांव जमा लिए हैं। श्रृंखला में अब तक सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाले बुमराह को विश्राम दिया गया है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है और तब बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे लेकिन अभी टीम में मोहम्मद सिराज सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज है। सिराज के साथ बंगाल के मुकेश कुमार और आकाशदीप में से किसी एक को चुना जा सकता है। मुकेश कुमार अधिक अनुभवी हैं और उन्होंने हाल में रणजी ट्रॉफी मैच में 10 विकेट के लिए थे। वह दूसरे टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें उन्होंने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 12 ओवर करके एक विकेट लिया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम प्रबंधन मुकेश पर विश्वास बनाए रखना है या आकाशदीप को पदार्पण का मौका देता है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यहां की पिच की प्रकृति को देखते हुए टीम में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर रखना सही होता है। इंग्लैंड ने टॉम हार्टली के साथ ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अंतिम एकादश में शामिल किया है। वह लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह लेंगे। तीसरे स्पिनर की भूमिका जो रूट निभाएंगे। रूट बल्लेबाजी में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 77 रन बनाए हैं जबकि इससे अधिक ओवर (107) किए हैं। संभावना है कि भारत 2 तेज गेंदबाज और 3 स्पिनरों के साथ उतरेगा। ऐसे में अक्षर पटेल की वापसी की संभावना नहीं है। यह तय है कि भारतीय टीम रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के साथ ही मैदान पर उतरेगी। इस मैदान पर आखिरी टेस्ट 2019 में खेला गया था और तब मोहम्मद शमी और उमेश यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट लिए थे जबकि भारतीय स्पिनरों को 8 विकेट मिले थे। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड बैजबॉल शैली में बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर कायम रहता है या नहीं। हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच में उसकी यह शैली सही साबित हुई थी लेकिन अगले दो मैच में उसके बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज टीम को भारी पड़ा था।





राची स्टेडियम में पिच की जांच करते भारतीय टीम के सदस्य। (ऊपर) मैदान पर अभ्यास के दौरान आपस पर विचार विमर्श करते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप।

**मैच सुबह 9.30 बजे।**

### मैंने ऐसी पिच पहले कभी नहीं देखी : स्टोक्स



**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने चौथे टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी। मैच से पहले हालांकि पिच को लेकर चर्चा बनी हुई है जिसमें दरार पड़ी हुई हैं। स्टोक्स ने कहा कि यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता इसलिए अधिक कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी। ड्रेसिंग रूम से देखने पर इसमें घास नजर आती है लेकिन जब आप पास जाते हो तो यह पूरी तरह से भिन्न दिखती है। इसमें कुछ दरारें नजर आती हैं।

### स्टोक्स ने अपनी गेंदबाजी पर संदेह रखा

**रांची।** बेन स्टोक्स ने नेट पर गेंदबाजी के कड़े अभ्यास से भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में गेंदबाजी करने की उम्मीद बढ़ा दी हैं लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने बतौर गेंदबाज अपनी उपलब्धता पर संदेह कायम रखना सही समझा। घुटने की समस्या से स्टोक्स पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट से बाद से बतौर बल्लेबाज ही खेल रहे हैं। लेकिन भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्हें पूरी शिद्दत से गेंदबाजी करते हुए देखा गया। मैच में उनके गेंदबाजी की संभावना के बारे में पूछने पर स्टोक्स ने कहा कि ना, मुझे लगता है कि ऐसा हो सकता है और शायद नहीं भी। इंग्लैंड के लिए दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकता है, जिससे उन्हें लंबी कद काठी के ओली रोबिन्सन को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा, हालांकि रांची की पिच के स्पिनरों के मददगार होने की उम्मीद है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा हि विशेष रूप से इस विकेट को देखते हुए रोबो (रोबिन्सन) को लाने से हमें अच्छे विकल्प मिलेंगे।

## डब्ल्यूपीएल में मुंबई और दिल्ली होंगे आमने-सामने, युवाओं पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी



मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और पिछली बार के उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को होने वाले मैच से दूसरे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का आगाज होगा जिसमें युवा खिलाड़ियों पर निगाह टिकी रहेगी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में हुआ था लेकिन इस बार बेंगलुरु और नई दिल्ली में आयोजन होगा। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं लेकिन डब्ल्यूपीएल में टीम का काफी दारोमदार इस अनुभवी बल्लेबाज पर टिका रहेगा। उन्होंने पिछले साल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए थे जबकि मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 16 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में विदेशों की कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगी जिनके बीच भारत की युवा खिलाड़ी अपनी चमक बिखरने की कोशिश करेंगी।

## शुरू में ही सफलता हासिल कर रहे हैं भारतीय युवा : राठौड़

रांची, एजेंसी



यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शुरू में ही सफलता हासिल की है और भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने इसका श्रेय देश के मजबूत घरेलू ढांचे को दिया।

मुंबई के 22 वर्षीय जायसवाल ने अभी तक केवल 6 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उनके नाम पर दो दोहरे शतक दर्ज हैं। सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और दोनों पारियों में अर्धशतक जमाए। राठौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह टीम के लिए अच्छा है और उनके लिए भी बेहतर है। जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं तो दबाव होता है लेकिन अगर आपकी शुरुआत अच्छी रहती है तो इससे बेहतर और कुछ नहीं होता है। उन्होंने कहा कि टीम में जो युवा खिलाड़ी आए हैं उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और यह अच्छा एहसास है। उनमें क्रिकेट की अच्छी समझ है जो बहुत अच्छा संकेत है। घरेलू क्रिकेट से यह बहुत अच्छा संदेश मिल रहा है कि नए खिलाड़ी क्रिकेट को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में विराट कोहली नहीं खेल रहे हैं जबकि केएल राहुल भी एक मैच खेलने के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हैं। राठौड़.ने कहा कि हमारा शुरू से ही मानना था कि हमारा घरेलू क्रिकेट काफी मजबूत है और जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आएगा वह अच्छा प्रदर्शन करके ही आएगा। मैं नहीं जानता कि जब केएल राहुल और विराट कोहली वापसी करेंगे तो तब क्या होगा। यह अभी चिंता का विषय नहीं है। भारतीय बल्लेबाजी कोच ने रजत पाटीदार का भी समर्थन किया जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं हाशमी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा, फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है।

### 'शैतान' का ट्रेलर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विकस बहल निर्देशित शैतान में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म शैतान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आर माधवन मेहमान बनकर अजय देवगन के घर पर पहुंचते हैं और उनकी बेटी को काली शक्तियों से अपने बस में कर लेते हैं। मगर बाद में अजय को उनकी शैतानी शक्तियों के बारे में पता चल जाता है। 'शैतान' 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय देवगन इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक के साथ मिलकर फिल्म शैतान का निर्माण किया है।

## फेयरी फोल्क में काम करना आनंददायक था: रसिका



रसिका दुग्गल मनोरंजन जगत के प्रभावशाली चेहरों में से एक हैं और उन्होंने सिनेमा और छोटे परदे पर अपनी जगह बनाई है। वह अब निर्देशक करण गौर की फिल्म 'फेयरी फोल्क' में अभिनय कर रही हैं, जो 1 मार्च को भारतीय सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई), और मेलबर्न भारतीय फिल्म महोत्सव में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता, और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। यह पहली बार है जब रसिका पति मुकुल चड्डा के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में ये दोनों अजीबोगरीब स्थिति में फंस जाते हैं जब एक लिंगहीन व्यक्ति उनके जीवन में प्रवेश करता है और उसे उलट-पलट देता है। रसिका कहती है कि फिल्म में 'मैजिक रिअलिस्म' का अंश है और वो एक असामान्य दृष्टिकोण से मानव संबंधों का अन्वेषण करती है। ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए शूट किया। कहानी के अनुसार ही हर दृश्य फिल्माया गया, आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और अभिनेता को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से दृश्य में क्या हुआ था। बहुत बार, आपको बाद के दृश्य पहले फिल्माने पड़ते हैं, लेकिन 'फेयरी फोल्क' में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीज़ें घटित हुईं और इसलिए अभिनेत्री के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। अपने चरित्र को समझने के नए, दिलचस्प तरीके ढूंढ़ने में भी मदद मिलती है। वे कहती हैं, ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं कि आप अभिनय के साथ नए प्रयोग करें। आपको कलाकार के रूप में नई शैलियों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। अपने पति मुकुल चड्डा के साथ काम करने के बारे में, रसिका कहती हैं कि मुकुल और मैं पहले भी एक दूसरे की प्रतिभा और शैली से अवगत थे, इसलिए हमें पता था कि हम कैसे साथ में काम करेंगे। 'फेयरी फोल्क' का निर्माण इम्पाथिया फिल्म्स, अनुकम्पा हर्ष के बलावला सिनेमा, और टिम्बक्टू फिल्म्स द्वारा किया गया है (नायक नकुल मेहता, अलेख संगल और फिल्मकार अजय सिंह द्वारा समर्थित)। फिल्म का पार्श्व संगीत निर्देशक ने ही रचा है. उन्होंने 'तितली,' 'हरामखोर,' 'डियर डैड,' और 'आगरा' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था।

## फिल्म रंगीला का गाना 'हाया रामा' उर्मिला के दिल के करीब



**मुंबई।** अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। उर्मिला मतोडकर ने हिट गीत 'हाय रामा' के बारे में बताया, यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे। यह संगीतकारों, गायकों, रचनाकारों और एक्टरों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है जो इस तरह के जादू को जीवन में लाते हैं।

### होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी, दिलीप गुलाटी निर्देशित फिल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फिल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फिल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फिल्म आगामी होली पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फिल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फिल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फिल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फिल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### अयोध्या मंडल की प्रगति अच्छी : एचएन शर्मा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद की मंडलीय समीक्षा बैठक सर्किट हाउस में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजस्व परिषद के अध्यक्ष एचएन शर्मा ने राजस्व मामले में चल रहे विवाद के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने ने कहा कि सभी खतौनी कंप्यूटराइज्ड की गई हैं। जैसे भी किसी कोर्ट का आदेश होगा वह उसमें तुरंत दर्ज हो जाएगा। इस कार्य में कितनी प्रगति हुई है इस कार्य की समीक्षा की गई है। अयोध्या मंडल की प्रगति अच्छी पाई गई है, अब कोई भी व्यक्ति डिजिटल मैप देख सकता है।

### अनियमितता में कोटे की दुकान निलंबित

**बड़ागांव, अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र के पिलखावा ग्राम पंचायत के कोटेदार राजेश सिंह के विरुद्ध चल रही जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद दुकान निलंबित कर दी गई है। निलंबन के बाद खाद्यान्न वितरण का कार्य पड़ोस के कोटेदार आशा देवी को दिया गया है। उपजिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया जांच में कोटेदार राजेश सिंह कार्डधारकों को खाद्यान न वितरण करने, स्टॉक व वितरण रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिससे उनका कोटा निलंबित कर दिया गया है। आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह चौहान ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### दहेज प्रताड़ना में पति को एक साल की सजा

**अयोध्या।** पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने में कोर्ट ने पति को दोषी पाते हुए एक साल के कारावास व 5000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनल उपाध्याय की अदालत से गुरुवार को हुआ। थाना खंडासा के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का परिवाद दाखिल किया था। जिसमें सुनवाई के बाद कोर्ट ने अभिनव को दोषी पाते हुए सजा दी जबकि अन्य को दोष मुक्त कर दिया।

### कार्यों का निरीक्षण

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने धर्मपथ को श्रीराम हेरीटेज वॉक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने धर्मपथ के फुटपाथ के किनारे स्थित रिटेनिंग वॉलों पर कराये जा रहे म्युरल के कार्यों का अवलोकन किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# पहले दिन 3098 ने छोड़ दी यूपी बोर्ड परीक्षा

## त्रिस्तरीय ऑनलाइन निगरानी के बीच 116 केंद्रों पर शुरू हुईं बोर्ड की परीक्षाएं

## हाईस्कूल के 2365 और इंटर के 733 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, छात्रों की संख्या छात्राओं से अधिक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय ऑनलाइन निगरानी के बीच गुरुवार से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गईं। व्यवस्था के तमाम दावों के बीच अधिकतर परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की कमी से आपाधापी की स्थिति रही। सुबह से ही केन्द्राध्यक्ष कंट्रोल रूम के फोन घनघनाते रहे।

जिले के 116 केंद्रों पर शुरु हुई परीक्षा में पहले दिन हाईस्कूल के कुल 2365 परीक्षार्थियों तो इंटरमीडिएट के कुल 733 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। हाईस्कूल में 1552 बालक व 813 बालिकाएं शामिल रहीं। इंटर में बालक परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा छोड़ी। शिक्षा विभाग ने परीक्षा छोड़ने को लेकर सख्ती का दावा किया है जबकि सूत्रों का कहना है कि यह बोगस परीक्षार्थी थे। सूत्रों के अनुसार यह वह छात्र होतें है जिन्हें नकल माफिया फॉर्म भराते है। विभाग की ओर से बताया जा रहा है कि सभी ने संस्थागत छात्र के रूप में परीक्षा फॉर्म भरा था। इसे लेकर छंटनी कर संबधित कॉलेजों से सूचना मांगी जाएगी। पहले दिन परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से सीसीटीवी कैमरे की खराबी या अन्य किसी व्यवधान की सूचना नहीं है।

### प्रवेश पत्र की जेंडर त्रुटियों से कोई नहीं हुआ परीक्षा से वंचित

दावा

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर जारी किए गए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रवेश पत्र में जेंडर त्रुटियों को लेकर विभाग ने सामान्य स्थिति का दावा किया है। विभाग द्वारा बताया गया है केवल 20 फीसदी सेंटरों से सूचना आई थी। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि पहले ही केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए थे। ऐसी त्रुटि वाली बालिका परीक्षार्थियों ने निर्धारित केन्द्र पर ही जबकि बालक परीक्षार्थियों ने संबधित केंद्र पर परीक्षा दी। बताया कि परीक्षा से कोई भी परीक्षार्थी वंचित नहीं हुआ है।

### कक्ष निरीक्षकों की कमी को लेकर रही आपाधापी

बोर्ड परीक्षा के पहले दिन कई केन्द्राध्यक्षों ने बताया कि उनके यहां निर्धारित संख्या के मुताबिक कक्ष निरीक्षक नहीं पहुंचे। पीडी पांडेय इंटर कॉलेज के केन्द्राध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि छह में से केवल तीन कक्ष निरीक्षक पहुंचे। इसी तरह अन्य सेंटरों पर दिक्कतें आईं। एक कमरे में एक ही कक्ष निरीक्षकों से काम चलाना पड़ा। बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षकों के रूप में लगाई गई है।

> बोर्ड परीक्षा के पहले दिन कोई व्यवधान नहीं आया। जहां कक्ष निरीक्षकों की कमी सामने आई वहां तत्काल व्यवस्था की गई। सभी जगह सुचारू रूप से से पहले दिन की परीक्षा संपन्न हुई। – डॉ .राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक


केन्द्रीय विद्यालय से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### 3500 छात्रों ने दी 12 वीं अंग्रेजी की परीक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सीबीएसई 12 वीं अंग्रेजी विषय की गुरुवार को हुई परीक्षा में जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 3500 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी। सीबीएसई जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि निर्धारित समय 10 बजे के पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। शांतिपूर्ण हुई परीक्षा के दौरान आज जिले के तीन सीबीएसई सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई आपत्तिजनक नकल सामग्री या गतिविधि नहीं पाई गई। अब 26 फरवरी को 10 वीं की अंग्रेजी व 12 वीं की आरर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स एआई विषय की परीक्षा होगी।

### आज इन विषयों की होगी परीक्षा

**प्रथम पाली** : हाईस्कूल – पालि, अरबी, फारसी, **इंटरमीडिएट** – नागरिक शास्त्र

**द्वितीय पाली** : हाईस्कूल – संगीत

**इंटरमीडिएट** – सामान्य आधारित विषय, व्यवसायिक वर्ग, कृषि शस्य विज्ञान प्रथम प्रश्न पत्र (कृषि भाग एक के लिए), कृषि शस्य विज्ञान, षष्टम प्रश्न पत्र ( कृषि भाग दो के लिए)

## पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर दिखी संस्कृति-संस्कार की अनूठी झलक

# बेटियों का कुमकुम के टीके तो बेटों का फूलों से स्वागत


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में परीक्षार्थी को कुमकुम का टीका लगाती शिक्षिका।


आदर्श इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों को फूल देते प्रधानाचार्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के पहले दिन गुरुवार को अयोध्या में संस्कृति और संस्कारों का भी संगम दिखा। परीक्षा केंद्रों पर नव्य अयोध्या में बेटियों का स्वागत कुमकुम के टीके तो बेटों का फूल देकर स्वागत किया गया। इससे अभिभूत परीक्षार्थी बोले - इस परम्परा से आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। प्रथम पाली की परीक्षा में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पहुंची छात्राएं उस वक्त अचम्भे में डूब गईं जब मुख्य प्रवेश द्वार पर मौजूद शिक्षिकाओं ने मुस्कुराते हुए स्वागत किया। शिक्षिकाओं ने कतार में खड़ीं छात्राओं के माथे पर रोली के साथ कुमकुम का टीका लगाते हुए परीक्षा में सफलता के लिए आशीर्वाद दिया। इसके बाद तलाशी ली। बीच-बीच में सीख भी देतीं रहीं कि आराम से निश्चित भाव से परीक्षा दीजिए। पहले पूरा प्रश्न पत्र पढ़ना फिर कॉपी शुरू करना। परीक्षार्थी कुमुद सोनी, आकांक्षा अग्रवाल और सोनी सिंह बोलीं बहुत अच्छा लग रहा है। ऐसे स्वागत की उम्मीद नहीं थी। धारा रोड स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में छात्रों को शिक्षक मुख्य प्रवेश द्वार पर गेंदे के फूल भेंट कर रहे थे। हालांकि परीक्षार्थी हिचकिचा रहे थे लेकिन गेट पर मौजूद शिक्षक बहुत नम्रता के साथ पेश आ रहे थे। हर परीक्षार्थी को फूल देने के बाद भी यहां चेकिंग की गई। प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने बताया कि पहले दिन दोनों पाली में बच्चों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रयास है कि पूरी परीक्षा के दौरान इसे नियमित किया जाए। जिससे परीक्षार्थियों में आत्मविश्वास बढ़े। एसएसवी इंटर कॉलेज में भी शिक्षकों द्वारा प्रथम पाली में प्रवेश कर रहे परीक्षार्थियों को फूल भेंट किए गए।

### परीक्षार्थी बोले- परीक्षा बाद परिवार के साथ करेंगे रामलला के दर्शन

बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों में भी रामलला के दर्शन को लेकर उत्सुकता दिखी। केंद्रों पर परीक्षा देने के बाद निकले कुछ परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर अच्छा हुआ। अब आगे की परीक्षा के लिए परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने जायेंगे। आदर्श इंटर कॉलेज में परीक्षार्थी दीपक कुमार, अभिनव पासवान ने कहा कि इच्छा तो परीक्षा से पहले जाने की थी लेकिन तैयारी के कारण नहीं गए। अब जरूर जाकर आगे के प्रश्न पत्रों के लिए रामलला का आशीर्वाद लेंगे। बताया कि पहली बार परीक्षा दे रहे हैं, व्यवस्था बहुत अच्छी है।


प्रश्न पत्र बहुत अच्छा रहा। प्रश्न निर्धारित कोर्स से ही सवाल आए थे। आसानी से हल कर लिए गए। उम्मीद है कि मार्क्स अच्छे मिलने चाहिए। **–समीर, हाईस्कूल ।**


सरल प्रश्न मिलने से खुशी हुई। शांतिपूर्ण व्यवस्था में प्रश्न पत्र हल करने का पूरा समय था। बोर्ड परीक्षा का एक भय जो दिल में था निकल गया। **–गौरव यादव, हाईस्कूल**


बढ़िया पढ़े हुए पाठक्रम का प्रश्न पत्र पाकर अच्छा लगा। पहले प्रश्न पत्र का एक भय और रोमांच जो परीक्षा से पहले का था सुखद रहा। **–रोशनी खान,हाईस्कूल**


पहला पेपर बढ़िया रहा। बोर्ड परीक्षा का भय पहले पेपर ने ही खत्म कर दिया अब अगले प्रश्न पत्र भी अच्छे होंगे। **–निधि कुमारी, हाईस्कूल**

### 12 केन्द्र व्यवस्थापकों को नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के पहले दिन सचल दल द्वारा किए गए निरीक्षण में तमाम विसंगतियां और गड़बड़ी पाए जाने पर डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने गुरुवार देर रात 12 केन्द्र व्यवस्थापकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में तत्काल स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने अन्यथा कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### इन कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापकों को दिया नोटिस

गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,मवई कला हैरिंग्टनगंज, श्री दद्दन प्रसाद माता देवी इंटर कॉलेज, भिटारी बाबा रैनापुर, राजदत्त शुक्ला इंटर कॉलेज सरौली मिल्कीपुर, रामेश्वर सिंह इंटर कॉलेज दलपतपुर, श्री लाला राम आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली, सेनानी जगमोहन सिंह स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज मिर्जापुर निमौली, ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा, श्री राम वल्लभा इंटर कॉलेज ड्योढ़ी, पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज बरवा मोतीनगर, महाराणा प्रताप सिंह बालिका इंटर कॉलेज रामदासपुर बीकापुर, माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज उसरु अमौना और मनीराम यादव इंटर कॉलेज मजनाई मिल्कीपुर।

# हनुमान जी के जन्म स्थान से आया हूं प्रभु राम का दर्शन करने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हनुमान के जन्म स्थान से भगवान राम के जन्म स्थान पर आया हूं, रामलला के दर्शन करने। 500 वर्ष के पहले यहां रामलला का मंदिर था। उसको तोड़कर बाबरी मस्जिद बनाई गई थी। जिसे आज मोदी और योगी की सरकार ने नव्य भव्य बना दिया और इतिहास के पन्नो में नाम दर्ज कर दिया। हम सभी भाग्यशाली हैं कि नए मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। ये बातें गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम केएस ईश्वरप्पा ने कहीं।

वो महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में कुछ भी नहीं था। अब यहां बहुत कुछ है। एयरपोर्ट देखने से ही मालूम पड़ता है कि अयोध्या बहुत बदल गई है। हमारे जीवित रहते भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही आना चाहता था। अयोध्या में बहुत भीड़ थी, इसलिए नहीं आ पाया।

पूर्व डिप्टी सीएम परिवार व भाजपा की 18 सदस्यीय टीम के साथ गुरुवार सुबह करीब 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी ने राममंदिर में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।


रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री और उनके साथ आए सहयोगी। अमृत विचार

▸▸ **कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम बोले- बहुत बदल गई है अयोध्या**

### मसौधा के पूर्व सीएचसी प्रभारी को छह माह की सजा व जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएचसी मसौधा के पूर्व प्रभारी बैजनाथ यादव को कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में दोषी पाते हुए छह महीने की सजा सुनाई है। उस पर सात लाख रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि में से छह लाख 90 हजार रुपये बतौर प्रतिकर परिवादी को देने का आदेश हुआ है । यह आदेश एसीजेएम पल्लवी सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ। बंसी लाल यादव निवासी तेलिया कुआं थाना महाराजगंज का डॉ. बैजनाथ चौधरी के यहां आना-जाना था। वह बेरोजगार था। स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर डॉ. बैजनाथ चौधरी ने उससे पांच लाख रुपये नगद लिए थे। नौकरी नहीं मिलने पर बंसीलाल ने रकम की मांग की तो उन्होंने एसबीआई शाखा मसौधा का अकाउंट पेई चेक दिया। खाते में पर्याप्त निधि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। जिस पर बंसीलाल यादव ने अदालत में परिवाद दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसको विचारण के लिए तलब किया। गवाही के बाद उन्हें दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप


भाषण प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

### मातृ भाषा दिवस पर आकाश का भाषण सर्वश्रेष्ठ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय भाषा केंद्र तथा हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग की ओर से मातृ भाषा दिवस पर गुरुवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें आकाश मिश्रा ने प्रथम, द्वितीय आकाश मिश्रा और तृतीय स्थान अभीष्ट दीक्षित को मिला। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ कुल गीत से हुआ। बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय भी साझेदार रहा। संचालन डॉ .स्वाति सिंह सहायक आचार्य भोजपुरी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग ने किया। क्षेत्रीय भाषा केंद्र के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के वेल्थ मैनेजर अंकित पाठक और मैनेजर देवेंद्र उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता डॉ .प्रत्याशा मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### जिला अस्पताल में ओपीडी के निकट बन रहा दवा काउंटर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब दवाओं के लिए मरीजों को धक्के खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस के लिए ओपीडी के निकट ही दवा काउंटर बनाया जा रहा है। जल्द ही दवाओं का वितरण शुरू कराया जाएगा। जिला अस्पताल में रोज एक हजार से 1200 के करीब मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। इसमें एक तिहाई मरीज ईएनटी, आई और सर्जरी के रहते हैं। भीड़ के कारण ही तीनों ओपीडी को ब्लड बैंक के पास बने भवन में शिफ्ट किया गया। पर्चा काउंटर भी शुरू कराया गया। अब तीनों ही ओपीडी की दवा भी उसी भवन में देने पर कार्य किया जा रहा है। सीएमएस डॉ .एनपी गुप्ता के मुताबिक इमरजेंसी के सामने भी दवाओं का वितरण होता है। आर्थो, बाल रोग, फिजिशियन व चर्म रोग की ओपीडी में पहुंचे मरीज दवा ले सकेंगे, जबकि नए भवन में तीनों ओपीडी की ही दवाएं मिल जाया करेंगी।

### गृह स्वामी को गोली मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मसौधा /रानीबाजार। अयोध्या,अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर थाना पुलिस ने मानापुर मजरे खरकपुर गांव में लूटपाट में असफल होने पर गृह स्वामी को गोली मार घायल करने मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन सिंह ने गुरुवार को थाने में बताया कि 20 जनवरी को चोरी के प्रयास में गांव निवासी संतोष वर्मा को गोली मारी गई थी। पुलिस ने पीड़ित के चाचा हरिशंकर की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू की थी। पुलिस ने गुरुवार सुबह सरियावां नहर की पुलिया के पास से पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया सलोनी निवासी बनवारी, गांव गौहनिया निवासी मुरारी व बीकापुर कोतवाली के मजदूरुद्दीनपुर खजुरहट निवासी विश्राम को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त तमचा-कारतूस और गहदाला, पेंचकस ,नट बोल्ट खोलने वाला प्लास आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में इन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि संतोष के मकान के अलावा इन्होंने आजाद सिंह और रिटायर्ड सीओ राम सेन सिंह के घर चोरी का प्रयास किया था। इस दौरान सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र और थाना प्रभारी रतन शर्मा मौजूद रहे।

सीबीएसई | 12 वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर विद्यार्थियों को न कठिन लगा और न बहुत आसान, बोले–

# अच्छी तैयारी हो, तो हर पेपर लगता है आसान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सीबीएसई की 12 वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर गुरुवार को विद्यार्थियों को न तो बहुत कठिन लगा और न बहुत आसान। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार से बात करते हुए कहा कि वैसे तो इस बार पेपर मॉडरेट रहा, लेकिन अगर तैयारी अच्छी हो तो सभी पेपर आसान ही लगते हैं। पेपर देने के बाद परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था।


इस बार अंग्रेजी का पेपर पिछली बार की अपेक्षा कुछ आसान था। तैयारी की थी और पेपर भी मॉडरेट आया था। अंग्रेजी का पेपर अच्छा हुआ है। **– हिमांशु सिंह, राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल**


अंग्रेजी का पेपर गत वर्ष की अपेक्षा बहुत आसान तो नहीं लगा। इस बार पेपर थोड़ा लेन्दी था, लेकिन तैयारी अच्छी की थी, तो पेपर अच्छा हुआ। **– शिवांश राज, सनबीम स्कूल।**


पेपर उम्मीद से अच्छा हुआ है। बहुत आसान तो नहीं था, मॉडरेट था। तैयारी की थी, इस लिए आसान लगा। उम्मीद है बाकी पेपर भी अच्छे होंगे। **– सिमरन पाण्डेय, सनबीम स्कूल।**


जैसी तैयारी की थी उस हिसाब से पेपर न तो बहुत कठिन था और न ही बहुत आसान था। शुरू में लगा कि पेपर कठिन है, किन्तु बाद में आसान लगा। **– आयुषी पाण्डेय, सनबीम स्कूल**


इस साल का अंग्रेजी का पेपर आसान था। पिछले साल का कठिन था। मेरी तैयारी अच्छी थी। पेपर जैसा भी आता, आसान लगना ही था।– **अजीत कुमार, राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल।**


तैयारी अच्छी थी और अंग्रेजी का पेपर अच्छा हुआ है। वैसे इस बार पेपर ठीक-ठाक आया था। पहले तो लगा बहुत कठिन है, किन्तु बाद में असान लगा। **– पावनी पाण्डेय, सनबीम स्कूल**

### प्राप्तांक के संभावित स्वआंकलन से बचें विद्यार्थी: डॉ. मनदर्शन



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बोर्ड पेपर देकर आने के बाद अधिकांश छात्र उस प्रश्न पत्र के प्राप्तांक का स्वआंकलन व मित्रों से भी उनके संभावित प्राप्तांकों का तुलनात्मक आंकलन करने लगते हैं। यह इग्जाम फोबिया का ही एक लक्षण है। मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन के अनुसार पेपर देकर आने के बाद छात्र अति उत्साह या निराशा के मनोभाव से घिर सकता है। इससे अगले प्रश्न पत्र की प्रति लापरवाह या अतिविश्वास का भाव आ सकता है। निराशा का भाव मन में पलायनवादी विचार ला सकता है। परीक्षा बीच में ही छोड़ देने तक का मन बना सकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा समाप्त होते ही फिर उसका मन पश्चाताप व प्रायश्चित के सेकन्ड्री डिप्रैशन से घिरने लगता है। इसलिए छात्र प्रत्येक पेपर के पश्चात प्राप्तांक के स्व मूल्यांकन से बचें। उन्होंने बताया परिजन भी छात्र से सम्भावित प्राप्तांक के बारे में ज्यादा पूछताछ न करें और यदि छात्र ऐसा करता है तो उसे भी ऐसा करने से हतोत्साहित करें।

## एक नजर

### बालाजी मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

रुदौली, अयोध्या। तहसील के ग्राम सभा सरैठा में बालाजी मंदिर निर्माण के लिए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया गया। पूजन आचार्य बृजकिशोर मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। आयोजक अंकित सिंह ने बताया अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भूमि पूजन तय किया गया। नरेंद्र बहादुर सिंह, बलबीर सिंह, सहज राम गुप्ता, राम नेवाज तिवारी, महेश, महेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

### विहिप के केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक 25 से

अयोध्या। विश्व हिंदू परिषद अयोध्या मुख्यालय कारसेवकपुरम में पहली बार तीन दिवसीय केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक 25 से होगी। जिसमें देश-विदेश से लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद होंगे। कारसेवकपुरम में बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बैठक में 20 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेने आ रहे हैं इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी और संरक्षक मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। संगठन के पदाधिकारी ने इस बैठक की पुष्टि की है। 25, 26 और 27 फरवरी को बैठक होगी।

### सरकारी पेड़ काटते छह मजदूर पकड़े, ठेकेदार फरार

मसौधा, अयोध्या। नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा क्षेत्र के कैल गांव स्थित तमसा नदी के किनारे वन विभाग द्वारा रोपित हरे पेड़ों की अवैध कटान पर गुरुवार देर शाम सोहावल तहसील प्रशासन की टीम ने छापा मारा। पूरा कलंदर पुलिस ने 6 मजदूरों को पकड़ कर आरा, कुल्हाड़ी सहित अन्य औजार बरामद किए गए हैं, जबकि ठेकेदार मौके से फरार हो गया। मजदूरों को नगर पंचायत भदरसा स्थित पुलिस चौकी पर लाया गया है। जहां खबर लिखे जाने तक पूछताछ की जा रही थी। एसडीएम सोहावल अशोक सैनी ने बताया कि कटान की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल आकाश सिंह सहित टीम ने कार्रवाई की है।

# श्रद्धालुओं को मिलेगी पार्किंग और आवास की सुविधा

## राममंदिर के निकट रामकोट में 53 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी स्मार्ट पार्किंग, डारमेट्री और फैमिली रूम

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को मंदिर के निकट ही पार्किंग और आवास की सुविधा मिलेगी। इसके लिए रामकोट मोहल्ले में 53 करोड़ की लागत से ईपीसी आधार पर मशीनीकृत बहुमंजिली स्मार्ट पार्किंग का निर्माण होगा। शासन से प्रस्तावित स्मार्ट पार्किंग के निर्माण और विकास का जिम्मा मिलने के बाद नियोजन विभाग ने कवायद तेज कर दी है। काम्प्लेक्स में पार्किंग के अलावा श्रद्धालुओं की आवासीय सुविधा के लिए डारमेट्री के साथ एक, दो और तीन बेड का फैमिली रूम भी उपलब्ध कराया जाएगा।

**शासन ने नियोजन विभाग को सौंपा निर्माण और विकास का जिम्मा**

वर्तमान में प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से रामनगरी में बाईपास पर एक बहुमंजिली पार्किंग के साथ टेढ़ीबाजार क्षेत्र में पार्किंग युक्त दो मल्टी काम्प्लेक्स का संचालन किया जा रहा है। राममंदिर के निकट अभी कोई पार्किंग सुविधा नहीं है। जिसको लेकर शासन ने राममंदिर के निकट रामकोट मोहल्ला स्थित कटरा पुलिस चौकी के निकट कंजरपुर गोडियाना स्थित नजूल की 1.86 एकड़ (7335.82 वर्ग मीटर) जमीन पर कुल 474 कार क्षमता के भूतल के साथ दो-दो मंजिली स्मार्ट पार्किंग के निर्माण की योजना पर काम शुरू किया है। ईपीसी योजना के तहत कार्यदायी संस्था को परियोजना के डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य, आवश्यक सामग्री व उपकरणों की खरीद तथा निर्माण कार्य करना होगा और नियोजन विभाग ने 18 माह में निर्माण और विकास पूरा करना तथा 10 वर्षों तक मरम्मत की शर्त रखी है। जिसके लिए नियोजन विभाग ने निविदा जारी की है। योजना में भूतल व प्रथमतल पर कुल 11 दुकानों का निर्माण भी किया जाना है। साथ ही भविष्य में इस पर एक और तल के निर्माण का प्रारूप तैयार किया गया है।



राममंदिर के निकट इसी स्थान पर होगा बहुमंजिली आधुनिक पार्किंग का निर्माण।

### आवासीय भवन में होंगी ये सुविधाएं

स्मार्ट पार्किंग परिसर में बनने वाले बेसमेंट के साथ दो मंजिला आवासीय भवन के बेसमेंट में पुरुषों के लिए 128 और महिलाओं के 112, ग्राउंड फ्लोर पर पुरुषों के लिए 28 क्षमता व महिलाओं के लिए आठ क्षमता की डारमेट्री के साथ किचन, स्टोर, वॉश एरिया व टायलेट, ग्राउंड फ्लोर पर पुरुषों के लिए दो तीन बेडयुक्त फैमिली रूम और महिलाओं के लिए दो-एक बेडरूम सेट, रिसेप्शन एवं वेटिंग एरिया। प्रथम तल पर कॉमन टायलेट युक्त पुरुषों के लिए 32 व महिलाओं के लिए 20 क्षमता का केबिन रूम सेट का निर्माण कराया जाना है। साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर इलेक्ट्रिक रूम और सुरक्षा गार्डों के दो कक्ष बनाये जाएंगे। सभी व्यवस्थाओं को महिला-पुरुष के साथ दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा और सहूलियत के अनुरूप विकसित करने की योजना है।

### सोलर सिस्टम और न्याय के देवी की मूर्ति भी लगेगी

आवासीय भवन और बहुमंजिली पार्किंग के अलावा परिसर में ग्रीन लॉन, सजावटी पेड़-पौधे, फौव्वारा तथा न्याय की देवी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। साथ ही दो गेट युक्त बाउंड्रीवाल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विद्युत सब स्टेशन, 320 केवीए का डीजी सेट, 30 केवीए का यूपीएस सिस्टम, 32 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम, दो लिफ्ट, अग्निशमक सिस्टम, स्ट्रीट लाइट, समरसेबिल बोरिंग, रोड, पेयजल सप्लाई, फुटपाथ अंडरग्राउंड वाटर टैंक आदि की स्थापना और निर्माण कराया जाएगा। सुरक्षा और मशीनीकृत कार पार्किंग के संचालन के लिए सीसीटीवी और लैन सिस्टम तथा कमरों और डारमेट्री में फर्नीचर का काम होना है।

### कितने वर्ग मीटर में होगा किसका निर्माण

| | |
|---|---|
| डारमेट्री एक | 1029.46 वर्ग मी. |
| डारमेट्री दो | 639.23 वर्ग मी. |
| लेट ब्लॉक | 87.00 वर्ग मी. |
| दुकान भवन | 495.64 वर्ग मी. |
| सुरक्षा गार्ड कक्ष | 18.00 वर्ग मी. |
| मशीनीकृत पजल कार पार्किंग | 8824.50 वर्ग मी. |

## बेटियों पर बेटों की तरह ही करें गर्व : डॉ. आलोक

अयोध्या, अमृत विचार : हमारा मंत्र होना चाहिए कि बेटा-बेटी एक समान। हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह ही गर्व होना चाहिए। ये बातें मुख्य वक्ता आचार्य नरेंद्र देव किसान पीजी कॉलेज बभनान के सहायक आचार्य डॉ. आलोक ने गुरुवार को कहीं। वो अवध विवि के महिला अध्ययन केंद्र और महिला शिकायत व कल्याण प्रकोष्ठ के अंतर्गत माधवपुर मसौधा में महिला सशक्तिकरण में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका पर गुरुवार को आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। मौजूद सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बेटी के जन्मोत्सव पर पांच पौधे लगाएं। संचालन डॉ. मनीषा ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिकेश, डॉ. स्नेहा पटेल, गायत्री, वल्लभी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने मांगी लंबित कार्यों की सूची

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावित शासन में लंबित कार्यों की सूची मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कार्यदायी विभागों के अधिकारियों से तलब की है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सूची बनाकर दी जाए, ताकि शासन में पैरवी कर कार्यों को स्वीकृत करा लिया जाए। अयोध्या में प्रस्तावित विकास कार्यों की आयुक्त सभागार में समीक्षा करते हुए गौरव दयाल ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन प्रमुख पथों यथा- अवध आगमन पथ, क्षीरसागर पथ व निर्माणाधीन 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के कार्यों में तेजी लाई जाए। जो भी बाधाएं हो उनका तत्काल निराकरण कराया जाए।


बैठक के दौरान मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अवध आगमन व क्षीरसागर पथ के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

मंडलायुक्त ने कहा कि परिक्रमा मार्गों के सभी लिंक मार्गों व अन्य प्रमुख मार्ग का जिलाधिकारी व नगर आयुक्त संयुक्त निरीक्षण कर लें। आगामी भीड़ के दृष्टिगत सुगम यातायात के लिए उनकी चौड़ाई निर्धारित कर लें। चौक को जोड़ने वाले सभी मार्गों के सौंदर्यीकरण के संबंध में अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को प्रस्तुतीकरण बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण में कोई बाधा नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के शहर वाले हिस्से का निर्माण कार्य आगामी रामनवमी से पूर्व कर लिया जाए।

## हेल्प डेस्क पर चस्पा हुए विधिक सहायता के पोस्टर

अयोध्या। आमजन को क़ानूनी मदद उपलब्ध कराने की शासन की मंशा को परवान चढ़ाने के लिए जनपद पुलिस की ओर से सभी थाना व कोतवाली में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर निशुल्क विधिक सहायता-संवैधानिक अधिकार के पोस्टर चस्पा कराये गए हैं। एसएसपी राजकरन नय्यर ने गुरुवार को बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों के निस्तारण के लिए महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिला इकाईयों का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों के नियंत्रण, अनुश्रवण तथा जागरुकता सम्बन्धी कार्यों का संचालन किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप


गुजरात से बसवार खुर्द पहुंचा गुजरात का दल।

### गुजरात से 30 सदस्यीय दल पहुंचा, हाइड्रोपोनिक खेती देखी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम बसवार खुर्द में गुजरात के अमरोली जनपद से सहकारी बैंक के निदेशक मंडल का 30 सदस्यीय दल गुरुवार को अध्ययन के लिए पहुंचा। दल के साथ नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की उप महाप्रबंधक विदिशा डोरा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक कमलेश यादव, विषय वस्तु विशेषज्ञ उदिता अग्रवाल भी रहीं। समूह ने बसवार खुर्द में हरिश्चंद्र चौरसिया के यहां स्थापित हाइड्रोपोनिक सिस्टम का अवलोकन किया। निदेशक मंडल में मनीष कुमार, शेषपाल, गीता कुमारी सहित 30 लोगों ने कृषि क्षेत्र का अवलोकन कर फसलों और उनके उत्पादन पर अध्ययन किया। नाबार्ड की उप महाप्रबंधक विदिशा डोरा ने कहा कि बढ़ती हुई आबादी को बढ़िया भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में हाइड्रोपोनिक विधि किसानों के लिए राम बाण सिद्ध हो रही है। हरिश्चंद्र चौरसिया, जमुना प्रसाद, महेंद्र चौरसिया, सचिन चौरसिया, राहुल चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### उपचार में आई नई तकनीकों के बारे में दी जानकारी

अयोध्या, अमृत विचार : सिविल लाइंस स्थित एक होटल में सीएमई का आयोजन हुआ। इसमें चिकित्सकों ने अपने अनुभवों व तकनीकों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एफबी सिंह ने की। आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय ने बताया कि सीएमई में चंदन हॉस्पिटल के स्पाइन सर्जन डॉ. संदीप केशरवानी ने स्पाइन सर्जरी की उपयोगिता और जरूरतों के बारे में विस्तार से बताया। कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. आदित्य एल्हेंस ने कैंसर के उपचार में आई नई तकनीकों के साथ स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रीतेष पांडेय ने एंजियोप्लास्टी व पेशमेकर की जरूरत के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. जीके पांडेय, डॉ. मधुकर, डॉ. आफरोज खान, डॉ.भुवन, डॉ. प्रवीण मौर्य, डॉ. संजय पांडेय समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

### लोस चुनाव में बूथ निर्धारण को लेकर हुई बैठक

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के अतिसंवेदन, संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित करने के लिए कोतवाली रुदौली में उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने गुरुवार को बैठक की। उपजिलाधिकारी ने बताया विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण सभी थाना प्रभारी, चौकी और हल्का प्रभारी, बीट सिपाही कर लें। राजनैतिक,पार्टीबंदी से पैदा होने वाली संवेदनशीलता की जानकारी करें। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने कहा संवेदन,अतिसंवेदन शील मतदान केंद्र समय पूर्व में चुनाव में गांव,क्षेत्र की सही जानकारी करें। तहसीलदार राजेश वर्मा,नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक रुदौली देवेंद्र सिंह, बाबा बाजार राजेश सिंह,थाना प्रभारी मवई आशा शुक्ला,थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश मौजूद रहे।

### संविदा के दो परिचालक व एक चालक का हुआ तबादला

अयोध्या, अमृत विचार : परिवहन बिगम मुख्यालय ने पारस्परिक सहमति के आधार पर परिक्षेत्र के दो संविदा परिचालक और एक चालक का गैर क्षेत्र तबादला किया है। निगम मुख्यालय के प्रधान प्रबंधक कार्मिक आशिक कुमार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक परिक्षेत्र के अमेठी डिपो में तैनात संविदा परिचालक दीपक पांडेय का हरदोई क्षेत्र, संतोष कुमार का लखनऊ क्षेत्र तथा संविदा चालक संदीप कुमार सिंह का लखनऊ क्षेत्र तबादला किया गया है। सीतापुर में तैनात योगेश श्रीवास्तव व रायबरेली डिपो में तैनात चालक श्रीनाथ सिंह को अयोध्या परिक्षेत्र में तैनात किया है।

### फर्जी महज्जरनामा तैयार करने में केस दर्ज करने के आदेश

अयोध्या, अमृत विचार : फर्जी महज्जरनामा तैयार करके मंदिर हड़पने के एक मामले में कोर्ट ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश किया है। यह आदेश एसीजेएम प्रथम आमिर सुहैल की अदालत से गुरुवार को हुआ है ।इसमें पंचमुखी हनुमान मंदिर गुप्तार घाट के विमल कृष्ण दास छोटी छावनी के महंत कमल नयन दास, राम वल्लभा कुंज जानकी घाट के राजकुमार दास, वीरेंद्र राय व संजय यादव का नाम शामिल है। यह आदेश चतुर्भुज दास उर्फ चंदा बाबा की अर्जी पर हुआ है। चतुर्भुज दास के अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चतुर्भुज दास लक्ष्मी नरसिंह मंदिर गुप्तारघाट के सर्वराहकार हैं और सरकारी अभिलेखों में भी दर्ज हैं। विपक्षी कमल नयन दास के संरक्षण में सभी विपक्षी छोटे-बड़े मंदिरों के सर्वराहकार व महंतों को मारपीट कर उनकी हत्या करके मंदिरों पर कब्जा कर लेते हैं ।महज्जरनामा बनाकर झूठी और फर्जी गवाही द्वारा उसकी उसे पंजीकृत करवाना इनका काम है। मंदिर लक्ष्मी नरसिंह मंदिर का सर्वराहकार बनने के लिए विमल कृष्ण दास महज्जरनामा बनाने की साजिश रखी। इसमें सभी विपक्षी शामिल थे ।इसकी जानकारी होने पर शिकायत उप निबंधक सदर के यहां 20 दिसंबर 2022 को की गई थी, लेकिन 26 दिसंबर को फर्जी 10 लोगों के हस्ताक्षर के सहारे तथा कथित महज्जरनामा पंजीकृत कर लिया। इस पर लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के पुजारी बजरंगदास चेला बलराम दास का हस्ताक्षर मृत्यु के बाद भी गवाह के रूप में बनाया गया है। जिन 10 लोगों ने हस्ताक्षर बनाए हैं वह सारे हस्ताक्षर फर्जी है। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है।

### किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या,अमृत विचार : कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र से एक किशोरी को बहलाफुसलाकर अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सहादतगंज यशवंत द्विवेदी ने बताया कि 26 जनवरी को दराबगंज में किराये का कमरा लेकर रहने वाले पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रयागराज के थाना थवरई निवासी मो. तसरीफ उनकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया। पुलिस ने अगवा किशोरी को बरामद किया था और अब कचहरी गेट के पास से नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### प्रसव कराने में मेडिकल कॉलेज व महिला अस्पताल अव्वल

अयोध्या, अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने होने की जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक की शासन को भेजी गई रिपोर्ट शासन में सरकारी अस्पतालों में 96 फीसदी प्रसव हुए हैं। जिले के महिला अस्पताल लक्ष्य 2804 में से 2882 प्रसव और मेडिकल कॉलेज ने 1060 के प्रसव करा सूची में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि जिन अस्पतालों में लक्ष्य से कम प्रसव हुए हैं, वहां इस वर्ष लक्ष्य प्राप्त करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### बच्चे पर कुत्ते ने किया हमला, घायल

अयोध्या,अमृत विचार : जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में एक कुत्ते ने एक बच्चे पर हमला बोल सिर से दो जगह का मांस नोच लिया। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पूरे कामगार निवासी सुमित( 6 ) गुरुवार सुबह अपने गांव के बाहरी छोर स्थित मंदिर पर खेल रहा था। इसी दौरान एक कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे के रोने-चिल्लाने की आवाज पर आसपास के लोग दौड़े और कुत्ते को खदेड़ा और मामले की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद खून से लथपथ बच्चे को लेकर उसका परिवार जिला अस्पताल पहुंचा। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अनिल वर्मा ने परीक्षण किया तो पता चला कि बच्चे के सिर में दो जगह छह इंच और चार इंच का घाव हुआ है। कुत्ता मांस को नोच लिया था जिसके चलते बच्चे के एक जगह आठ और दूसरी जगह पांच टाँके लगाने पड़े। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को वापस घर भेज दिया गया।

# 108 कलशधारी महिला और 1700 ब्राह्मणों ने की अंतर्ग्रही यात्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में पवित्र सरयू नदी के तट पर अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में लक्ष्य चंडी महायज्ञ, लक्ष्य गणपति महायज्ञ व श्रीराम महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ गुरुवार को आगाज हुआ। सरयू तट पर बने दो किलोमीटर लंबे भव्य पंडाल में 100 कुंडीय मंडप में मौजूद मुख्य यजमान तिलक राज शर्मा सहित अन्य यजमानों ने अयोध्या के विकास, राष्ट्रहित व योग्यता के अनुरूप शिक्षा के विकास का संकल्प लिया।


यात्रा में शामिल संत। अमृत विचार

अनुष्ठान की व्यवस्थापक माता चिदानंदमयी ने बताया कि दोपहर लगभग दो बजे वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिए वरुण पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंतर्ग्रही कलश शोभा यात्रा में 1700 ब्राह्मण विद्वान मौजूद रहे। इस दौरान 108 कलश धारी महिलाएं सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त भी शामिल हुए। पहले दिन के अनुष्ठान में मुख्य रूप से स्वामी प्रकाश महाराज सहित महायज्ञ के आयोजक डॉ. स्वामी राघवाचार्य महाराज के साथ राजेश अग्रवाल, दर्शन गुप्ता, कमल किशोर चौधरी, प्रवीण नेमानी, मनीष गर्ग, राघवेंद्र मिश्रा, शिबू मिश्रा, इंदु शुक्ला, कनिष्क मेहता, गौरी शंकर भारद्वाज, सीताराम बडोनी मौजूद रहे।

## लखनऊ, मेरठ, अयोध्या और आजमगढ़ मंडल सेमीफाइनल में

अयोध्या कार्यालय। प्रदेशीय सबजूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर लखनऊ, अयोध्या, मेरठ व आजमगढ़ मंडल टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में हो रही प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में मेरठ मंडल ने आगरा पर जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में लखनऊ मंडल ने बरेली को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरे क्वार्टर में अयोध्या मंडल ने वाराणसी को हरा कर अंतिम चार में जगह बनाई। चौथे क्वार्टर मुकाबले में आजमगढ़ मंडल ने देवीपाटन मंडल को हरा कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हैंबॉल कोच मो. तौहीद, पर्यवेक्षक बैज नाथ यादव, रैफरी पैनल के इंचार्ज नफीस अहमद, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद अन्सारी, सीडी सिंह सहित प्रशिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।


राम मंदिर के सामने बने मंडप में अनुष्ठान किया गया। अमृत विचार

## रामलला का हुआ अभिषेक, उद्यमी ने अर्पित किया स्वर्ण हार

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से प्रारंभ हुए मंडपोत्सव का एक माह पूरा होने पर गुरुवार को रामलला के गर्भगृह सहित उत्सव मंडप में विशेष अनुष्ठान हुआ। पूजन के दौरान सुंदरकांड का पाठ और रजत कलश से रामलला का अभिषेक किया गया। इस दौरान हैदराबाद के एक उद्यमी ने रामलला को स्वर्ण हार समर्पित किया। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के एक माह पूरे होने पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। रामजन्मभूमि परिसर में संचालित महामंडपोत्सव के क्रम में राममंदिर के ट्रस्टी जगद्गुरु विश्व प्रसन्न तीर्थ के सान्निध्य में रामलला की रजत प्रतिमा का विधिविधान पूजन हुआ। इसके बाद वाद्य यंत्रों के साथ मौजूद भक्तों ने रामलला को रजत पालकी में परिसर का भ्रमण कराया।


उद्यमी की ओर से दिया गया स्वर्णहार।




## गाजे बाजे के साथ निकली तीर्थांकर धर्मनाथ की शोभायात्रा

सुचित्तागंज, अयोध्या। अमृत विचार : तीर्थांकर भगवान धर्मनाथ की जन्मस्थली दिगम्बर जैन मंदिर रत्नपुरी से गुरुवार को रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसके साथ बड़ी संख्या में अनुयाई, भक्त मौजूद रहे। अयोध्या की कमेटी के अमर चंद जैन, विजय कुमार जैन की अध्यक्षता ने निकली शोभायात्रा के लिए गुरुवार सुबह ही दिगंबर जैन मंदिर के भक्त इकट्ठा होने लगे। जन्मकल्याणक आर्यिका प्रमुख गणनी ज्ञानमती तथा चंदनामती माता के सानिध्य और स्वामी रविंद्र कीर्ति के नेतृत्व में धर्म पताका के साथ भगवान धर्मनाथ पद्मासन स्वेतवर्णी प्रतिमा का पंचामृत से स्नान अभिषेक कराया गया। जैन धर्म के दिल्ली राजापुरी, भिटरिया, बाराबंकी,कानपुर लखनऊ आदि शहरों सहित गैर प्रांतो से से आए अनुवाईयो ने रथयात्रा एवं चवर चलाने तथा माता ज्ञानमती की पालकी उठाने के लिए सहयोग करने की बोलियां लगाई। चिनहट से आए पारस जैन तथा परमेंद्र जैन की देखरेख में अमरचंद, हेमचंद, नेमचंद जैन द्वारा सहयोग किया गया। धर्मनाथ रत्नपुरी से शुरू हुई शोभा यात्रा रौनाही स्थित पीतांबर जैन मंदिर तक पहुंचने में स्थानीय ग्रामीणों एवं भक्तों द्वारा स्वागत किया गया।

# नई तकनीक से मिलेगी कृषि जगत को नई पहचान

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** कृषि में नई तकनीकों की पहचान करने के साथ-साथ नई प्रजातियों को विकसित करने की जरूरत है। नई तकनीक के प्रयोग से किसानों को भी अधिक से अधिक लाभ होगा। फसलों की अच्छी पैदावार के लिए रोग प्रतिरोधक प्रजातियों को विकसित करने पर कार्य करना होगा।


विशिष्ट कार्य के लिए कृषि वैज्ञानिकों को सम्मानित करते कुलपति। अमृत विचार

यह बातें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को कहीं। वे अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अंतर्गत सब्जी फसलों पर 42वीं वार्षिक समूह की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं मानव शक्ति की कमी के बावजूद एक्रिप द्वारा अनुसंधान का कार्य किया जा रहा है। आज का समय प्राकृतिक एवं जैविक खेती का है जिसके लिए हम सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहायक उप महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय ने कहा कि कृषि में विकास के लिए जैविक, प्राकृतिक एवं अनुसंधान आधारित खेती को अपनाने की जरूरत है। नए जर्मप्लाज्मा के विकास, आवश्यकता आधारित अनुसंधान को बढ़ाना होगा।भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के निदेशक डॉ. टीके बहेरा ने कहा कि सब्जियों की अच्छी पैदावार के लिए रोग प्रतिरोधी गुणवत्तापूर्ण बीजों का उत्पादन और सब्जियों के जर्मप्लाज्म को बढ़ाना होगा। अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। आईआईवीआर वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के सिंह, आईआईवी आर के परियोजना समन्वयक डॉ.. राजेश कुमार ने विचार व्यक्त किए।

# रामोत्सव : कथक, कठपुतली और बिरहा सब रंगे है राम में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम कथा पार्क में बुधवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रथम प्रस्तुति के रूप में विभा नौटियाल और उनके दल ने कथक नृत्य शैली में सियाराम नृत्य नाटिका प्रस्तुत करके दी।

प्रस्तुति में सीता जन्म संवाद से और उसके पश्चात मिथिला मगन भाई गीत पर कथक नृत्य, सिया स्तुति संवादों के द्वारा और कत्थक तराना शुद्ध कत्थक के रूप में प्रस्तुत किया। काशी से आई शुभांगी सिंह और उनके दल ने भरतनाट्यम नृत्य की शुद्ध प्रस्तुति दी। रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों को संक्षिप्त रूप में इन कलाकारों ने बेहद भावपूर्ण ढंग से मंच पर संजीव कर दिया। उत्तराखंड से आई सरिता बनोला और उनके दल के कलाकारों ने उत्तराखंड की सादगी और निष्ठा को थड़िया या चौपाला लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इन्हीं कलाकारों ने भगवती नंदा देवी की आराधना में एक लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया।


रामकथा पार्क में बुधवार रात प्रस्तुति देतीं कलाकार।

प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कठपुतलियों के माध्यम से वाल्मिकी ऋषि के आश्रम की कथा बेहद रोचक अंदाज में कही। प्रयागराज से आए जंगबली यादव मंच पर अपने दल के साथ प्रस्तुति दी। संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिह्न प्रदान करके किया।

## जहां बोलो जयकारे मैया की प्रस्तुति पर झूमे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामकथा पार्क में आयोजित हो रही भजन और सांस्कृतिक संध्या में बुधवार शाम कई प्रस्तुतियां हुईं। लखनऊ के ऋषि राज पाण्डेय ने भक्तों को भक्ति भाव में सराबोर करते हुए तेरी मंद मंद मुस्कनिया..., ये चमक ये दमक फूलवन सी महक..., हर पल तुम्हारी याद आती रहे राघव... की प्रस्तुति दी। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप रखने वाले दीनबंधु सिंह ने जहां बोलो जयकारे मैया अंजनी के लाल की राम के दुलारे वीर बजरंग विशाल की...,जन्म हो रघुराया अवधपुरी, शक्ति बाण लागल लक्ष्मण के रोवेले रघुराई अंखियां खोल बबुआ... की प्रस्तुति दी। अरुणा उपाध्याय ने जगदम्बा महारानी,बधाई गीत आदि की प्रस्तुति दी ।व्यवस्थापन का कार्य देख रहे विश्व प्रकाश उर्फ रूपन ने बताया कमलेश पाठक के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रभु श्री राम के शरण में नित्य नई प्रस्तुतियां हो रही हैं। अमर सागर, रवि यादव, मुनीश, अतुल, अमर सागर, राहुल अगरहरि युवराज तिवारी, चंद्र शेखर पाण्डेय, चंद्रेश पाण्डेय, सत्यम शिवम आदि मौजूद रहे ।संचालन विश्व प्रकाश रूपन ने किया।


कलाकारों को सम्मानित करते विश्व प्रकाश रुपन।

## फूलों से सजा खाटू श्याम का दरबार, लगाया 56 भोग

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : नगर के नयागंज मोहल्ले में वेद प्रकाश सदन में बुधवार रात श्री श्याम ताली कीर्तन मंडल द्वारा भजन संध्या आयोजित की गई। गणेश वंदना के साथ श्याम भजन संध्या का प्रारंभ हुई। बाबा का भव्य श्रृंगार और 56 भोग लगाया गया। रोहित कौशल, सूरज सोनी, नीरज शर्मा और पंकज आर्य व कानपुर के मुकेश कसौधन ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पर फूलों की होली भी खेली गई। विधायक के पुत्र आलोक यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता, राज किशोर सिंह,दुर्गेश श्रीवास्तव और श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। संचालन शैलेंद्र शर्मा ने किया। संरक्षक पंडित जुगल किशोर शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# वंदन योजना के तहत होगा पौराणिक स्थलों का जीर्णोद्धार

## जनपद को मिले 393.85 लाख, दो पौराणिक स्थलों पर चल रहा कार्य

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के नगरीय क्षेत्र स्थित सांस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास के लिए वंदन योजना के तहत जनपद के नगर पालिका अकबरपुर में स्थित शिव बाबा मेला क्षेत्र में सुविधाओं के कार्य विश्रामालय, वॉटर किवोस्क, साइनेज, छादक और प्रकाश व्यवस्था व इंटरलॉकिंग के लिए 200 लाख रुपए और नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में स्थित बुढिया माता मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य के तहत संपर्क मार्ग, विश्रामालय, वाटर किवोस्क, साइनेज, छादक और प्रकाश व्यवस्था, सुंदरीकरण, इंटरलॉकिंग के लिए 193.85 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



बता दें कि बीते वर्ष 10 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में शहरी निकायों में स्थित सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए वंदन योजना को स्वीकृति दी गई है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत इन स्थलों पर लाइटिंग, पेयजल, टॉयलेट, साफ.-सफाई, लिंक रोड और बेंच सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी कमेटी प्रत्येक वर्ष ऐसे 2-2 स्थलों का चयन करेगी। योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

### पौराणिक स्थलों के बारे में दें जानकारी

जिलाधिकारी द्वारा लगातार सार्थक प्रयास जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा है। इसी क्रम में वंदन योजना के तहत भी जनपद के दो पौराणिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। डीएम ने कहा कि यदि जनपद में कोई भी पौराणिक स्थल जीर्णोद्धार लायक हो तो उसे संज्ञान में लाया जाए। जनपद के सभी पौराणिक स्थलों का विभिन्न योजनाओं के तहत जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

### शिव बाबा धाम के लिए 123.87 रुपये स्वीकृत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के विकासखंड अकबरपुर में शिव बाबा के पर्यटन विकास कार्य के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 124 .86 लाख का आगणन वित्तीय वर्ष 2023-24 में भेजा गया था। इस संबंध में कार्यदायी संस्था नामित करते हुए अप्रेजल समिति द्वारा 123 .87 लाख रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रथम किस्त के रूप में 50 लाख रुपए अवमुक्त किए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयास से जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। अंबेडकरनगर विश्व प्रसिद्ध अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर पर्यटन की असीम संभावना बन रही है। जिलाधिकारी द्वारा श्रवण धाम क्षेत्र, दरवन झील, पुंथर झील सहित अनेक जल संचय स्रोतों और पौराणिक स्थलों का चिन्हांकन कर लगातार शासन को पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा भी जनपद के विकास के लिए प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति भी लगातार दी जा रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां एक तरफ देश-विदेश के पर्यटक जनपद में आएंगे। वहीं, दूसरी तरफ इससे जनपदवासियों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे काफी लाभ मिलेगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मजदूर का शव

**आलापुर, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मामला राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कम्हरियाघाट का है। बुधवार की देर रात स्थानीय ग्रामीणों ने पुल के नीचे एक युवक का शव देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। गुरुवार की सुबह शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के सिकरौरा कंचनपुर गांव निवासी राजेश (45 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय कंता के रूप में हुई। बुधवार को घर से निकले थे और वापस नहीं आए। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। नौजवान भारत सभा के मित्रसेन, बिंद्रेश समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं ने परिवारीजनों को ढांढ़स बंधाया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद में महरुआ थाना क्षेत्र में एक गांव में दलित नाबालिग को खेत में बुलाकर दुष्कर्म करने वाले दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है।

पुलिस ने देर रात दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम दिनेश चौहान पुत्र काशी प्रसाद चौहान, गोपी चौहान पुत्र धनध्याम निवसी मंशापुर करौना बताया है। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर पुलिस की चार टीमें दुष्कर्म के फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। जनपद में नाबालिग दलित किशोरी के साथ तीन दोस्तों द्वारा गैंगरेप की घटना बीते बुधवार को सामने आई थी। पुलिस ने पीडिता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश के लिए एसपी के निर्देश पर चार टीमों का गठन किया गया था। देर रात मुखबिर की सूचना पर दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अभय मौर्य ने बताया कि आरोपियों को सेमरी मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### यह था मामला

महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग दलित किशोरी को गांव के ही एक लड़के ने शादी का झांसा देकर फोन कर खेत पर बुलाया। लड़की के खेत पहुंचने पर लड़के के साथ उसके दो दोस्त भी वहां मौजूद थे। तीनों ने जबरन नाबिलग से दुष्कर्म किया और उसे घर के पास यह कहकर छोड़कर चले गए कि दो-तीन दिन बाद शादी करेंगे। लड़की जब घर पहुंची तो इसकी जानकारी अपनी मां को दी। मां उसे लेकर थाने पहुंची और तीनों लडकों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी।

### लापता वृद्ध का नदी में उतराता मिला शव

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बिड़हर खास गांव के 80 वर्षीय लापता वृद्ध का शव ग्रामीणों की खोजबीन के बाद तीसरे दिन नदी में उतराता मिला। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बिड़हर खास गांव का है। गांव निवासी 80 वर्षीय वृद्ध बंशराज मौर्य सोमवार सुबह 4 बजे टहलने के लिए निकले थे। कई घंटे बाद जब वह वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की, घर से कुछ ही दूरी पर स्थित बिड़हर नदी घाट के किनारे बंशराज की चप्पल मिली। अनहोनी की आशंका पर थाने पहुंचे परिजनों ने मामले की लिखित तहरीर दी। ग्रामीणों ने बताया कि लापता वृद्ध का शव नदी में ही उतराता मिला।

## नगर पंचायत में 74 लाख का बजट पारित

**बोर्ड की बैठक**

- चेयरमैन ने 31 मार्च तक गृहकर में 25 फीसी की छूट के साथ साफ-सफाई, आरओ मशीन को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

बसखारी, अंबेडकरनगर



बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन ओमकार गुप्ता, ईओ विनय द्विवेदी व सभासद।

**अमृत विचार :** गुरुवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष ओंकार गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में 74 लाख रुपये लाभ का बजट प्रस्तुत करने पर सभासदों ने बजट का स्वागत किया।

बैठक को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए अध्यक्ष ओमकर गुप्ता और अधिशाषी अधिकारी विनय द्विवेदी ने बोर्ड बैठक में मौजूद सभी सदस्यगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया। बजट 74 लाख रुपये लाभ का बताते हुए प्रस्तुत किया गया जिसे सभासदों ने हर्ष ध्वनि से पास कर दिया। इसी के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत जल निगम द्वारा पाइप लाइन विस्तार और पानी टंकी का निर्माण, 1 से 31 मार्च तक गृहकर वसूली में 25 फीसदी की छूट का प्रस्ताव बोर्ड की सहमति से पास किया गया। इस दौरान प्रदीप कुमार, मोनू निषाद, मायाराम, सुभाष निषाद, लालमन, राम जी, सुनीता, ज्योति गुप्ता, मीरा रानी, सफरूल निशा आदि कई सभासद, लिपिक अभिषेक यादव आदि रहे।

### पटरियों का अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

नगर क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर पटरियों पर हुए अतिक्रमण को हटाने और नगर क्षेत्र में शब-ए-बारात व रमजान के अवसर पर समस्त मस्जिदों के पास बेहतर साफ -सफाई व्यवस्था और चूने का छिड़काव करने के निर्देश नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिए।

### पिकअप की चपेट में आने से व्यवसायी की मौत

**आलापुर/जहांगीरगंज, अमृत विचार :** दुकान बंद करके घर लौट रहे युवक की पिकअप वाहन से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नरियांव सिकंदरपुर मार्ग पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट का है। बताया जाता है कि पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के रतुआपार गांव निवासी 26 वर्षीय रवि सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह नरियांव में अपने किराने की दूकान को बंद करके बुधवार की देर शाम साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरियांव के निकट पहुंचने पर वह सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन की चपेट में आ गए। जिसके चलते रवि सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित परिजनों की ओर से अभी उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 286/न0पं0कि0/टैक्सी स्टैण्ड नीलामी/2023–24 दिनांक 20.2.2024

**बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/ पड़ाव की नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला / पड़ाव की वसूली का ठेका वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03. 2025) तक के लिए नीलामी दिनांक–28.02.2024 को समय 1:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय में की जायेगी, यदि किसी कारणवश दिनांक 28.02.2024 को नीलामी पूर्ण नहीं पायी तो ऐसी स्थिति में पुनः दिनांक–29.02.2024 को की 1:00 बजे की जायेगी। उक्त दिनांक को नीलामी पूर्ण न हो पाने के कारण दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक नीलामी पूर्ण होने तक की जायेगी। इसके लिए अलग से कोई अन्य विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलामी निर्धारित तिथि को नीलामी प्रारम्भ होने के 02 घण्टा पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित रू0=60,00,000=00 (रूपये साठ लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, जीएसटी, आधार कार्ड, पैन कार्ड कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, तथा रू0 5,00,000=00 (रूपये पांच लाख मात्र) नगद जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र के जो उपरोक्त में निर्धारित है, के पॉवर ऑफ अटार्नी (पंजीकृत ही मान्य है, यदि पंजीकृत नहीं है तो बोली में भाग नहीं ले सकता है) पर ही नीलामी में भाग ले सकता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी की स्वीकृति पश्चात नियमानुसार भारतीय स्टाम्प देय (बी) अधिनियम की धारा 2(16) अनुसूची 1 की अनुच्छेद 35 के तहत स्टाम्प देय (बी) अनुच्छेद 23 के अनुसार स्टाम्प / सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अम्बेडकरनगर द्वारा स्टाम्प शुल्क निर्धारित किया जायेगा। उतनी ही धनराशि का स्टाम्प शुल्क अधिकतम बोलीदाता को अपने नाम से खरीदकर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी में कोई भी नीलामी बोलीदाता एक बार में 50 हजार से अधिक एवं 20 हजार से कम के अन्तर की धनराशि की बोली नहीं बोल सकता। तथा सभी बोली दाताओं द्वारा निकाय द्वारा निर्धारित सरकारी बोली से कम की बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। बोली प्राप्तकर्ता व्यक्ति इस नीलामी की शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन वसूली का अधिकार प्राप्तकर्ता को होगा, वह किसी भी दशा में इन शर्तों एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

**टैक्सी स्टैण्ड / पड़ाव नीलामी शर्त / प्रतिबन्ध**

1– अधिकतम बोलीदाता की अग्रिम जमा जमानत धनराशि रोककर शेष ठेकेदारों की धनराशि वापस कर दी जायेगी।

2– यह कि नीलामी की धनराशि का 1/2 धनराशि एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा। अवशेष धनराशि इस प्रकार किस्तों में जमा करना होगा, कि जनवरी 2025 तक समस्त धनराशि नगर पंचायत कोष में ठेकेदार द्वारा जमा कर दी जाय। यदि इसका उल्लघंन किया जाता है तो ठेका निरस्त कर भू–राजस्व की भाति बकाया वसूल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

3– यह कि ठेकेदार द्वारा शर्तो का पालन और देय स्टाम्प पर अनुबन्ध जब तक नहीं करता है उस अवधि में नगर पंचायत अपने कर्मचारियों द्वारा वसूल की गयी धनराशि जो भी हो, वह ठेकेदार की नीलामी धनराशि में समायोजन नहीं की जायेगी।

4– अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार ठेकेदार को वसूल करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। वाहनों से वसूली कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही की जायेगी। इसमें किसी प्रकार का विचलन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

5–नीलामी में वहीं ठेकेदार भाग लेगा जो नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का बकायेदार नहीं है।

6– नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पंचायत एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा।

7– ठेकेदारों द्वारा यदि वसूली में किसी प्रकार की अनियमितता करते पाई गयी तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8– ठेकेदारों द्वारा वाहनों को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किग स्थलों पर ही खड़ा कराया जायेगा, उसमें प्रकाश, पेयजल, सेड, शौचालय की व्यवस्था निकाय द्वारा अपने संसाधान से कराया जायेगा। पार्किग स्थलों के अतिरिक्त अन्यत्र स्थलों पर वाहनों को खड़ा कर वसूली करने पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9– यह कि ठेकेदार को ठेका स्वीकृति होने के बाद जिन कर्मचारियों को वसूली हेतु लगाया जायेगा। उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा।

10–ठेके की स्वीकृति अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

11– यह कि नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति नीलामी के समय तक नीलामी कक्ष से बाहर नहीं जायेगा एवं नीलामी अवधि में बोलीदाताओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग नहीं किया जायेगा, जिसका पालन बोलीदाता को करना अनिवार्य होगा। यदि धारा 11 का उल्लंघन किसी भी बोलीदाता द्वारा किया गया तो, नीलामीकक्ष से बाहर जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

12–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के सम्बन्ध में समय समय पर जारी आदेश ठेकदार को मानना अनिवार्य होगा।

13–किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में सरकार द्वारा दिये गये आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।

14–नीलामी के विषय में विस्तृत जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अन्य शर्ते एवं शासन के जो भी निर्देश होंगे उसे ठेकेदार को मानना अनिवार्य होगा।

लिपिक
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### क्षेत्र पंचायत सदस्य की इलाज के दौरान मौत

**रुपईडीह :** एक सप्ताह पहले से पीलिया से पीड़ित कौड़िया के छिरास गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवनलाल नेता 30 की उपचार के दौरान लखनऊ के एक निजी चिकित्सालय में मृत्यु हो गई। उनके मृत्यु पर से रघुकुल विद्यापीठ के प्रबंधक सुमित भूषण सिंह तथा कटरा बाजार के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल ने दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की है।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण

**रुपईडीह :** पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव तथा जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट ,खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर चल रही हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं मे शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं व उनकी अनुपस्थिति के बारे में केंद्र व्यवस्थापक सुशील कुमार तिवारी से जानकारी हासिल करते हुए परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल भी वातावरण में संपन्न कराए जाने का निर्देश दिया। अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक प्रेम प्रकाश व स्टैटिक मजिस्ट्रेट अजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा लखनऊ मार्ग पर नीलगाय से टकराकर एक बाइक सवार घायल हो गया। जिसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 9 बजे की है। लखनऊ गोंडा मार्ग पर बरगदी मोड़ के पास थाना कटरा बाजार क्षेत्र के रितेश कुमार पुत्र मायाराम निवासी ग्राम जगतापुर नीलगाय की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां स्थिति सामान्य है। घायल के रिश्तेदार मनोज कुमार ने बताया कि रितेश परिवार के लोगों को सुबह बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर किसी ट्रेन में बैठाने गया था वहां से वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटा विकास कार्यों का पत्रक

**इटियाथोक :** मंडल में डोर टू डोर जाकर भाजपा सरकार के कराए गए कार्यों का पत्रक बांटा गया। वही सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं के लाभार्थियों से भी मुलाकात की गई। भाजपा संगठन के द्वारा इस समय डोर टू डोर जाकर लाभार्थियों से मुलाकात की जा रही है और उन्हें सरकार के द्वारा कराए गए कार्यों का पत्रक भी बांटा जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर संयोजक राकेश कुमार मौर्य व प्रधान प्रतिनिधि शिवपुरियां सोमेश्वर नाथ पांडे के नेतृत्व में डोर टू डोर जाकर पत्रक बांटा गया और लोगों को सरकार की नीतियां बताई गई।

### बालिका के साथ मार-पीट के आरोपियों पर केस दर्ज

**परसपुर :** जमीनी विवाद में बालिका के साथ मार-पीट करने वालों के विरूद्ध मां की शिकायत पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बालक सिंहपुरवा पूरे अजब सुशीला सिह ने बताया कि 18 फरवरी को उसके जेठ श्याम दत्त सिह व दूसरे जेठ के पुत्र मनीष कुमार सिह विवादित भूमि में निर्माण कार्य करा रहे रहे थे। उसकी पुत्री सपना सिह मोबाइल से विडियो बनाने लगी। तो उसे गालियां देते हुए मुक्का थप्पड लात घूसा डन्डा से मारने लगे। शोर करने पर आरोपी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# धान खरीद : प्रदेश में देवीपाटन मंडल अव्वल

▸▸ फरवरी माह के अंतिम दिन होगा खरीद सत्र का समापन

शिवअंकम ओझा, गोंडा



नवीन गल्ला मंडी में स्थापित धान क्रय केंद्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत हो रही धान खरीद में देवी पाटन मंडल पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। मंडल में अब तक 91.50 फीसदी धान खरीद की जा चुकी है जो प्रदेश के सभी 18 मंडलों में सबसे अधिक है। धान खरीद सत्र के समापन में अभी एक सप्ताह का समय बाकी है। अफसरों का दावा है कि इस बची हुई अवधि में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जायेगा।

मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत प्रदेश के पूर्वी संभाग में धान खरीद एक नवंबर से प्रारंभ हुई थी। देवी पाटन मंडल को 363500 मीट्रिक टन धान खरीद करने का लक्ष्य दिया गया था। खरीद के लिए मंडल में धान खरीद के लिए कुल 356 क्रय केंद्र स्थापित किये गए थे। इनमें गोंडा में 125, बहराइच में 144, बलरामपुर में 41 व श्रावती में 45 क्रय केंद्र लगे हैं। पूरे देवी पाटन संभाग में अब तक आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 332607.61 मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। यह आंकड़ा 91.50 प्रतिशत है जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। वाराणसी मंडल ने 86.29 फीसदी, मुरादाबाद ने 85.14, आजमगढ़ ने 84.45, अयोध्या ने 83.55 व प्रयागराज मंडल ने 83.43 फीसदी धान खरीद की है। मेरठ को 12991 मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था जिसके सापेक्ष अब तक 177.16 मीट्रिक टन धान ही खरीद गया है।

### पश्चिमी संभाग में एक महीने पहले प्रारंभ हो जाती है धान खरीद

**अमृत विचार :** धान खरीद के लिए प्रदेश को दो संभागों पूर्वी और पश्चिमी में बांटा गया है। पश्चिमी संभाग में बरेली, अलीगढ़, झांसी, कानपुर, चित्रकूट, सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा व मेरठ को शामिल किया गया है। लखनऊ का कुछ हिस्सा भी पश्चिम संभाग में आता हैं। इस संभाग में धान खरीद का सत्र एक महीने पहले यानि एक अक्टूबर से प्रारंभ होता है। जबकि पूर्वी संभाग के देवीपाटन, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ, बस्ती, मिर्जापुर व गोरखपुर में धान खरीद का सत्र एक नवंबर से प्रारंभ होता है।

> देवी पाटन संभाग में अब तक 91.50 प्रतिशत की खरीद हो गई है। केंद्रों का संचालन अभी भी हो रहा है। ऐसे में खरीद मे इजाफा होगा। उम्मीद है कि सत्र समापन के साथ शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जायेगा। **-सरयू प्रसाद, संभागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन मंडल**

| मंडल | लक्ष्य | खरीद | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| देवीपाटन | 363500 | 332607 | 91.50 |
| वाराणसी | 703000 | 606616 | 86.29 |
| मुरादाबाद | 541500 | 461041 | 85.14 |
| आजमगढ़ | 248000 | 209433 | 84.45 |
| अयोध्या | 685000 | 572337 | 83.55 |
| प्रयागराज | 528000 | 440531 | 83.43 |
| लखनऊ | 995000 | 744279 | 74.80 |
| बस्ती | 369000 | 279755 | 75.81 |
| मिर्जापुर | 366000 | 265486 | 72.54 |
| बरेली | 906000 | 649405 | 71.68 |
| गोरखपुर | 735000 | 491723 | 66.90 |
| अलीगढ़ | 17000 | 8659 | 50.94 |
| कानपुर | 372000 | 178817 | 48.07 |
| झांसी | 3000 | 1328 | 44.27 |
| चित्रकूट | 103500 | 38470 | 37.17 |
| सहारनपुर | 18000 | 5521 | 30.67 |
| आगरा | 41000 | 3942 | 09.61 |
| मेरठ | 12991 | 177 | 01.36 |

(नोट : खरीद के आंकड़े मीट्रिक टन में)

# किसान की मौत पर यूनियन नाराज, काला दिवस मनाएंगे

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** आंदोलन कर रहे किसानों मे से एक किसान की मौत मामले में ट्रेड यूनियन की आयोजन समिति ने रोष जताया है। सीआईटीयू ने 23 फरवरी दिन शुक्रवार को काला दिवस के रूप मे मनाने का आह्वान किया है।

सीआईटीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड कौशलेंद्र पांडे ने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच और समिति की ओर से इस घटना पर कड़ी निंदा की गई है। बताया कि सीमा पर अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों पर बेजा बल प्रयोग किया गया। किसान शुभकरण सिंह पुत्र चरणजीत सिंह की सिर में गोली लगने से मौत हो गई, इसके अलावा लाठीचार्ज किए जाने से दर्जनभर से ज्यादा किसान बुरी तरह ज़ख्मी हैं। किसान केंद्र सत्कार से तीन कृषि कानून वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

कॉमरेड कौशलेंद्र ने बताया कि संगठित और असंगठित सभी क्षेत्रों की यूनियनें 23 फरवरी को काला दिवस के रूप में मनाएंगी और कार्यकर्ता राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। कचहरी परिसर में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपेंगे।

# यूपी बोर्डः हाईस्कूल में 3651 और इंटर में 2035 बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

## हिंदी की परीक्षा संपन्न, परीक्षा केंद्रों पर दिखी सख्ती, सचल दल ने किया निरीक्षण



करनैलगंज स्थित परीक्षा केंद्र पर छात्र छात्राओं की तलाशी लेते शिक्षक व शिक्षिकाएं।



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलती छात्राएं। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बृहस्पतिवार से प्रारंभ हो गई। पहले दिन की प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा करायी गयी। हिंदी की परीक्षा से 3651 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के हिंदी की परीक्षा हुई। इस पाली में भी 2035 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के पहले दिन केंद्रों पर सख्ती दिखी।

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जिले में 143 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार कुल 92000 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को पहले दिन की प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा कराई गई। केंद्र के भीतर प्रवेश से पहले गेट पर ही विद्यार्थियों की शघन तलाशी ली गई। हाईस्कूल की परीक्षा में 51477 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 3651 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह दूसरी पाली में इंटरमीडियट के हिंदी की परीक्षा हुई। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 40595 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 38560 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2035 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दल की टीमें लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पहले दिन की परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहीं।

### एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार को कई स्कूलों का निरीक्षण किया और परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की जांच की तथा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, स्कूल के प्रधानाचार्य व पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों से बात कर परीक्षा की जानकारी ली। एसपी मे सभी को परीक्षा सुचारू रूप से निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने जाते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की हादसे में मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय से प्रयोगात्मक परीक्षा देकर वापस घर लौट रहे एक बाइक सवार छात्र को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना नगर कोतवाली अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित तकिया मस्जिद के समीप की है। बताया जाता है कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलेना के कृष्ण कुमार गुप्ता का पुत्र विकास गुप्ता (21) लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। वह बृहस्पतिवार को प्रयोगात्मक परीक्षा देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में गया था। वापस घर जाते समय तेज गति आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दिया जिससे उसके मौके पर ही मौत हो गई। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जांच की जा रही है। कलेना के ग्राम प्रधान संतोष चौरसिया ने बताया कि घर पर विकास के बहन की शादी की तैयारी चल रही थी। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गयी हैं।



विकास गुप्ता (फाइल फोटो)

# कार्यालय से नहीं, लखनऊ से काम कर रहे वित्त लेखाधिकारी

▸▸ प्राथमिक शिक्षक संघ ने लेखाधिकारी पर लगाए कई गंभीर आरोप, सौंपा ज्ञापन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को शिक्षक समस्याओं के संबंध में आयुक्त देवीपाटन मंडल को संबोधित मांगपत्र अपर आयुक्त प्रशासन को सौंपा और समस्या निस्तारण किए जाने की मांग की।

संघ के मीडिया प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा अपने कार्यालय पर न बैठकर कार्यालय के लिपिक को लखनऊ बुलाकर काम करते हैं। जिससे शिक्षकों की समस्याएं निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। जबकि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपदीय अधिकारी को प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर समस्याओं का निस्तारण करना होता है। जनपद में लगभग एक हजार शिक्षक सामान्य भविष्य निधि निर्वाह योजना से आच्छादित है। संगठन द्वारा बार-बार मांग पत्र एवं वार्ता करने के पश्चात भी अद्यतन जीपीएफ पासबुक जारी नहीं किया गया है।

शैक्षिक सत्र 2023-24 में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को उनके सेवानिवृत्ति तिथि को ही समस्त देश का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं, परंतु वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय द्वारा अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय वर्तमान समय में कंपोजिट विद्यालय जानकी नगर में संचालित हो रहा है। कार्यालय भवन के प्रथम तल पर संचालित होने के कारण बुजुर्ग पेंशनरों एवं छात्रों के हितों को देखते हुए कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के परिसर में स्थापित कराया जाए। शासन एवं विभागीय निर्देशों के अनुसार एक पटल पर अधिकतम 3 वर्ष तक पटल सहायक कार्य कर सकता है जबकि यहां पटल सहायक का पटल परिवर्तन लगभग 10 वर्षों से नहीं किया गया है। अविलंब पटल परिवर्तन कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष आनंद कुमार त्रिपाठी, जिला मंत्री विजय नारायण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री अफसर हसन उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर रेप व डकैती का केस दर्ज

बभनजोत, गोंडा

**अमृत विचार:** अदालत के आदेश पर खोड़ारे पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म व डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने न्यायालय में वाद दायर कर कहा है कि उसका लालन पालन उसके नाना नानी के घर हुआ था, जहाँ उसका सगा मौसा आता जाता रहता था। प्रार्थिनी के नाबालिग अवस्था से ही वह डरा धमकाकर शारीरिक सम्बंध बनाता रहा। तीन वर्ष पहले उसकी शादी थाना खोड़ारे क्षेत्र के एक गांव में हो गयी। उसका पति रोजी रोटी के सिलसिले मे बाहर रहता है।

20 मई 2023 को प्रार्थिनी का सगा मौसा राजेश मौर्या निवासी कप्तानगंज बस्ती उसके ससुराल आया और प्रार्थिनी से कहा कि अपने सास ससुर से बटवारा कर लो, नही तो सारी बातें बताकर तुमको बेइज्जत करवा दूँगा। प्रार्थिनी ने डर के मारे बंटवारा कर लिया। इसके बाद आरोपी उसके गृहस्थी के सामानों की व्यवस्था करने का बहाना करके उसके घर रुक गया। रात्रि में उसके साथ जबरदस्ती दो दिन तक दुष्कर्म करता रहा। जाते समय सभी जेवर व ढाई लाख रुपए को जबरदस्ती छीनकर चला गया। पीड़ित महिला ने घटना के बारे मे सूचना स्थानीय थाने पर दिया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुयी। जब उसका पति मुंबई से घर आया तो पीड़िता ने उसे घटना की जानकारी दी। पीडिता का कहना है कि आरोपी उसकी जिन्दगी बरबाद करने पर आमादा है तथा धमकी देता है कि अगर किसी तरह की कोई शिकायत किया तो तुमको तथा तुम्हारे पति को जान से मार डालूँगा। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म व डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



लखनऊ में बच्चों के साथ मौजूद शिक्षिका वंदना पटेल। अमृत विचार

# शिक्षिका ने निजी खर्च से बच्चों का कराया शैक्षिक भ्रमण

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के प्रार्थमिक विद्यालय महेशपुर की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने अपने निजी खर्चे से छात्र छात्राओं को बुधवार को लखनऊ के चिड़ियाघर, अम्बेडकर पार्क और धार्मिक स्थलों की सैर कराई। चिड़ियाघर में बच्चों ने जिराफ़, गैंडा, हिरण, बारहसिंगा, भालू, शेर आदि राष्ट्रीय पंछी को देखकर नन्हे मुन्ने बच्चे रोमांचित हो उठे। विधालय की प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तन-मन और अपने धन से बच्चों का भविष्य संवारने में लगीं है। उन्होंने बताया कि स्कूल बंद करके जब मैं घर जाती हूं। तो बच्चे फोन पर होमवर्क पूरा करने के लिए जानकारी करते हैं। विधालय में कोई भी जयंती मनाई जाती है तो बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करते है।भ्रमण के दौरान चिड़िया घर और अम्बेडकर पार्क समेत अन्य तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर बच्चों ने मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। शिक्षा विभाग से लिखित परमिशन लिया गया।इस अवसर पर बच्चों में कुमकुम, रिया,रिशा, अनीशा, सौरभ, मुकेश, निखिल, खुश्बू, अर्चना, समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**रुपईडीह :** सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के तहत ब्लॉक रुपईडीह के 73 विद्यालयों में पावर एंजेल सशक्तिकरण के लिए तीन दिवसीय सुगम कर्ताओं खंड स्तरीय ब्लॉक संसाधन केंद्र रुपईडीह पर शुरु हुए प्रशिक्षण का उद्घाटन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री अजीत कुमार तिवारी, प्रशिक्षक दुर्गा प्रसाद गुप्त, रामायण प्रसाद मिश्र व यूनिसेफ के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वली खान द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तिवारी, बालमुकुन्द पांडेय, हरिशंकर शुक्ल, सुमन मौर्य, विवेक पाठक, सुशील मिश्र, देवानंदन तिवारी, राजेश तिवारी, स्वामीनाथ मिश्र, आशा मिश्र, दीपक कश्यप, देवेश रंजन, राम कुमारी, मालती त्रिपाठी, इंदु बाला सिंह, नंदकिशोर, स्वामीनाथ मिश्र, राजीव वर्मा, आशुतोष पांडेय, राम जियावन, लेखाकार प्रभाकर तिवारी, हरीश मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का किया वर्णन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पहाडापुर में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक पंडित वीरेंद्र गोपाल महाराज ने बृहस्पतिवार की शाम भगवान श्री कृष्ण के विवाह, सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सभी कथाओं में श्रेष्ठ है जो जन्म-जन्मांतर तक इसके पुण्य इसके सुनने वाले लोगों को मिलते रहते हैं और बड़े सौभाग्य से ही इस कथा को सुनने का अवसर मिलता है। इस कथा के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का समापन किया गया। शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान श्री नाथ रस्तोगी, राम तीरथ मौर्य, शिवम गुप्ता, प्रदीप सोनी, विजय वर्मा, रवि श्रीवास्तव, अजय मौर्या, मनोज कुमार शुक्ला, कृष्ण रस्तोगी, कुंज रस्तोगी, ज्वाला प्रसाद मिश्र सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



पंडित वीरेंद्र गोपाल।

### कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**परसपुर :** स्थानीय क्षेत्र के त्यौरासी गांव में दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा वाचक डॉ संत शरण त्रिपाठी ने ध्रुव के चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि उन्होंने बहुत ही कम अवस्था में भगवान की भक्ति कर भगवान को प्राप्त कर लिया। भगवान निर्मल मन वाले को शीघ्र दर्शन प्रदान करते है। "मुझे आप चाहें तो चाहूं तुझे,यह प्रीति की रीति प्यारी नहीं" भजन सुन श्रोतागण भावविभोर हो गए। भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए उन्होंने राम नाम का गुणगान करते हुए कहा कि राम नाम जप का तत्काल फल यह मिलता है कि व्यक्ति को आत्म बल प्राप्त होता है जिससे वह भय मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य व कथाएं कर्म का उपदेश देती है।कर्म ही प्रधान है। प्रह्लाद केवल कर्म कर रहे थे। हिरण्यकश्यप ने उन्हें अनेकों प्रकार से कष्ट पहुँचाया लेकिन किसी भी प्रकार से उनकी क्षति नही हुई क्योंकि वे कर्म व आश्रय में निष्ठावान श्रद्धावान रहे तथा ईश्वर को सब में देखते रहे। इस अवसर पर किशन सिंह, बब्लू सिंह, विनय सिंह, यज्ञनाथ मिश्रा, ओंकार मिश्रा, शुभम सिंह,संस्कार मिश्रा, विजय सिंह, महेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, सोनू सिंह आदि रहे।



डॉ. संत शरण त्रिपाठी

### छुट्टा जानवरों को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोंडा :** खिरिया बनपुरवा निवासी गुड़िया द्वारा थाने पर तहरीर दी गई तहरीर में आरोप है कि छुट्टा जानवर को खेत से हाकने के विवाद को लेकर विपक्षी देवी सोनकर,संगीता, अनूपे सोनकर व करन सोनकर निवासी ग्राम खिरिया वनपुरवा ने वादनी व पति ननके सोनकर को अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी डंडे से मारा पीटा व दांत से काटते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

लापरवाही

बेपरवाह पालिका, वाहनों पर नहीं है हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट

# पंजीकरण के बिना सड़कों पर पालिका के वाहन

गोंडा कार्यालय



पालिका के जलकल कैम्पस में खड़े नगरपालिका के वाहन।

**अमृत विचार:** आरटीओ के नियम कानून यहां बेमानी हैं। हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट के इस दौर मे भी नगरपालिका के वाहनों में से अधिकांश पर नंबर प्लेट ही नहीं हैं। इतना ही नहीं कुछ वाहनों का पंजीकरण तक नहीं कराया गया है, अस्थाई पंजीकरण की मियाद कब की बीत चुकी है। बिना पंजीकरण शहर की सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की संख्या छह बताई जा रही है।

नगरपालिका के पास दो छोटी पोकलैंड, दो जेसीबी, दो डंपर, 15 मैजिक (डीजल), 12 टेंपो (डीजल), दो हाइड्रोलक सीढ़ी, एक बोलेरो, तीन पंपिंग सेट, दो सक्षन मशीन, चार ट्रैक्टर और चार ट्राली समेत चार दर्जन वाहन हैं। इनमें से दो डीसीएम, एक लोडर, तीन ट्रैक्टर, तीन ट्राली और एक टेंपो समेत लगभग दर्जनभर वाहन कंडम हो चुके हैं। मजे की बात तो ये है कि इनमे भी कुछ बिना पंजीकरण ही अपना कार्यकाल पूरा कर अब कबाड़ हाल पड़े हैं। नए प्रावधानों के अनुसार बिना एचएसआरबी वाहनों का फिटनेस नहीं हो सकता। वाहन का प्रभार देख रहे संजू 'मुश्फिक' फिटनेस और प्रदुषण जांच संबंधी जानकारी नहीं दे सके।

### सरकारी वाहनों पर कार्रवाई जल्दः एआरटीओ

**अमृत विचार :** आरटीओ के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार हर दोपहिया, चार पहिया वाहनों के पंजीकरण के बाद हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट होना आवश्यक है। पुरानी नंबर प्लेट पर आर्थिक दंड का प्रावधान है। आरटीओ बबीता वर्मा के अनुसार ऐसे वाहनों पर पांच हजार का चालान किया जा सकता है। उधर, पीटीओ शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि सरकारी विभागों के वाहनों के सन्दर्भ मे ग्रह मुद्दा सड़क सुरक्षा की मीटिंग में उठाया जा चुका है। जल्द ही सरकारी विभागों से उनके वाहनों के पंजीकरण और फिटनेस की जानकारी मांगी जाएगी।

# विकास कार्य को लेकर की बैठक गैरहाजिर 22 सहायकों को नोटिस



**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी रवि मिश्र ने ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को सचिवों संग बैठक कर निर्देशित किया कि विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधानों का रजिस्ट्रेशन दो दिवस में काराये, ग्राम पंचायत की डेवलपमेंट विकास योजना के अंतर्गत कार्य योजना तत्काल फीड कराई जाए, पीडीआई पोर्टल पर सभी ग्राम पंचायत के लाभार्थियों का राइजिंग एवं मॉडल ऑनलाइन ऑडिट तत्काल कराने सहित समस्त कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मोहम्मद सलीम, सचिव नरेंद्र बहादुर सिंह, आफाक अहमद, ऋषि प्रसाद, अभिषेक विश्वकर्मा, नरेंद्र बहादुर सिंह, सुनील सोनकर, अभिषेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, पंचायत सहायकों की बैठक कर रेट्रो फीडिंग तथा क्राफ्ट सर्वे ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया। 22 अनुपस्थित पंचायत सहायकों को कारण बताओं नोटिस भी जारी की। बैठक में आरती, पूजा कनौजिया, तनु सिंह, पलक सिंह, मेहरून निशा सहित पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# 11 करोड़ खर्च, शुद्ध पानी को तरस रही 20 हजार की आबादी


सोनौली मोहम्मदपुर गांव में बनी टंकी।

▸▸ अधिकारियों के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्रामीण

उमरीबेगमगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सरकारी सपना अधिकारियों की लापरवाही से चकनाचूर हो रहा है। सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत की 20 हजार आबादी को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए 11 करोड़ खर्च हो गए और ग्राम वासियों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका।

सरकार के मंशानुरूप सभी को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए गांव-गांव में पानी की टंकी की स्थापना कराई जा रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। बानगी के तौर पर एक दशक पहले सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत की 20 हजार आबादी को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए 11 करोड़ खर्च हो गए और ग्राम वासियों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। ग्राम प्रधान ने लो वोल्टेज की समस्या बताई तो ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 11 करोड़ की लागत से 800 किलोलीटर की क्षमता कि पानी टंकी स्थापित की गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही आमजन पर भारी पड़ी और लोगों को अब तक पानी नसीब नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रायल के दौरान कई स्थानों पर लीकेज देखने को मिला जिसे कारदायी संस्था द्वारा सही नहीं कराया गया। फिलहाल जल निगम और विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी मंशा पर पानी फिर रहा है।

> विभाग ने कार्य पूर्ण कराने के बाद 3 वर्ष पहले ही पानी की टंकी को ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया है। अब सारी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की ही है। लो वोल्टेज की समस्या आड़े आ रही है और गांव के लोग जबरदस्ती कटिया जोड़ लेते हैं जिससे मोटर नहीं चल पाता है।
>
> –संजीत यादव, अवर अभियंता

> उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जल निगम द्वारा बिना लीकेज ठीक कराए ही ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया गया है। लो वोल्टेज की समस्या भी रहती है। जिसकी वजह से संचालन नहीं हो पा रहा है।
>
> –सुरेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि – सोनौली मोहम्मदपुर


रवि सिंह


अनुराग सिंह


पवन सिंह

### क्या कहते हैं ग्रामीण

क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुराग सिंह कहते हैं कि विभागीय अधिकारियों और ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। दो वर्ष पहले एक दिन सप्लाई मिली थी और फिर बंद हो गई। रवि सिंह ने बताया कि शुरुआत से ही पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पाई। लीकेज बहाना बनाकर विभागीय कर्मी सप्लाई बंद कर देते थे। शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर विभागीय अधिकारी एकदम मूकदर्शक बने हुए हैं। गांव के पवन सिंह ने बताया कि लगभग 6 वर्ष हो गए और टोटी से पानी गिरता हुआ देखने के लिए आंखें तरस गई दोषी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## एक नजर

### अटल आवासीय विद्यालय का प्रवेश पत्र 23 व 24 को

**गोंडा :** उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया की अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 6 व 9 की प्रवेश परीक्षा 25 फरवरी दिन रविवार को फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा में प्रातः 10 .30 बजे से होगी। इस परीक्षा में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी 23 व 24 फरवरी को प्रात :10 :00 बजे से सायं 5 :00 बजे तक कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल सिविल लाइंस से पावती दिखा कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### घर में घुसकर तोड़फोड़ के मामले में चार पर केस दर्ज

**करनैलगंज :** घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ गाली व धमकी देने के मामले में पुलिस ने आपदा हरण सिंह निवासी पाल्हापुर की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें कहा गया है कि उनके ग्राम गुमदहा स्थित आवास पर चंद्रभान सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सचिन सिंह व हस्ताक्षर प्रताप सिंह विराम खंड गोमती नगर लखनऊ ने पहुंचकर आवास की बाउंड्री, छप्पर आदि को गिराकर नुकसान कर दिया। गाली गलौज देते हुए मारने के लिए ललकारा और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों लोगों के विरुद्ध गाली गलौज धमकी व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

### सड़क की मरम्मत किए जाने की मांग

**रुपईडीह :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पेड़ाले गड़वा से एहलाद नगर होते हुए रखौना पुरवा राजकीय नलकूप तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान सीता देवी ने क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से क्षेत्रीय जनता को आवागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है। उनके इस मांग पर विधायक ने कार्रवाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

# मैहनौन विधायक ने चार नई सड़कों का किया शिलान्यास

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** मैहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने वृहस्पतिवार को विधानसभा के विभिन्न जगहों पर चार नई सड़कों का शिलान्यास किया। करीब 6 किमी की सड़क के निर्माण पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे।

बनकटी सूर्यबली सिंह के मुख्य सडक से काशीपुरवा तक, बनकटी सूर्यबली सिंह मे मुख्य सडक से खेतहवा तक, दिनारा मे मुख्य सडक से चिरैता तक एवं सिसई भीखपुर मे मुख्य सडक से सिसई होकर छिटकहिया मार्ग तक नई सडक बनायी जायेगी। सड़क शिलान्यास के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध कराने को लेकर वह लगातार प्रयासरत हैं। आने वाले दिनों में मैहनौन विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं हर जगह उपलब्ध हो, इसके लिए तमाम योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है। विधायक ने कहा कि सड़क को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण किए जाने का निर्देश दिया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि कमलेश पान्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, पूर्व जिलामंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री अंगद वर्मा, अनुज मिश्रा, प्रमोद पान्डेय, लखपति शुक्ला, सालिक राम प्रधान, राम जन्म वर्मा, बाल किशुन वर्मा प्रधान, संदीप वर्मा, संजय शुक्ला, रानू सिंह, गुरुदास शर्मा, भोलानाथ ओझा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


सड़क निर्माण का शिलान्यास करते विधायक विनय कुमार द्विवेदी।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत पांच पर केस दर्ज

**मसकनवाः** थाना क्षेत्र की विवाहिता की तहरीर पर छपिया पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी अमित गुप्ता पुत्र शिवशरण गुप्ता निवासी गोबिंदबाग निकट गुदमडी थाना बलरामपुर के साथ 17 फरवरी 23 को हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते व मारते पीटते थे। शादी के एक महीने बाद ही उसे ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा और घर से निकाल दिया। वह किसी तरह से मायके पहुंची और मां बाप को घटना की जानकारी दी। एसओ सतेंद्र वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# मसकनवा में दहेज की मांग पूरा न होने पर महिला को मार डाला

## पति व सास को खिलाफ केस, बेड पर दुप्पटे से कसा मिला शव

मसकनवा, गोंडा

**अमृत विचारः** छपिया थाना क्षेत्र के धानेपुर के राजस्व ग्राम मिर्जापुर मे एक नवविवाहिता को दहेज की खातिर मौत के घाट उतार दिया गया। विवाहिता का शव उसके कमरे में बेड पर पड़ा मिला। मृतका का गला दुपट्टे से कसा हुआ था। मामले में मृतका के पिता ने उसके पति व सास को खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और केस दर्ज कर घटना की छानबीन में जुटी है।

महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के सुकलामपुर निवासी श्रीनिवास को मुताबिक उन्होंने जून 2022 में अपनी बेटी मधू का विवाह छपिया थाना क्षेत्र के धानेपुर के मजरा मिर्जापुर के रहने वाले विशाल से किया था। आरोप है कि मधू को शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। समझाने बुझाने के बाद मधू एक सप्ताह पहले ससुराल गयी थी। आरोप है कि दहेज की मांग पूरा न होने पर बुधवार की रात उसके ससुराल अली जिन्होंने मधु की गला दबाकर हत्या कर दी। बृहस्पतिवार की सुबह मधु का शव उसके कमरे में बेड पर पड़ा मिला। मधु का गला उसके दुपट्टे से कसा हुआ था। मामले में श्रीनिवास ने अपने दामाद विशाल व उसकी मां शोभावती उर्फ सरोज के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि मृतका के पिता के तहरीर पर पति और सास के खिलाप मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अन्य कार्रवाई की जायेगी।


मधू (फाइल फोटो)

# तिलहनी फसल किसानों के लिए लाभदायक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में समूहबद्ध अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना अंतर्गत सरसों प्रजाति आरएच 725 पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। डॉक्टर मिथिलेश कुमार पांडेय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने बताया कि सरसों रबी की एक प्रमुख तिलहनी फसल है। इसकी खेती करके किसान भाई अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। डॉक्टर रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि यह प्रजाति हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के द्वारा विकसित की गई है। इसकी अवधि 125 से 130 दिन है। इसकी उत्पादन क्षमता 10 कुंतल प्रति एकड़ है। डॉ. आरके सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने बताया कि सरसों की अच्छी पैदावार हेतु 4 टन सड़ी गोबर की खाद प्रति एकड़ प्रयोग करने से अच्छी पैदावार मिलती है। डॉ. पीके मिश्रा ने बताया कि सरसों की फसल को पाले से बचाव हेतु हल्की सिंचाई करना चाहिए। डॉ. अजीत सिंह वत्स, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डा. ज्ञानदीप गुप्ता ने भी जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक महादेव यादव के प्रक्षेत्र पर बोई गई सरसों की फसल को कृषकों को दिखाया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश कुमार पांडेय, इंद्रभूषण सिंह कार्यालय अधीक्षक एवं लेखाकार, रोहित कुमार सिंह स्टेनोग्राफर सहित प्रगतिशील कृषक परशुराम शुक्ला, रतीराम यादव आदि मौजूद रहे।



कृषि गोष्ठी को संबोधित करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज :** पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज के साथ अनुसूचित जाति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। ग्राम कुंवरपुर अमरहा निवासी कन्हैयालाल ने गांव के ही दो भाइयों करिकऊ व पवन कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है उसका बेटा अजय कुमार रास्ते पर खेल रहा था। इस बीच करिकऊ व पवन कुमार उसे भगाने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी तथा त्रिशूल से उसके सिर पर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने पर लोग भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने का बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है।

# पेट्रोल पम्प पर स्मार्ट फ्लीट ग्राहकों का हुआ सम्मान

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से बृहस्पतिवार को करनैलगंज के श्रीराम ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पम्प पर स्मार्ट फ्लीट ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बीपीसीएल के अधिकारियों ने स्मार्ट फ्लीट के ग्राहकों को जागरुक करते हुए लाभार्थियों को सम्मानित किया।

स्मार्ट फ्लीट चालक बीमा योजना के तहत एक मृतक चालक के परिवार को 5 लाख रुपए का भुगतान किया गया। टेरिटरी मैनेजर अजय रुगे के मुताबिक भारत पैट्रोलियम चालक बीमा योजना के तहत ट्रांसपोर्टर बाबा शिव इंटरप्राइजेज के वाहन चालक बाबू की मृत्यु 2022 में हुई थी। जिसका क्लेम किया गया था उनकी पत्नी रजनी को 5 लाख की धनराशि का भुगतान उनके खाते में किया गया। स्मार्ट फ्लीट रॉयल्टी योजना में शिवानी ट्रांसपोर्ट के राजेश सिंह को 84 हजार 820 रुपए का पुरस्कार, उत्तरी सिंह को 36 हजार 499 रुपए का पुरस्कार, राम धीरज सिंह को 35 हजार 200 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसी क्रम में बीपीसीएल द्वारा चलाये जा रहे त्योहारों के रंग भारत पेट्रोलियम योजना के तहत पांच लकी ड्रा कूपन के लाभर्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारत पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारी साकिब जमाल, फ्लीट विक्रय अधिकारी एके सैनी, फ्लीट एग्जीक्यूटिव राजेश गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बैजनाथ शर्मा, आरपी तिवारी, धीरेन्द्र मिश्रा, वीरेंद्र, विनोद कुमार, एसपी तिवारी, मोनू मोदनवाल सहित तमाम ग्राहक व बीसीपीएल कंपनी के डीलर मौजूद रहे।


लाभार्थियों को सम्मानित करते बीपीसीएल के अधिकारी। अमृत विचार

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद विद्यालय के आउटडोर स्टेडियम मे समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रबन्धिका नेहा सिंह मुख्य अतिथि एव गोनार्द नर्सिंग कालेज की प्रिंन्सिपल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। दिन भर चले विभिन्न प्रतिस्पर्धा में सर्वाधिक 9 गोल्ड मेडल अर्जित कर रेड हाऊस के छात्र छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 8 स्वर्ण पदकों के साथ ब्लू हाऊस दूसरे स्थान पर रही। विजेताओं को अतिथियों के हाथों ट्राफी, मेडल, सर्टिफिकेट और पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक ने कहा पढ़ाई के साथ ही शारीरिक क्षमता मे विकास के लिए खेलकूद बहुत ही जरूरी है। प्रिंसिपल डा मधूप मिश्रा ने बताया सीनियर वर्ग मे विभिन्न प्रकार के दौड़ और कूद के साथ जूनियर वर्ग मे बनाना और लेमन रेस और कई प्रकार के खेल कूद कराए गए। बच्चो के हौसला आफजाई के लिए सैकड़ों अभिभावक भी स्टेडियम पर मौजूद रहे। समारोह के संचालन में शशी सिंह, मोहम्मद ताहिर, अविनाश शर्मा, समेत सभी स्टाफ ने सहयोग किया।



बच्चों को सम्मानित करती स्कूल की प्रबंधक। अमृत विचार

### बीज बोने से पहले मिट्टी की जांच कराएं किसान

**बालपुर :** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन विकास खंड हलधरमऊ कार्यालय पर किया गया। गोष्ठी मे मुख्य अतिथि के रूप धर्मपाल सिंह उप कृषि निदेशक मौजूद रहे। कृषक गोष्ठी का मंच संचालन करते हुए एसपी वर्मा ने किसानों को उन्नत खेती करने के लिए उत्साहवर्धन किया। कृषक गोष्ठी में आये अधिकारियों में किसानों कम लागत में अच्छी पैदावार लेने के तरीके बताए। किसानों को बीज बोने से पहले खेत की मिट्टी की जांच सलाह दी गयी। जिससे के स्वस्थ मिट्टी में अच्छी पैदावार लिया जा सके। साथ ही किसानों कृषि यंत्र संबंधी, बीज संबंधी, किसान सम्मान निधि, कृषि रक्षा रसायन, फसल बीमा संबंधी जानकारी दी गयी। गोष्ठी के दौरान कई विभागो के द्वारा स्टाल भी लगाया गया। गोष्ठी में एडीओ कृषि जयप्रकाश सिंह, कमल जीत सिंह प्रभारी, बीटीएम सन्तोष कुमार मिश्र, हरेंद्र बहादुर, विजय कुमार, पंकज सिंह, पवन कुमार शामिल रहे।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा :** कटरा बाजार थाने की पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया ने बताया कि थाना क्षेत्र के मंगरे पुरवा मौजा जयरामजोत के दद्दन के खिलाफ गांव की ही एक महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बृहस्पतिवार को थाने के अपराध निरीक्षक संतोष सिंह और उनकी टीम ने दुबहा मोड़ तिराहे से गिरफ्तार किया है।

# भाजपा नेता ने किया निजी प्रतिष्ठान का शुभारंभ

गोंडा

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को शहर के मुख्य रानी बाजार रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित प्रज्ञा इंटरप्राइजेज का शुभारंभ किया।

प्रोपाइटर पवन जायसवाल ने बताया कि आम नागरिकों को विभिन्न सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना मूल उद्देश्य है। खान-पान एवं पेयजल का ध्यान रखते हुए स्थानीय बाजार में विभिन्न सामग्री रियायती दर पर उपलब्ध कराकर और सहूलियतें भी दी जायेगीं। इस अवसर पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र कुमार सिंह, प्लेटफॉर्म निरीक्षक के एल यादव, पेंशनर्स कल्याण संस्था के अनिल श्रीवास्तव एवं के.बी सिंह जायसवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, राजेश जायसवाल, अनूप जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, पंकज सिन्हा, डॉ राजीव चौरसिया, बृजेश सिंह, रवि जायसवाल, इस्लाम, बच्चा जायसवाल, आशीष जायसवाल, लायंस क्लब से अमित पांडे, अखिल भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव त्रिपाठी, पत्रकार नरेंद्र लाल गुप्ता, अशोक पाठक, कल्पराम त्रिपाठी, समरपाल यादव, अमित पांडे, पिंटू तिवारी, पंकज भारती, अतुल श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, देवेंद्र जायसवाल, मनीष गोस्वामी, महेंद्र यादव, उमेश, मुकेश जायसवाल, दानिश, संतोष शुक्ला, इरतिजा हुसैन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


निजी प्रतिष्ठान का शुभारंभ करते भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव।

जागरुकता | बच्चों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम की जानकारी दी गई

# बच्चों को सिखाया आत्मरक्षा का तरीका

जिला संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र परसपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बृहस्पतिवार को प्रशिक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बच्चों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग, प्राणायाम, आसन, ध्यान आदि की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि करता है अपितु विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम भी बनाता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो लड़कियों को अपने परिवेश के बारे में अधिक जागरूक होने और किसी भी समय अप्रत्याशित के लिए तैयार रहने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से, लड़कियों को संकट के समय अपनी रक्षा करने के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आत्मरक्षा कक्षाएं लोगों को सिखाती हैं कि हमलावर से अपनी रक्षा कैसे करें। वे इस बारे में भी बात करते हैं कि छात्र जो कौशल सीख रहे हैं उसका उपयोग कब और कहाँ करना है। यह जानना आरामदायक हो सकता है कि आप किसी हमलावर से अपनी रक्षा कर सकते हैं और ज़रूरत पड़ने पर अपने बच्चों की रक्षा कर सकते हैं। और साथ ही साथ हेल्पलाइन नंबर 112,1098 ,1090 के बारे में भी बताया। इस अवसर पर शिवानी, अंजलि, अंशिका, सुहानी, रिमझिम, पूजा, पायल, सलोनी, सीबी, नाजरीन, खुशी, मोनिका, शिखा, अर्पिता सोनाक्षी आदि बालिकाएं मौजूद रही।


रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत गुर सीखते बच्चे।

### डीजल चोरी की पुलिस से शिकायत

**इटियाथोक :** थाना क्षेत्र के हरदैया भटपुरवा निवासी बजरंगी पांडे पुत्र परमानंद ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही रामू पुत्र द्वारिका प्रसाद पर चोरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 18 फरवरी को उनके घर पर तिलक समारोह था। उसमें टेंट बुक था। टेंट की देख देखरेख रामू कर रहे थे। उन्होंने मौका देखकर 5 लीटर डीजल व एक मोबाइल उठा ले गए। शिकायत थाने पर की गयी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### आवास दिलाए जाने की मांग

**रुपईडीह :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया में आवास विहीन 40 परिवारों को आवास न मिलने की शिकायत ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने खंड विकास अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि इन सभी परिवारों को आवास न आवंटित होने से वह सभी किसी तरह से पल्ली व छप्पर में गुजर कर रहे हैं।

# भाजपा ने चलाया शक्ति वंदन अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की टोली गांवों मे घर-घर पहुंची। महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव से मिलकर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विकास कार्यों के बारे में बताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने झंझरी मंडल में संपर्क अभियान चलाया। फिरोजपुर और भदुवा तरहर ग्राम सभा में स्वयं सहायता समूह की ओर से आयोजित चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। कल्पित स्वयं सहायता समूह, नटवर वीर बाबा स्वयं सहायता समूह, जय बजरंगबली स्वयं सहायता समूह, समेत कई सहायता समूह के अध्यक्ष, सचिव व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि देश की आधी आबादी के सम्मान एवं गौरव की स्थापना के लिए डबल इंजन सरकार निरंतर प्रयासरत है। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने कहा कि यह अभियान 26 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम में महिला मोर्चा झंझरी मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला मंत्री जनक लली, कार्य समिति सदस्य नीति श्रीवास्तव और मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा तिवारी ने अपने विचार रखे। मीना कुमारी, संजना, चिंटू, विनय कुमारी, सीता देवी, सावित्री मौजूद रहीं।


पत्रक वितरित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व अन्य।

## एक नजर

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**कैसरगंज, बहराइच :** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के साथ जिला उपाध्यक्ष तौहीद आलम और महासचिव तृप्ति सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। ग्राम मरोठी में अजीजुल हक जिला सचिव द्वारा सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ स्वागत किया गया। कैसरगंज तहसील के ग्राम रैवली रामकिशुन के आवास पर बने मंदिर के कार्यक्रम के लिए आए। इस मौके पर आदिल अहमद, रहमान पहलवान, पप्पू, मोहम्मद नसीम, अज्जू, नन्हू, मंजुन नवी, नसीम,वासी, मोहम्मद सगीर सिद्दीकी, कासिम, नसीम अहमद, यदि लोग मौजूद रहे।

### महिला की मायके में फंदे से लटकती मिली लाश

**रुपईडीहा :** थाने के कस्बे के रानीपुरवा वार्ड में 20 वर्षीय नीलम पत्नी संजय का शव मायके में घर में गुरूवार सुबह फंदे से लटकता मिला। तो परिजनों में हाहाकार मच गया। डेढ़ वर्ष पूर्व इसका विवाह इसी थाने के दुविधापुर गांव निवासी संजय के साथ हुआ था। पिता रामु ने थाने में तहरीर दी कि उसकी बेटी मानसिक रूप से पीड़ित थी। अवसादग्रस्त रहती थी। ससुराल नही जा रही थी। एसएचओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### खेत मे घुसे मवेशियों ने चर डाली फसल

**बहराइच :** पालतु मवेशियों के झुंड ने बुधवार देर शाम एक महिला के खेत में लगी गेहूं की फसल को चर डाला। भनक लगने पर महिला व उसका बेटा खेत की ओर दौड़े। खेत से मवेशियों को हांकने के दौरान लाठी डंडों से लैस हमलावरों ने मां बेटे की बेरहमी से हमले कर धुनाई कर दी। घायलों को थाने लाए जाने पर सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रानीपुर थाने के कारीडीहा के मजरे गड़रियनपुरवा मे बुधवार देर शाम रघ्घु के खेत में गांव के ही लोगों के मवेशियों के झुंड घुसे और फसल चट करने लगे।। इसी दौरान लाठी डंडों से लैस आधा दर्जन हमलावरों ने मां बेटे व रूकमणि को घेर कर ताबड़तोड़ हमले कर तीनो को घायल कर दिया। जब तक लोग दौड़े। तब तक हमलावर मवेशियों को लेकर फरार हो लिए।

# मुरादाबाद व लखनऊ के बीच होगी खिताबी जंग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज आठवें दिन दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला बहराइच ब्लू एवं लखनऊ के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर लखनऊ के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवर में लखनऊ की टीम ने आल आउट होकर 145 रनों का स्कोर बनाया। लखनऊ की तरफ से विनायक ने 41 रन एवं अजीत ने 40 रनों की पारी खेली। बहराइच ब्लू की तरफ से सत्यम साहू ने 3 विकेट एवं अभषेक ने 02 विकेट लिए। 145 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए बहराइच ब्लू की पूरी टीम 23 ओवरों में 103 रनों पर आल आउट हो गई। बहराइच ब्लू की तरफ से सत्यम साहू ने 36 एवं तनिष्क ने 23 रनों का योगदान दिया। लखनऊ ने 42 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। लखनऊ की तरफ से पवन ने 04 एवं अजीत ने 2 विकेट लिये। पहले सेमीफाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच अजीत वर्मा को चुना गया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बहराइच रेड एवं मुरादाबाद के बीच खेला गया। बहराइच रेड के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 25 ओवरों में बहराइच रेड ने 7 विकेट के नुकसान पर 160 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें जयप्रकाश गुप्ता ने नाबाद 61 एवं अनुज ठाकुर ने 35 रनों का योगदान दिया। मुरादाबाद की तरफ से अक्षु वाजवा एवं हर्षित विश्नोई ने 03-03 विकेट लिए। 160 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए मुरादाबाद ने 23 ओवरों में 166 रन बनाकर यह मुकाबला 06 विकेट से जीत लिया। मुरादाबाद की तरफ से उस्मान ने 68 गेंदों में 81 रनों की बेहतरीन पारी खेली। बहराइच रेड की तरफ से त्रिपुरेश मिश्रा ने 02 विकेट लिए। दूसरे सेमीफाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच अक्षु वाजवा को चुना गया। मैच की अंपायरिंग मनीष बंसल एवं नीरज शुक्ला ने की। आशुतोष बाजपेई स्कोरर के भूमिका में रहे। आंखों देखा हाल गोविंद चौहान ने सुनाया। इस अवसर पर डीसीए सचिव इशरत महमूद खान, मो शमी के कोच मो बदरुद्दीन, मैनेजर बाकर जैदी ,मो इमरान राइनी,चाँद क्रिकेटर, अटल सिंह एवं अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लखनऊ एवं मुरादाबाद के बीच खेला जाएगा।



विजेता टीम को शील्ड देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# प्रशिक्षित किये गये जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट



कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण को संबोधित करती जिलाधिकारी। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन प्रथम सत्र में विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज तथा द्वितीय सत्र में विधानसभा क्षेत्र मटेरा एवं बहराइच सदर अन्तर्गत गठित ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सीके वर्मा सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा विभिन्न प्रकार के व्यवहारिक पक्ष के बारे में जानकारी प्रदान की। जबकि तकनीकी प्रशिक्षक सहायक अभियंता जल निगम सौरभ वर्मा व अवर अभियन्ता संदीप जायसवाल द्वारा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन की तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी।

# पहले दिन हाईस्कूल के 4016 और इंटर के 1328 छात्रों नें छोड़ी परीक्षा

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई परीक्षा, डीएम ने परीक्षा केंद्र व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



यूपी बोर्ड की परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार



निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। पहले दिन हाई स्कूल में 4016 और इंटर में 1328 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जिले के 114 केंद्रों पर बृहस्पतिवार को यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इस दौरान सुबह की पाली में हाईस्कूल के 37404 विद्यार्थियों को परीक्षा हिंदी का परीक्षा देना था, लेकिन 33388 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। इसके अलावा शाम को दूसरी पाली में भी आयोजित हिंदी इंटरमीडिएट में 27652 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इसमें 26324 विद्यार्थी शामिल हुए। जबकि 1328 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। परीक्षा से पूर्व छात्र और छात्राओं की तलाशी ली गई। इसके बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। बोर्ड परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। डीआईओएस नरेंद्र तिवारी ने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ चल रही हैं।

डीएम ने परीक्षा केंद्र व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण बहराइच। प्रथम पॉली में हाईस्कूल के हिंदी विषय की परीक्षा का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज व तारा गर्ल्स इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरे बंद नहीं होने चाहिए। परीक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय में स्थापित कंट्रोल का भी निरीक्षण किया। डीएम ने यहां पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों की कड़ी निगरानी रखें। परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे हर हाल में क्रियाशील रहे।

# किशोरी को बिक्री के लिए ले जा रहे लोगों को एसएसबी ने पकड़ा

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार:** नेपाल निवासी एक युवती को दो लोग शादी और अच्छे जीवन का प्रलोभन देकर शिमला बिक्री के लिए ले जा रहे थे। जांच के दौरान एसएसबी ने पकड़ लिया। लड़की को नेपाली संस्था के सुपुर्द कर दिया गया है।

एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवान भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। बुधवार रात को सीमा चौकी रुपईडीहा चेक पोस्ट संख्या 651/05 पर चेकिंग के दौरान नेपाल से भारत की तरफ मोटरसाईकल पर सवार दो लडको एवं एक लड़की को रोका गया। पूछताछ किया गया तो सभी इधर उधर की बाते करने लगे और उनसे गंतव्य स्थान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम तीनो शिमला में नौकरी के लिए जा रहे है। शशि राम खत्री ने बताया कि सुरेन्द्र दर्जी मेरा दोस्त है और लड़की मेरी पत्नी है। पुनः AHTU और मानव सेवा संस्थान द्वारा गहन तरीके से पूछताछ करने के बाद सुरेन्द्र दर्जी ने बताया कि लड़की के पास पहचान पत्र न होने के कारण शशि राम खत्री ने उसे 1000/- रुपये देने का वादा किया और कहा की आप इस लड़की को बॉर्डर पार करा दो। रुपये के लालच में आकर इन दोनों को अपनी मोटरसाइकिल से बॉर्डर पार करा रहा था। लड़की के परिवार जनों से संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन कोई संपर्क नही हो पाया। लडकी से पुछा गया की तुम्हारा शसि राम खत्री से क्या सम्बन्ध है तो लडकी ने बताया की वह उसे पिछले एक वर्ष से फेस बुक के माध्यम से जानती है। अभियुक्त इसके साथ शादी का प्रलोभन, अच्छे जीवन और पैसे का लालच देकर बिक्री के इरादे से शिमला लेकर जा रहा था और उसके घर वालो को इस बारे में पता नहीं था।

उसके बाद AHTU और मानव सेवा संसथान द्वारा नेपाल पुलिस को बुलाया गया और उनको बताया गया की यह मामला मानव तस्करी का लगने पर पीड़ित को शांति पुनर्स्थापना गृह नेपाल एवं संदिग्ध अभियुक्त को नेपाल पुलिस के हवाले कार्यवाही के लिए सुपुर्द कर दिया गया। कार्यवाहक कमांडें राज रंजन ने बताया की अभियुक्त ने किशोरी को भारत में शादी व काम करने का झासा दे कर ले जा रहे थे। लेकिन जवानों चौकसी से पकड़ लिया।

# बाहर की दवा और जांच लिख रहे डॉक्टर

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज का अजब गजब हाल है। यहां के एक डाक्टर एक तो शासन की गाइड लाइन का पालन नहीं करते ऊपर से उन डॉक्टर साहब को योगी बाबा का रत्ती भर खौफ नहीं है। डॉक्टर साहब बाहर की दवा लिखने के साथ जांच भी लिख रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज का अजब हाल देखने को आए दिन मिल रहा है। जिलाधिकारी व योगी सरकार का फरमान की धज्जियां उड़ाते मिल रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में तैनात डॉक्टर मसूद अहमद तहसील मुख्यालय पर स्थित ठाकुर हुकुम सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर मसूद अहमद कमीशन खोरी के चक्कर में बाहर से मरीजों की जांच करने पर आमादा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में मौजूद डॉक्टरों का गजब हाल है। सरकारी अस्पताल में इलाज के नाम पर आम जनता से खिलवाड़ किया जा रहा है। गरीब परेशान जनता जब सरकारी बंदोबस्त का सहारा लेना चाहती है तो उसे फक्त खाली हाथ लौटता पड़ता है। बाहर से लिखी जांच को मजबूरन करने पर डॉक्टर मजबूर कर देते हैं और बाहर मेडिकल स्टोर से भयानक कीमती दवाएं लेनी पड़ती है यह सिलसिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन देखने को मिलता रहता है जिससे गरीब जनता बेचारी किसके दरवाजे पर दस्तक दे ताकि उनकी कोई फरियाद सुन सके। इस मामले में सीएमओ डॉ राजेश गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब जानकारी हुई है। जांच के बाद कार्य वाई की जायेगी।



डॉक्टर ने लिखी बाहर की दवा।

### जांच होने पर पकड़े न जाएं

सीएचसी कैसरगंज के डॉक्टर द्वारा मरीजों को बाहर की दवा और जांच सादे कागज पर लिखा जा रहा है। इसका मुख्य कारण है कि जांच होने पर पकड़े न जाएं।

# एंबुलेंस चालकों को आपात स्थिति से निपटने का दिया प्रशिक्षण



एंबुलेंस चालकों को प्रशिक्षण देते अधिकारी। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के ट्रेनिंग प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय एंबुलेंस स्टॉफ (पायलट) कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शासन द्वारा चलाई जा रहीं एंबुलेंस के स्टाफ को लखनऊ से आई टीम ने प्रशिक्षित किया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में 40 से अधिक पायलटो को प्रशिक्षित किया गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार जिलों के पायलट शामिल हुए। जिसमें बलरामपुर, बहराइच, बाराबंकी और श्रावस्ती के कर्मचारि शामिल है। लखनऊ से आए हुए ऑडिटर कार्तिकेय शर्मा और ईएमएलसी अनुज कुमार वर्मा ने पायलटो को प्रशिक्षित किया। साथ में यह भी ध्यान रखा गया कि ट्रेनिंग में आए हुए पायलटो की अनुपस्थिति में एंबुलेंस संचालन में कोई भी दिक्कत न आए। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 10 से 12 दिन चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमओ ने भी सड़क सुरक्षा के बारे में पायलटो को निर्देश दिए। इस दौरान रीजनल मैनेजर विवेक मिश्रा ,प्रोग्राम मैनेजर सुधीर कुमार समेत चालक मौजूद रहे।

### रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव

**बहराइच, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में 08 स्थानों पर 09 से 29 फरवरी के मध्य मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति-पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में लार्ड बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साकेत नगर, रूपईडीहा में आयोजित किये जा रहे 02 दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का 23 फरवरी को अपरान्ह दो बजे से रंगारंग आगाज़ होगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 'रघुबीरा' नृत्य नाटिका, भारत-नेपाली फ्यूज़न बैण्ड शो, भारतीय लोक नृत्य, डान्स ऑफ यूपी फ्यूजन लोक नृत्य शो, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, हिन्दी, भोजपुरी, मैथिली एवं नेपाली गायको की प्रस्तुति, भारत-नेपाल परिधान प्रदर्शन शो, तराई सीमा जनपदों में सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के मुख्य आर्कषण होंगे।

## वर्ग पहेली-351

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. ख़ाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली - 350 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | ड़ु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू-68

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| | | | | 9 | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | 9 | | |
| 7 | | 5 | | | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 2 | 7 | | | 4 | | 9 |
| | | 7 | | 5 | 6 | | 9 | |
| 5 | 6 | | | 7 | | | | |
| | | | | 4 | 8 | 7 | | |

### सुडोकू - 67 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 15 .33 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-आश्लेषा 19 .25 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष:** आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर रखें। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी।

**वृष:** आज आपको शुभ सूचना मिल सकती है। भौतिक भोग-विलास का आनंद लेंगे। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। आलस्य के कारण अपना नुकसान करा सकते हैं। आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**मिथुन:** आज अपनी जिम्मेदारियों को समझें। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। नए संबंधों को लेकर सावधान रहें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। आपकी जीवनशैली अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**कर्क:** आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कारोबार में सब कुछ आपके अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। अनैतिक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**कन्या:** आज फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादों में आपकी विजय हो सकती है। किसी बीमा पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सचेत रहने वाले हैं। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला:** आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। रिश्तेदारों के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों की बातें आपको बुरी लग सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने से आपको लाभ होगा। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**वृश्चिक:** आज मित्रों के साथ पार्टनरशिप में कारोबार शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। शरीर में ताजगी और उत्साह रहेगा। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

**धनु:** आज दर्शन और योग में आपकी स्वाभाविक रुचि हो सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। किसी भी आर्थिक गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। नशे और गरिष्ठ खानपान से परहेज करें।

**मकर:** आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे। तनाव के बावजूद आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ कई काम संभालने पड़ेंगे। मन में नकारात्मक भाव न आने दें। पैतृक संपत्ति के मामलों में जल्दबाजी न करें। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मीन:** आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा उपयोग करेंगे। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। प्रेमी जन के साथ गंभीर विषयों पर वार्तालाप हो सकती है। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
बादशाह
सुबह : 10 .00
धड़कन
रात : 07 .00

SONY MAX
स्टाइल
सुबह : 09 .00
कैथी
शाम : 06 .00

SONY PIX
हेलबॉय
सुबह : 10 .20
लाइफ
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बोस- द फॉरगेटेन हीरो
सुबह : 10 .30
फितूर
रात : 07 .30

colors CINEPLEX
हम तुम पे मरते हैं
दोपहर : 12 .06
असुर
रात : 08 .49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला। चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है? पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए? चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

ते पुत्रा ये पितुर्भक्ता : स : पिता यस्तु पोषक : ।
तन्मित्रं यत्र विश्वास : सा भार्या या निवृति : ।।

संतान वही है जो अपने पिता की सेवा करे। पिता वही है जो अपने पूरे परिवार का लालन-पालन कर सकें। मित्र वही है जिस पर विश्वास किया जा सके और पत्नी वही है, जो आपको हमेशा खुश रखें।

संपादकीय

# नई हरित क्रांति की जरूरत

बढ़ती आबादी के साथ खाद्यान्न की तेज होती मांग और कृषि उत्पादन बढ़ाने का दबाव सरकार पर है। आजादी के समय खाद्य सुरक्षा की समस्या देश को विरासत में मिली थी। पहली हरित क्रांति ने जहां एक तरफ देश को खाद्य सुरक्षा की समस्या से काफी हद तक निजात दिलाई और देश को एक खाद्यान्न आयातक देश से खाद्यान्न निर्यातक देश में बदल दिया परन्तु जैसे-जैसे हरित क्रांति आगे बढ़ती गई, ठीक उसी प्रकार उत्पादकता में ठहराव आता गया। ऐसे में भारत को दालों और खाद्य तेल जैसी कम पानी की खपत वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए द्वितीय हरित क्रांति की शुरुआत करने की जरूरत महसूस की गई। देश में हरित क्रांति की शुरुआत 1966-67 में हुई थी। खाद्यान्न उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने दो वर्ष पहले पूर्वी भारत में ब्रिगिंग ग्रीन रिवोल्यूशन इन ईस्टर्न इंडिया (बीजीआरईआई) कार्यक्रम शुरू किया था। यह कार्यक्रम सात राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चलाया जा रहा है। वर्ष 2000 के आसपास द्वितीय हरित क्रांति की चर्चा शुरू हो गई। 1998 में अटल बिहारी बाजपेयी ने सबसे पहले द्वितीय हरित क्रांति का उल्लेख किया। वर्ष 2000 में घोषित राष्ट्रीय कृषि नीति में भी द्वितीय हरित क्रांति शुरू करने पर बल दिया गया था। 2002 में एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने पर इसे एक नया आयाम मिला परन्तु मई 2004 में सत्ता परिवर्तन होने पर द्वितीय हरित क्रांति ठंडे बस्ते में चली गई। परन्तु यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में पुनः एक बार द्वितीय हरित क्रांति पर फोकस किया गया और इसकी शुरुआत पूर्वी भारत से हुई जिसे आशा और संभावनाओं दोनों ही दृष्टियों से देखा जा रहा है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली को हतोत्साहित करने की बात कही। जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है, दलहन, तिलहन और सब्जियों जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, जो पानी की मांग को काफी कम कर सकती हैं और सरकार इन फसलों पर एमएसपी की गारंटी दे सकती है। ये सिफारिशें महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कुछ राज्यों में किसान अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी शामिल है। ध्यान रहे छठे दशक में हरित क्रांति के दौरान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश फले-फूले, वहीं दूसरी ओर इन तीनों राज्यों में क्षमता से अधिक दोहन के चलते जल संसाधनों की स्थिति खराब हुई है। हरित क्रांति द्वितीय का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन हमें कुछ अहम पहलुओं का ध्यान रखना होगा। सावधानी बरतनी होगी कि नई हरित क्रांति हमारे संसाधनों को नुकसान न पहुंचाए, बल्कि उनमें सुधार लाए।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का गणित



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है।

किसानों के आंदोलन से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मसला एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। वास्तव में अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य तो किसानों का अधिकार है और यह उसे मिलना ही चाहिए। वस्तुतः एमएसपी किसानों को बाजार के उतार चढ़ाव और व्यापारियों-बिचौलियों के शोषण से बचाने की गारंटी देता है। किसानों ने अपनी खेती में जो भी लागत लगाई है, जैसे बीज, खाद, पेस्टीसाइड, श्रम, खेत का किराया, चाहे अपनी है या किराये की है, उसका उसे प्रतिफल तो मिलना ही चाहिए, परंतु अभी यह उनका अधिकार नहीं है। खेती को जब तक मात्र आजीविका का साधन बनाए रखा जाएगा, तब तक उसे लोग दिल से नहीं अपनाएंगे। ये अलग बात है कि खेती कभी व्हाइट कॉलर जॉब तो नहीं बन सकता, परंतु इसे एक सुरक्षित व्यवसाय के रुप मे परिवर्तित कराना ही सरकार और स्वयं किसानों का उद्देश्य होना चाहिए। यदि सभी किसान सिर्फ अपने और अपने परिवार के खाने के लायक मात्रा में ही खेतों से उत्पादन करने लगेगा तो बाकी तीस-चालीस प्रतिशत जनसंख्या क्या खाएगी? अब प्रश्न यह है कि जब खेती किसानी इतनी महत्वपूर्ण है तो सरकार एमएसपी को एक विधिक दर्जा देकर कानून क्यों नहीं बना देती जिससे जो कोई भी एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदें तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराई जा सके, किसानों का शोषण रोका जा सके। वस्तुतः राज्य सरकारों द्वारा निर्गत धान या गेहूं क्रय नीति में पहले से ही उल्लिखित होता है कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं या धान की मंडियों में पहले बोली लगाई जाएगी जिसमें मंडी, सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी, आढ़तिया और किसान उपस्थित रहेंगे। यदि एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) धान/गेहूं की बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम लगती है तो इसे सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा जाएगा और किसानों को एमएसपी प्रदान किया जाएगा। इतना ही नहीं एमएसपी से कम बिकने पर उसे डिस्ट्रेस सेल मानते हुए संबंधित सरकारी कर्मचारियों/व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। स्पष्ट है कि सरकार इसके लिए पहले से ही कृत संकल्पित है, सिर्फ इसका कड़ाई से अनुपालन कराना वांछित है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है।

एमएसपी एक प्रकार से किसानों को उनकी फसल बिक्री के लिए गारंटीशुदा कीमत है। भारत सरकार ने किसानों की फसलों को उनका उचित मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया था, जिसे सन् 1985 में कृषि मूल्य और लागत आयोग बना दिया गया। इस आयोग की अनुशंसा पर पहली बार 1966-67 में धान और गेहूं के एमएसपी की घोषणा की गई थी। यह आयोग किसी भी फसल की लागत से कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर फसलों की एमएसपी तय करता है यानि किसानों को जो लागत आती है, उस पर कम से कम 50 प्रतिशत लाभ जोड़कर एमएसपी तय की जाती है। एमएसपी कीमत निर्धारित करने से पूर्व फसल की मांग और आपूर्ति, उत्पादन की लागत, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कीमत, आंतरिक फसल कीमत मानक, कृषि और गैर कृषि के बीच व्यापार की शर्तें, फसल कीमत से उपभोक्ता पर संभावित प्रभावों का आंकलन करती है, परंतु सरकार इसे मानने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है और यही किसानों का भय है कि सरकार कभी भी फसल की एमएसपी दर घटा या बढ़ा सकती है या हटा भी सकती है। किसानों की मांग है कि संसद को एमएसपी पर एक कानून बनाना चाहिए ताकि कोई भी व्यापारी किसानों की फसल को एक निश्चित दर से नीचे न खरीद सके और ऐसा करने वाले को दंडित किया जाना चाहिए और किसानों को फसल बोने से पहले सूचित किया जाना चाहिए कि उनकी फसल किस दर पर बेची जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार में देश में केवल छह प्रतिशत किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी मिल पाता है और यह सोचनीय स्थिति है। अतः प्रथम उद्देश्य यह होना चाहिए कि इसका विस्तार अधिकतम किसानों तक हो और अधिकतम किसान इसका लाभ उठाएं। पंजाब और हरियाणा में अधिकांश किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हैं और यही कारण है कि आंदोलन में इन्हीं दो राज्यों के किसानों की बहुलता भी है। अन्य राज्यों में इस योजना के वास्तविक विस्तार होने से किसानों में सुरक्षा और व्यावसायिक दृष्टिकोण से खेती करने की भावना विकसित होगी।

लागत आयोग के आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सी 2+50 प्रतिशत फॉर्मूला लागू करने पर गेहूं की उत्पादन लागत 1503 रुपये प्रति क्विंटल आती है। इसके विपरीत बिहार या पश्चिम बंगाल में गेहूं की उत्पादन लागत क्रमशः 1745 रुपये प्रति क्विंटल और 2003 रुपये आती है। इस वर्ष सरकार ने गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए प्रति कुंतल घोषित किया है तो स्पष्ट है कि बिहार-पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एमएसपी इनके लागत मूल्य से कम मिल रहा है और पंजाब-हरियाणा में ज्यादा। स्पष्ट है कि एमएसपी की गारंटी के साथ-साथ खरीद की व्यवस्था को मजबूत बनाना होगा। इसके लिए सरकार को खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ानी होगी, भुगतान की प्रक्रिया को तेज करना होगा और किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ट्रैकिंग की सुविधा देनी होगी। हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एमएसपी योजना में अपनी खरीद बढ़ाने, अधिकाधिक किसानों तक पहुंचने, त्वरित भुगतान करने और ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था बनाने में तेजी से प्रगति की है। बायोमेट्रिक पद्धति से खरीद, आधार लिंक और पीएफएमएस प्रक्रिया से भुगतान ने इस योजना का किसानों में विश्वास और विस्तार बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी इस दिशा में प्रगति हुई है।

सभी किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं मिल पाने में एक बड़ी बाधा एफएक्यू अर्थात् फेयर एवरेज क्वालिटी और खाद्यान्न की निर्धारित गुण विर्निष्टियों के अंतर्गत खरीद है। हालांकि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की उपज को मानक के अनुसार बनाने के लिए साफ सफाई हेतु उपकरण उपलब्ध हैं, परंतु मानक के अनुसार बनाना टेढ़ी खीर है। यह नियम विश्व खाद्य संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के विभिन्न निर्देशों के क्रम में केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के अनुमोदन से भारतीय खाद्य निगम निर्धारित करती है कि किस क्वालिटी का धान-गेहूं या अन्य फसल खरीदा जाएगा, जो मानवीय खाने के योग्य हो। पीएफए अर्थात् प्रिवेंशन ऑफ फूड अल्टरेशन के अंतर्गत किसी खाद्य पदार्थ को मानव के खाने हेतु योग्य या अयोग्य घोषित किया जाता है, लेकिन इसके मानकों को जांचने का तरीका अभी तक मैन्युअल हैं, जिसे मशीनीकृत या पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि सरकारी क्रय केंद्रों पर तो यह मानक व्यवस्था लागू कराई जा सकती है, परंतु निजी व्यापारियों के खरीद पर कैसे लगाया जा सकेगा, यह एक गंभीर चुनौती है। बाजार के खरीद का मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति और उनके लाभ पर निर्भर करता है। यदि वो भी सभी क्वालिटी के खाद्यान्न को एमएसपी पर खरीदना शुरू करें तो फाइनल प्रोडक्ट काफी महंगा हो जाएगा और महंगाई काफी बढ़ जाएगी। सरकार लोक कल्याणकारी है और वह घाटा उठाकर या सब्सिडी देकर खराब या मानकों से इतर खाद्यान्न एमएसपी पर खरीद कर मुफ्त में बांट सकती है, परंतु निजी आढ़तियों से हम इसकी अपेक्षा नहीं कर सकते। अब सरकार खरीद के लिए मानक निर्धारित न करें तो क्या करें? मार्केट में अच्छे-बुरे सभी सामान का उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्य निर्धारित होता है तो क्या इसी मानक के आधार पर किसानों से खरीद में भी मूल्य तय किए जाएं? तराई क्षेत्रों में शुरुआत में धान में अत्यधिक नमी के कारण सरकारी मानक के अंतर्गत न आने के चलते उन्हें मजबूरी में आढ़तियों के हाथों कम दामों में बेचना पड़ता है। किसानों का ये मानना है कि सरकार यदि नमी की मात्रा के आधार पर मूल्य तय कर ले तो किसानों को लाभ मिल जाए, लेकिन क्या ज्यादा नमी वाले खाद्यान्न को ज्यादा दिनों तक एफसीआई के मानकों के अंतर्गत संरक्षित रखा जा सकेगा? आज सरकार उतनी ही मात्रा में खरीद का लक्ष्य रखती है, जो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे वितरित करती है और एक निश्चित मात्रा आपातकाल के लिए बफर गोदाम मे संरक्षित करती है। इससे अधिक खरीदकर उसे भंडारित और संरक्षित करना भी एक दुरुह कार्य है।

प्रसंगवश

# स्वच्छता आंदोलन के महामानव



भारतीय सामाजिक परिवर्तन का केंद्र रहे महाराष्ट्र से अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपने जीवन दर्शन से समूची मानवता को संदेश दिया है। अठारवीं शताब्दी में जन्मे देश के नायक महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के साथ ही बाबा गाडगे का जन्म हुआ। भारत में स्वच्छता को आंदोलन के रूप में प्रेरित करने वाले महान संत गाडगे को स्वच्छता आंदोलन का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अकोला में पैदा हुए संत गाडगे धोबी समाज से जुड़े थे। युवावस्था में ही अंधविश्वास, रूढ़ियों और मूर्ति पूजा के विरोध में उन्होंने जन जागरुकता शुरू की। उनके पास एक मिट्टी के मटके जैसा पात्र था इसी में वे खाना-पीना खाते थे। महाराष्ट्र में मटके के टुकड़े को गाडगा कहते हैं यही उनका प्रचलित नाम बन गया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

संत गाडगे गांव-गांव घूमकर दलित और गरीब बस्तियों में लोगों को कीर्तन के माध्यम से शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित करते थे। कीर्तन में उनके प्रमुख संदेश थे मेरी जहां मृत्यु हो जाए वहीं मेरा अंतिम संस्कार कर देना, मेरी मूर्ति, मेरी समाधि, मेरा स्मारक, मंदिर नहीं बनाना, मैंने जो कार्य किया है वही मेरा सच्चा स्मारक है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा के बिना मत रखो। संत गाडगे के समय का तत्कालीन भारतीय समाज जहां एक ओर जातीय जकड़न और शोषण का शिकार था, वहीं दूसरी ओर आदर्शवादी बातें एवं सम्मान पर भी कुछ समूहों का वर्चस्व था। ऐसे में अपनी सादगी, वैचारिकी और समाज के एक बड़े उपेक्षित समूह का जीवन स्तर बेहतर करने की प्रतिबद्धता के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना अकल्पनीय है। संत गाडगे का जीवन दर्शन समाज कल्याण एवं परोपकार का जीवंत उदाहरण है। वंचित समाज में उनकी लोकप्रियता और प्रभाव का सम्मान करते हुए सामाजिक परिवर्तन के अनेक मुद्दों पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर उनके अनुभव के आधार पर नीतियां बनाते थे।

आज जहां पूरी दुनिया में साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाने पर उसका अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में संत गाडगे के स्वच्छता आंदोलन विषयक अभियान का संदेश बेहद प्रासंगिक है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि साफ-सफाई के कार्य को किसी जाति विशेष से जोड़कर अपमानित नहीं करना चाहिए, बल्कि जो लोग इस कार्य को करते हैं उनका सार्वजनिक अभिनंदन किया जाना चाहिए। सफाई से जुड़े समूहों के प्रति समाज के कुलीन वर्ग द्वारा किए जाने वाले तिरस्कार के संत गाडगे बेहद खिलाफ थे। यही भेदभाव और अपमानजनक व्यवहार के कारण वे धार्मिक पाखंड और कुरीतियों पर हमला करते रहते थे।

जीवन के अंतिम समय में संत गाडगे की ख्याति महाराष्ट्र से पूरे भारत में फैलने लगी थी। पूरे देश में गाडगे बाबा के जीवित रहते अनेक संस्थाओं ने उनके विचार पर कार्य करना शुरू कर दिया था। 1956 में 6 दिसंबर को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण होने पर संत गाडगे बेहद दुखी हो गए। इस घटना से वह व्यथित हुए उसी शोक में बीमार होने के कारण उसी दिसंबर के महीने में 20 तारीख को उनका भी देहावसान हो गया, लेकिन जीवनभर जिस विचार को उन्होंने फैलाया वह आज भी पूरी प्रखरता से गतिमान है। उनकी विशिष्ट सेवाओं का सम्मान करते हुए अमरावती में संत गाडगे बाबा अमरावती यूनिवर्सिटी नाम दिया गया। साथ ही उनके नाम पर अनेक सम्मान/पुरस्कार भी घोषित है।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी सामाजिक संरचना में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। स्वच्छता को आज भी एक वर्ग विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। यह सभ्य समाज के लिए उचित नहीं है। लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। साथ ही समानता और बंधुत्व इसके मूल में है। इन सभी लक्ष्यों को संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलकर पाया जा सकता है। 23 फरवरी उनकी जयंती है उस महामानव संत गाडगे को स्मरण करने का दिन है जिन्होंने स्वच्छता के संदेश के माध्यम से हमें मनुष्य बने रहने के बुनियादी सिद्धांतों से परिचय कराया।

# सनातन परंपरा के संवाहक संत रविदास



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की।

रविदास ऐसे संत कवि थे जिनके भीतर पल-पल परमात्मा को पाने की भारी तड़प थी। बाहरी जीवन के बजाय भीतरी यात्रा में सतत् सावधान महात्मा रविदास ने 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाके अंग अंग बास समानी' की रट लगा वैष्णव भक्ति धारा का अप्रतिम प्रसार किया। संसार में रहते हुए भी विराग को जीवन बनाकर संत रैदास ने भक्तिभाव की ऐसी अलख जगाई, जो सदियां बीत जाने के बाद आज भी असंख्य लोगों के लिए आकर्षण एवं प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है।

पंचगंगा घाट के प्रसिद्ध संत स्वामी रामानंद का शिष्य बनने की इच्छा भक्त रैदास के मन में जागी तो स्वामी रामानंद ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया। भक्त रैदास ने कहा हम चमार हैं तो स्वामी रामानंद ने कहा, प्रभु के यहां कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। स्वामी रामानंद ने रैदास को प्रभु राम की भक्ति करने तथा भजन लिखने का आग्रह किया। भक्तिभाव से पद लिखना भक्तों के मध्य गाना, किंतु जूते बनाने का अपना व्यवसाय भी करते रहना, यही उनकी दिनचर्या हो गई।

भक्त रैदास कहते हैं कि सभी का प्रभु एक है तो यह जातिभेद जन्म से क्यों आ गया? यह मिथ्या है-'जाति एक जामें एकहि चिन्हा, देह अवयव कोई नहीं भिन्ना।/ कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गावें, यथा कर्म फल तैसहि पावें। जीव वै जाति वरन कुल नाहीं, जाति भेद है जग मूरखाई।/ नीति-स्मृति-शास्त्र सब गावें, जाति भेद शठ मूढ़ बतावें।/संतन के मन होत है, सब के हित की बात।/ घट-घट देखें अलख को, पूछें जात न पात।। संत रैदास ने जातिगत भेदभाव की व्यवस्था को अपनी वाणियों में बहुत ही सहज ढंग से व्यक्त किया और लोगों को समझाया कि जन्मना कोई श्रेष्ठ या नीच नहीं होता। उनके विचार से जन्मना कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं है। ऊंची जाति का व्यक्ति वही है जिसके कर्म अच्छे हैं। संत रविदास कहते हैं कि तुम्हारी जाति कोई भी क्यों न हो भगवद्भक्ति सभी का उद्धार करने में सक्षम है।

संत रैदास को जिस जातिगत घृणा से लड़ना है वह हिंदू समाज की अपनी ही हीनता तथा जातिभेद में से उपजी हुई अमानवीय क्रूरता की नियति है। संत रैदास अधम कही जाने वाली जातियों के अंदर पैदा हो रही क्रांतिकारी चेतना के आग्रही-जुझारू तथा स्वाभिमानी पथ-प्रदर्शक बन जाते हैं और अपनी इन जातियों में आत्मसम्मान के लिए भगवद्भक्ति को आधार बनाकर संघर्ष करते हैं। भक्त रैदास ने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि त्याग, समर्पण और भगवद्भक्ति से व्यक्ति ऊंचा उठता-चलता है और फिर उसकी जाति महत्वहीन हो जाती है। भक्त रैदास का भक्तिभाव देखकर काशी नरेश उनके शिष्य बन गए। चित्तौड़ के महाराणा उदय सिंह की पत्नी झाली रानी संत रैदास की शिष्या हो गईं। ऐश्वर्य, शक्तिसंपन्न चित्तौड़ की कुलवधू मेड़तणी मीरा ने भी भक्त रैदास को ही अपना गुरु स्वीकार किया। कृष्णभक्ति में आकंठ डूबी मीरा अनेक प्रकार का विरोध सहन करती हुई भक्त रैदास की शरण में आ गईं। उन्हीं से मीरा ने आशीर्वाद पाया और भक्ति में लीन हो गईं। मीरा और भक्त रैदास का मिलन सगुण और निर्गुण भक्ति धाराओं का मिलन तो है ही साथ ही साथ जातिगत आधार पर भेद मानने वालों को एक सुंदर अनुकरणीय सीख भी है।

भक्त रैदास की ख्याति दूर-दूर तक फैल रही थी तभी चित्तौड़ के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राणा ने भक्त रैदास को बुलाया। अनेक ब्राह्मणों द्वारा विरोध करने के बावजूद राणा ने संत रैदास का सम्मान किया, पादपूजा की। भक्त रैदास को संपूर्ण देश में सम्मान मिला तथा उन के 41 पद श्रीगुरुग्रंथ साहिब में प्रतिष्ठा पाए। भक्त रैदास के साथ पूरी चर्मकार जाति भी प्रतिष्ठित हुई। 'रैदास' नाम एक उपाधि की तरह बन गया। हजारों सवर्ण कहे जाने वाले लोग संत रैदास के भक्त हो गए। भक्त रैदास ने ही कहा था कि ''जाति से कोई पद नहीं पहुंचा।

रविदास की भक्ति साधना में भावुकता, विनम्रता और प्रेम की प्रधानता है। आचरण की पवित्रता पर विशेष बल है। संत रविदास गुरु महिमा और सत्संग के समर्थक हैं। वह मानते हैं कि सत्संगति के बिना भगवान के प्रति प्रेम नहीं हो सकता और भगवत्प्रेम के बिना मुक्ति नहीं हो सकती। उनके दर्शन के अनुसार जीव परमात्मा का अंश है। जीव के अंतःकरण में प्राण स्वरूप परमात्मा का निवास है। संसार की नश्वरता और शरीर की क्षणभंगुरता के विषय में रविदास जी कहते हैं कि इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी/ जलि गइयो घासु रलि गइयो माटी।

सोशल फोरम

# इतिहास का दुहराव



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हमारा इतिहास गवाह है कि हमने मुगलों और अंग्रेजों से बहुत सी लड़ाइयां लड़ी। कहीं मराठे, कहीं सिख, कहीं टीपू, कहीं झांसी की रानी तो कहीं बहादुर शाह जफर, सबने अपनी क्षमता भर इनका विरोध किया, लेकिन समस्या यही रही कि हमने कभी एकजुट होकर विरोध नहीं किया। हमारी इसी एक गलती ने हमें 600 साल तक गुलाम बनाए रखा। इस अकेली कमजोरी ने हमारी आजादी को हमसे सालों दूर रखा।

10 मई 1857 को मेरठ से शुरू हुए सैनिक विद्रोह को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है। मध्य भारत और गंगा के मैदानी इलाकों से आगे ये विद्रोह नहीं बढ़ पाया। इस संग्राम में अगर कहीं पूरे देश ने आहुति दी होती तो शायद हमारी आजादी की तारीख 90 साल पहले आ गई रहती।

हमारे छोटे-छोटे स्वार्थ हमें कभी एक भारतीय के रूप में सोचने ही नहीं देते। हम पहले भी बंटे हुए थे हम आज भी बंटे हुए हैं। मैंने एक कार्टून फिल्म देखी थी। उसमें करीब 30 लोग एक विशाल चट्टान को धक्का देकर हटा रहे हैं। विशाल पत्थर बड़ी मुश्किल से इंच-इंच कर खिसक रहा है। शाम की छुट्टी के बाद सब लोग चले जाते हैं और केवल दस लोग उसे धक्का देने के काम लगे रहते हैं। इस पर एक आदमी पूछता है कि ये क्या हो रहा है तो उसे बताया जाता है कि ये दस लोग ओवरटाइम कर रहे हैं। मेरा ख्याल है कि ओवरटाइम का दिखावा कर फायदा उठाने वाले यहां ज्यादा है। आगे बढ़कर सच में हाथ लगाने वाले कम।

पौराणिक कहानियों में भी एक कहानी है कि देवी दुर्गा का महिषासुर के साथ बहुत बार युद्ध हुआ, लेकिन उसे विजय नहीं मिली। फिर सभी देवताओं ने देवी दुर्गा को अपने अपने शस्त्र दिए। तब जाकर देवी दुर्गा को सफलता मिली।

आज की परिस्थितियां भी कुछ अलग नहीं हैं। आज भी ये राजनीतिक दल अपने-अपने क्षत्रपों की चिंता में ही लगे हुए हैं। ये बंटे हुए लोग हैं। जबकि इन सबका प्रतिद्वंद्वी साझा ही है, लेकिन इसके बावजूद इनके स्वार्थ इन्हें एक नहीं होने दे रहे। ये एक-एक कर मिट जाने को, गुलाम होने को तैयार हैं, लेकिन एक होकर मुकाबला करने को नहीं। इतिहास फिर दोहराया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

# एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर उत्तर प्रदेश



अनिल कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है।

बदलते भारत का नया उत्तर प्रदेश बनने की राह इतनी आसान नहीं रही है। मानव एवं प्राकृतिक संसाधन की प्रचुरता के बावजूद अगर उत्तर प्रदेश पिछड़ा और गरीब राज्य की श्रेणी में गिना जाता रहा है तो उसका एकमात्र कारण मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव रहा है। वर्ष 2017 से पहले भी उत्तर प्रदेश के पास पर्याप्त भूमि, सर्वाधिक जनसंख्या और भरपूर पूंजी थी, बस कमी थी तो एक ईमानदार शासकीय नीयत की। इसी नीयत के चलते उत्तर प्रदेश प्रचुर संसाधन होने के बावजूद देश की सातवीं अर्थव्यवस्था बनकर पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेलने को मजबूर था।

आज उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में छोटे-बड़े उद्योग लग रहे हैं। निवेशक प्रदेश के पूर्वांचल, मध्य यूपी और बुंदेलखंड की तरफ भी बढ़ रहे हैं। 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं में पूर्वांचल को 29 फीसदी, मध्य यूपी को 14 फीसदी तथा बुंदेलखंड को पांच फीसदी की हिस्सेदारी मिली है। यह आगाज है, उम्मीद की जा सकती है कि अंजाम और बेहतर होगा। आर्थिक सुधारों एवं निवेश की बदौलत बीते सात वर्षों में उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे ज्यादा जीडीपी वाला राज्य बन गया है। उत्तर प्रदेश देश की जीडीपी में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी दे रहा है। उत्तर प्रदेश अपनी इकोनॉमी का साइज बढ़ाने के लिए केवल निवेश पर ही खुद को निर्भर नहीं रखना चाहती है। सरकारी तंत्र राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश 12 एक्सप्रेस-वे वाला एकलौता राज्य होने जा रहा है। सड़क के साथ राज्य में एयर एवं रेल कनेक्टिविटी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में 21 एयरपोर्ट शीघ्र अपना ऑपरेशन शुरू कर देंगे जिनमें पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की निर्यात क्षमता में भी वृद्धि होगी। पर्यटन भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं काशी-मथुरा में देवालयों के जीर्णोद्धार से राज्य में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है।

बीते साल 32 करोड़ से ज्यादा लोग उत्तर प्रदेश घूमने आए जिनमें काशी, मथुरा और अयोध्या सबसे ऊपर रहा। फिल्म सिटी के निर्माण के बाद फिल्मी गतिविधियां भी उत्तर प्रदेश की तिजोरी को भरने में बड़ा योगदान देंगी। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट वाला यह राज्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला राज्य बन जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ा है। 21 एयरपोर्ट संचालित होने जा रहे हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा फिल्म सिटी का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश की तस्वीर और तेजी से बदलेगी। डेडिकेटेड रेल फ्रेट कॉरिडोर के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण का जंक्शन उत्तर प्रदेश में है। 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई प्रोजेक्ट भी इसी यूपी में संचालित हैं।

# न्यायिक निर्णयों के अनुपालन में विलंब



सुधाकर आशावादी
मेरठ

न्यायपालिका यदि जन समस्याओं के समाधान हेतु स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित न्याय करना चाहे, तो उसे भला कौन रोक सकता है। अनेक प्रसंगों में न्यायपालिका ऐसा कर भी चुकी है। देश में बड़े-बड़े अराजक प्रदर्शनों में न्यायपालिका अनुशासन के अनुपालन की सलाह भी दे चुकी है, मगर उसके निर्णयों का कितनी गंभीरता से अनुपालन होता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

हाईवे पर कृषि उपकरणों को लाया जाना, कृषि उपज को ढोने वाले संसाधनों का सवारी ढोने या राजमार्गों को जाम करने में प्रयोग करना अनुचित बताए जाने पर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी व्यवस्था का खामोश रहना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था की कमजोरी सिद्ध करता है। कौन नहीं जानता कि यदि कानून का अनुपालन सही तरीके से हो जाए, तो अनेक समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो सकती हैं। चंडीगढ़ के मेयर पद चुनाव में धांधली पर माननीय उच्चतम न्यायालय का निर्णय संकीर्ण सियासी चालों पर भारी पड़ गया जिससे स्पष्ट हुआ कि न्याय में अंधेर नहीं है। जितने कम समय में यह निर्णय हुआ उससे यह भी संदेश जनमानस को मिला कि यदि देश की न्यायपालिका चाहे तो न्यायालय के निर्णयों का अनुपालन भी अविलंब करा सकती है तथा सरकारी विभागों में उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के निर्णयों को ठंडे बस्तों में डालने की लापरवाही पर भी कठोर कार्रवाई कर सकती है।

विडंबना यह है कि उत्तर प्रदेश सहित अनेक प्रदेशों में उच्च न्यायालय पुरानी पेंशन व्यवस्था तथा अन्य अनेक मसलों पर निर्णय दे चुका है, किंतु उन निर्णयों के अनुपालन हेतु जिन विभागों पर दायित्व है। वे उन निर्णयों पर समय से उचित कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वादकारी निर्णयों के अनुपालन हेतु विभागों के चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि न्याय के पुरोधा इस ओर भी समुचित ध्यान देकर त्वरित न्याय हेतु दिशा निर्देश जारी करके न्यायिक अनुपालन की अवधि भी सुनिश्चित कराने की पहल कर सकें?

# छेड़छाड़ के विवाद में धारदार हथियार से दो युवकों की हत्या

## दोनों पक्षों के आठ लोग घायल, आईजी अयोध्या मंडल ने एसपी के साथ किया घटनास्थल का दौरा, गांव छावनी में तब्दील, कई थानों की पुलिस का पहरा

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक शादी समारोह में लड़की से छेड़खानी के विवाद में चार दिन बाद दो युवकों की हत्या कर दी गई। चाकू और धारदार हथियार से दोनों पर कई वार किए गए। कई घायलों का इलाज चल रहा है। तनाव को देखते हुए जहां गांव में कई थानों की फोर्स लगाई गई है, वहीं आईजी अयोध्या और एसपी ने गांव का दौरा किया है।

मृतक सूर्यप्रताप की बहन रेनू पुत्री विनोद कुमार ने घटना को लेकर तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव के जगदीश पुत्र दयाराम अपनी बाइक लेकर आए और मेरे घर पर खड़ी करने लगे। परिवार वालों ने मना किया तो वह गाली गलौज करते हुए चला गया। बाद में जगदीश, अतुल यादव, रामजगत, दान बहादुर, अजय, सुंदरलाल, दयाराम, धर्मराज, जग्गी निषाद, रोशनी, अशोक कुमार, ऊषा और कुछ अज्ञात लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडे लेकर घर पर आ धमके। इन लोगों ने घरवालों को खत्म करने की धमकी दिया तो हम लोग डर कर घर के अंदर चले गए। आरोप है कि ये सभी आरोपी घर में घुसे और तोड़फोड़ करने लगे। उसी समय अतुल यादव ने सूर्य प्रताप (21) को घसीटकर खेत में ले गया और पेट में चाकू घोंप दिया। यही नहीं जगदीश ने जहां गड़ासे से हमला किया, वहीं राम जगत ने कुल्हाड़ी से प्रहार किया। सूर्य प्रताप को तड़पता देखकर इंद्रसेन (24) पहुंचा तो उसे भी लाठी-डंडे से पीटा। दोनों को परिवार वाले बचाने पहुंचे तो इन आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को भी जमकर पीटा। इसमें रेनू, रेनू की मां कृष्णा देवी, भानु प्रताप, हरिओम, रोली, राधेश्याम को चोटें आईं। पीड़ित रेनू ने बताया हम लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस गंभीर रूप से घायल सूर्य प्रताप व इंद्रसेन को लेकर सीएचसी अखंडनगर पहुंची। जहां डॉक्टर ने सूर्य प्रताप को मृत घोषित कर दिया। जबकि, इंद्रसेन व कृष्णा देवी को गंभीर हालत में अंबेडकरनगर रेफर किया। यहां इंद्रसेन की हालत बिगड़ गई तो उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जहां गुरुवार सुबह उसकी भी मौत हो गई।


इंद्रसेन व सूर्य प्रताप की फाइल फोटो।


आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार ने किया घटनास्थल व गांव का निरीक्षण।

### आधा दर्जन लोग पुलिस की हिरासत में

आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा सूचना पर गोपालपुर गांव पहुंचे। दोनों ही उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तनाव को देखते हुए कई थानों की फोर्स गांव में लगाई गई है। सीओ कादीपुर ने बताया कि केस दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की तीन टीमें वर्क आउट में लगाई गई हैं।

### लड़की को मोबाइल नंबर देने पर हुआ था विवाद

ग्रामीणों की माने तो बीते 18 फरवरी को एक बारात गांव से गई थी। जिसमें एक लड़की को मोबाइल नम्बर देने एवं वीडियो बनाने को लेकर दोनों पक्ष में विवाद हुआ था। लेकिन उस दिन गहमागहमी के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन अंदर ही अंदर वह चिंगारी सुलग रही थी जो बीती रात खूनी संघर्ष में बदल गई। जिनमें दयाराम के पक्ष एक एवं विनोद के पक्ष के सात लोगों को गंभीर चोटें आई।

## एक नजर

### सांसद मेनका का तीन दिवसीय दौरा कल से

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी का तीन दिवसीय दौरा 24 फरवरी से शुरू होगा। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 525 स्टेशनों का शिलान्यास/लोकार्पण किया जाएगा ।उसी समय सांसद श्रीमती गांधी लंभुआ रेलवे स्टेशन के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। लंभुआ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 11.80 करोड़ की लागत से होना है। इसके अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में वे शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने दी है।

### क्विज़ में राम विशाल को मिला पहला स्थान

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा क्विज़ कंप्टीशन का आयोजन बीए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बीच किया गया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो निशा सिंह ने कहा कि क्विज़ एक प्रकार का खेल अथवा दिमागी कसरत है। जिसमें खिलाड़ी (अकेले या टीम में) सवालों के सही उत्तर देने का प्रयास करते हैं। कंप्टीशन में प्रथम स्थान बीए सेकंड सेमेस्टर के राम विशाल पांडेय, द्वितीय स्थान बी ए सेकंड सेमेस्टर की सृष्टि सिंह, तृतीय स्थान बी ए चतुर्थ सेमेस्टर की संजना सिंह को मिला।

### व्यापारी नेता संदीप बंसल का स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** बुधवार की शाम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संदीप बंसल एक निजी कार्यक्रम में सुलतानपुर पहुंचे। यहां पर प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह के साथ व्यापारी संगठन से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया।

# सख्ती: पहले दिन 3,757 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

**यूपी बोर्ड**

▸▸ **दोनों पाली में निकले 6 उड़नदस्ते पर नहीं मिला कोई नकलची**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार से जिले के 122 केंद्रों पर आपाधामी के बीच शुरू हुई। कई केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की अनुपस्थिति में रिलीवर से काम चलाना पड़ा। सख्ती के चलते पहले ही दिन 3,757 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से किनारा कर लिया। दोनों पालियों में निकले छह-छह उड़नदस्तों को कोई भी नकलची हाथ नहीं लगा। देर शाम तक संकलन केंद्र बनाए गए शहर के जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराई गई।

गुरुवार को यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा जिले के 122 केंद्रों पर शुरू हुई। पहली पाली की परीक्षा साढ़े आठ से 11:45 बजे तक हुई। निर्धारित समय के आधे से पौना घंटे पहले ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक में बनाए गए कंट्रोल रूम के प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि हाईस्कूल के हिंदी व प्रारंभिक हिंदी विषय में कुल 43,143 छात्र-छात्राएं नामांकित थे। इस परीक्षा में 40,709 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 2434 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान का पेपर रहा। जिसमें नामांकित 134 में सभी उपस्थित रहे। दूसरी मीटिंग में दो से 5:15 बजे तक परीक्षा हुई। इंटरमीडिएट के अनिवार्य विषय हिंदी, सामान्य हिंदी में नामांकित 34,910 के सापेक्ष 33,603 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इस विषय में 1,307 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, इस मीटिंग में हाईस्कूल की वाणिज्य विषय के पेपर में नामांकित 254 के सापेक्ष 238 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पहले दिन शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा हुई। कुछ केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की कमी रही। जहां पर रिलीवर से काम चलाया गया। उन्होंने बताया कि दोनों पाली में गठित किए गए छह-छह सचल दल निकले। किसी को भी नकलची नहीं मिले है।


कुड़वार के एक परीक्षा केंद्र पर पुलिस की निगरानी में छात्रों को दिया गया प्रवेश।

# छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की कैद

● **अदालत ने दोषी पर तीन हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया**



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** चांदा थानाक्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व किशोरी के साथ छेड़छाड़ अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के दोषी श्यामबहादुर निषाद को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर तीन हजार 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि का 50 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया हो।

एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक चार नवंबर 2019 की शाम शौच के लिए गई किशोरी से आरोपी ने छेड़छाड़ किया तथा विरोध करने पर गाली गलौच तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### हर्ष फायरिंग के मामले में दरोगा का बयान दर्ज

**सुलतानपुर।** हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोप में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह के मामले में धनपतगंज के तत्कालीन अभियोजन गवाह दरोगा सुशील कुमार का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने दरोगा से जिरह की। कोर्ट में शेष साक्ष्य के लिए दो मार्च की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

# एबीवीपी ने बंगाल सरकार का पुतला फूंका

● **महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ फूटा गुस्सा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर ने गुरुवार को बंगाल सरकार का पुतला फूंका। पश्चिम बंगाल में हो रहे महिलाओं पर अत्याचार में टीएमसी नेता शेख शाहजहां द्वारा महिलाओं के साथ जबरन यौन उत्पीड़न व बगला देश के रोहगियों द्वारा वहां की हिंदू दलित महिलाओं को जबरन किडनैप कर लेना व बहन बेटियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करना का आरोप लगाते हुए उसके विरोध में एबीवीपी ने जुलूस निकाला। डीएम कार्यालय के सामने बंगाल सरकार का पुतला फूंका गया।

अभाविप काशी प्रांत के प्रांत सह मंत्री शुभेंद्र वीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रही लगातार ऐसी घटनाओं से वहां की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुखिया खुद एक महिला होकर दुष्कर्मियों को शरण देकर बचाने का कार्य कर रही हैं जो की निंदनीय है। यहां जिला संयोजक ऋतिक, शिवम, प्रीति, तेजस्व, रूद्र व नगर मंत्री आदर्श सह मंत्री प्रतिमा, आशीष तहसील संयोजक मनीष मौजूद रहे।


पश्चिम बंगाल सरकार का पुतला जलाते अभाविप के सदस्य। अमृत विचार

## आत्महत्या को उकसाने के आरोपी की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में में दो साल पूर्व प्रेम में धोखा देकर अश्लील फोटो व वीडियो बना शारीरिक संबंध बनाने के दबाव को लेकर किशोरी की मौत के मामले में जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने शुभम वर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक किशोरी के साथ झूठे प्रेम में फंसाकर आरोपी ने किशोरी के अश्लील वीडियो,फोटो बनाकर दोस्त को भेजा व शारीरिक शोषण को ब्लैकमेल करने लगा। दबाव के चलते किशोरी ने छह जनवरी 2021 को सुसाइड कर लिया। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ था। दौरान तफ्तीश साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

# दो माह से नहीं बन रहा मृत्यु प्रमाण पत्र, परिजन परेशान

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** भदैंया विकास खंड के दर्जन भर गांवों में मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य कार्यों के लिए लोग परेशान है। ब्लाक दिवस मे शिकायत के बाद भी समस्या बरकरार है। बेलासदा गांव मे महीने भर में आठ परिवार मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परेशान हैं।

तेरये के रामलाल मृत्यु प्रमाण पत्र के लिऐ डेढ़ महीने से दौड लगा रहे है। जिससे उनकी जमीन का वरासत नहीं हो रहा है। भदैंया के बेला मोहन निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. सलीम के पिता गफूर की कुछ माह पहले मौत हो गयी है। करीब तीन महीने पहले वह ऑनलाइन फार्म भरकर मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन किया। जिसके बाद पंचायत सचिव ने उनका आवेदन ही निरस्त कर दिया है। मो, सलीम ने बताया कि वरासत व अन्य आवश्यक कार्यों में मृत्यु प्रमाण पत्र का होना आवश्यक है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय तथा ऑनलाइन पोर्टल पर की गयी है। हनुमानगंज में गोली वनवासी की मौत को महीना बीत गया, अभी तक सचिव लवनीत शर्मा मृतक प्रमाणपत्र नहीं बना सकी है। अभियाकला में तीरथराज, जगराम, हरीराम आदि का मृतक प्रमाण पत्र अभी नहीं बना है। एडीओ ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

## सार-संक्षेप


अरविंद सिंह राजा को बधाई देते समर्थक। अमृत विचार

### क्षत्रिय कल्याण परिषद के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने राजा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में दीवानी के फौजदारी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा को बनाया गया है। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर आरपी सिंह ने राजा को यह जिम्मेदारी सौंपी है। विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री राजा को बनाये जाने पर प्रशांत सिंह, मृत्युंजय नारायण सिंह, प्रशांत पांडेय, अमित श्रीवास्तव, अब्बास अहमद खान, दीप सिंह, रोहित अवस्थी, अभिषेक सिंह चौहान समेत अधिवक्ताओं व उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर की है।

### पुराने मुकदमों को जल्द करें निस्तारित: सीआरओ

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** शासन के आदेश पर तहसील स्तर पर पांच साल से ज्यादा पुराने मुकदमों को निस्तारण किया जाना है। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह तहसील जयसिंहपुर व कादीपुर पहुंच कर पुराने मुकदमों के निस्तारण की प्रगति जानी। सीआरओ पहले जयसिंहपुर तहसील पहुंचे, जहां एसडीम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के कोर्ट में लंबित मुकदमों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को जल्द ही निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद सीआरओ कादीपुर तहसील पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के कोर्ट में लंबित मुकदमों की जानकारी ली। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि जयसिंहपुर में दो दर्जन से ज्यादा पुराने वाद तो वहीं कादीपुर में तीन दर्जन से ज्यादा पुराने बाद लंबित पाएं गए हैं। जिनको तीन कार्य दिवस में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ... जब डीएम के सामने रो पड़ी युवती

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** डीएम के जनता दर्शन में पहुंची युवती डीएम के सामने ही रो पड़ी। डीएम ने ढाढस बंधाते हुए उसे आश्वस्त किया तो युवती ने डीएम को पत्र सौंपा। जिले की बंधुआकला थाना क्षेत्र के एक युवती ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी कुछ फोटो गांव के ही एक युवक के पास है। जो आए दिन फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो भेजता है। मना करने पर वायरल करने की धमकी भी देता है। आरोप है कि युवक संबंध बनाने का भी दबाव डाल रहा है। युवक के द्वारा वीडियो वायरल हो जाने से उसकी पारिवारिक जीवन टूट सकता है। युवक द्वारा लगातार धमकी देने से वह काफी डरी सहमी है। अगर युवक ने वीडियो वायरल कर दिया तो मजबूरन मौत को गले लगाना पड़ेगा। डीएम ने सीओ को विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### 127.81 लाख से हनुमान मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** विधायक सदर जयसिंहपुर राज प्रसाद उपाध्याय ने मोतिगरपुर में हनुमान मन्दिर छिदुवारी का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार के लिए गुरुवार को भूमिपूजन किया। हनुमान मंदिर छिदुवारी के पर्यटन विकास कार्य के लिए यूपीपीसीएल अयोध्या के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिसकी कुल लागत 127.81 लाख रुपए है। यहां यात्री हाल, टायलेट ब्लाक, इंटर लाकिंग मन्दिर का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराया जाना है। यहां तहसीलदार जयसिंहपुर हृदयराम तिवारी, जिला सूचना एवं पर्यटन अधिकारी डा. धीरेंद्र कुमार यादव व कार्यदायी संस्था के इंजीनियर रोहित सिंह आदि रहे।

# सरकारी धन के दुरुपयोग की डीएम से की शिकायत

▸▸ **ग्राम पंचायत में हुए घोटाने की जांच कराने की मांग**

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत के विकास के लिए आए सरकारी धन का प्रधान द्वारा दुरुपयोग किए जाने की शिकायत ग्रामीण ने डीएम से की है। फर्जी मनेरगा मजदूर बना जहां सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। वही फर्जी काम दिखा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

जिले के भदैया ब्लाक के मिश्रपुर पुरैना निवासी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने गुरुवार को शपथ पत्र युक्त शिकायती पत्र डीएम को सौंपा। ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान की मिली भगत से गांव निवासी सुरेश कुमार जो की भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में है उनकी पत्नी को मनरेगा मजदूर बना एक लाख रुपए के सरकारी धन का बंदरबाट किया गया। किराना व्यापारी अच्छेलाल व राजमणि आढ़त व्यापारी के पुत्र विवेक कुमार, सुरेंद्र सुमन,सरोज, रामगुलाम, कैलाश का जाब कार्ड बना गलत ढंग से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। फर्जी नाम से रिबोर, बिना निर्माण के नाली का पैसा निकाल सरकारी धन की बंदरबाट की है। ग्रामीण ने प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज करने के साथ जांच कर दंडात्मक कार्यवाही व रिकबरी की मांग की है।

# राशन दुकान की निर्माणाधीन छत ढही

● **पुरानी ईंटों से हो रहा था निर्माण, बीडीओ से शिकायत करने पर प्लास्टर कर छिपा दिया गया था**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** भदैंया विकास खंड के पखरौली गांव में चार महीने से सरकारी राशन की दुकान बनाई जा रही है। सड़क किनारे बन रही राशन की दुकान पर छत डालने के 24 घंटे के भीतर ही आधी छत ढह गयी। सुबह इसकी जानकारी होने पर प्रधान व सचिव मामले की लीपापोती करने तथा मलबा हटवाने में लग गये हैं। करीब नौ लाख छह हजार की कीमत से पखरौली ग्राम पंचायत में पशु अस्पताल के बगल सरकारी पंचायत की जमीन पर राशन दुकान का निर्माण पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। शुरुआत मे दुकान निर्माण मे ही दीवार मे पुराने ईंटो को लगाकर जोड़ाई की गयी। इसकी शिकायत जब बीडीओ दिव्या सिंह से की गयी तो कार्रवाई के बजाय पुराने ईंटों पर प्लास्टर कराकर भ्रष्टाचार को छिपा दिया गया। बुधवार को दिन में सरकारी राशन दुकान पर छत की ढलाई का काम शुरू हुआ। देर शाम आरसीसी की छत ढाल दी गयी तथा रात में ही छज्जा सहित आधी छत ढह गयी और मलबा नीचे गिर गया। सुबह इसकी जानकारी होने पर मजदूरों से मलबा हटवाकर भ्रष्टाचार को छिपाने का काम शुरू हुआ। लेकिन जागरूक ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से कर दी है।

बीडीओ भदैंया दिव्या सिंह ने पहले तो बताया कि अभी वहां छत ही नहीं डाली गयी है। लेकिन जब उनको फोटो दिखाया गया तब वह बताई कि हम इसकी जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई कराएंगे।


निर्माणाधीन राशन की दुकान की ढही हुई छत।

## बंजर भूमि पर कब्जा करने वाला ग्राम प्रधान निलंबित

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** विकास खंड जयसिंहपुर की ग्राम पंचायत अर्जुनपुर में कृषि योग्य भूमि पर ग्राम प्रधान की ओर से अवैध कब्जा करने की शिकायत गांव के एक व्यक्ति ने की थी। मामले की जांच में प्रधान को दोषी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधान शीतला प्रसाद निषाद का समस्त वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज करने का आदेश दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने डीएम के आदेश पर प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले की अन्तिम जांच के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को नामित किया गया है।

**सफलता** | पूर्व में हुई दो बड़ी लूट की घटनाओं का सीओ सिटी ने किया खुलासा

# तीन लुटेरे असलहे व नकदी के साथ गिरफ्तार, भेजे गए जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** बीते 9 जनवरी को अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र पारा हथिगो निवासी सब्ज़ी व्यवसाई राम सिंह से हुई 79 हजार की लूट व 6 फ़रवरी को नगर कोतवाली निवासी मुन्नवर के साथ हुई 12 लाख़ की लूट का पुलिस ने गुरुवार की शाम खुलासा कर दिया है।

पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने सात लाख 40 हजार की नगदी, 315 बोर के दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, 12 बोर का एक तमंचा, 2 जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल व दो कार बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्तों की शिनाख्त कुंदन उर्फ़ करिया निवासी बहबलपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज के रुप में हुई। जिसके ऊपर कन्नौज सुलतानपुर, अमेठी जिले में 15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दूसरे की शिनाख्त करन निवासी मोहल्ला ठाकुरगंज थाना कछौना जिला हरदोई के रुप में हुई। जिसके ऊपर हरदोई सुलतानपुर, अमेठी में 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीसरे अभियुक्त की शिनाख्त रितेश कुमार निवासी मोहल्ला दलबीर खा थाना शमशाबाद जनपद फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के रुप में हुई है। जिसके ऊपर फर्रुखाबाद अमेठी व सुलतानपुर में 6 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने बताया कि ये अपराधी रेकी कर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।


पुलिस की गिरफ्त में तीनों लुटेरे। अमृत विचार

### गैर जनपद के अपराधी दे रहे लूट की घटनाओं को अंजाम

**संवाददाता, सुलतानपुर।** सुलतानपुर अपराधियों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। गाजा, स्मैक की तस्करी, गोली मारने के साथ लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इतना ही नहीं इनामिया अपराधी भी सुलतानपुर को शरण स्थली बना लिए हैं। ये हम नहीं सुलतानपुर पुलिस द्वारा किए जा रहे खुलासे प्रमाणित कर रहे हैं। 31 जनवरी को चांदा थाना क्षेत्र के सिहौली के पासी देर शाम प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रामगंज निवासी सुशील यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस को जांच में गोली मारने वाला प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लखनूडीह निवासी सौरभ कुमार सरोज के रूप में हुई। जिसे पुलिस ने 6 फरवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते 13 फरवरी को लम्भुआ के बेदूपारा वार्ड शिव नगर निवासी हरिशंकर तिवारी की पुत्री हर्ष फायरिंग होन कादीपुर के टेंट व्यवसाई हेमंत मिश्रा की मौत हो गई थी। जिसमें पुलिस जिस आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की थी उसकी शिनाख्त हेमंत कुमार सिंह उर्फ मीनू सिंह निवासी सुरुआरपुर थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ के रूप में हुई थी। 20 फरवरी की रात गोसाईगंज पुलिस ने 160 ग्राम स्मैक तो कोतवाली देहात पुलिस ने 115 ग्राम स्मैक, अवैध असलहा के साथ अभियुक्तों को जेल भेजा था। जिसके सप्लाई के तार गैर जनपद से जुडे हैं। 20 फरवरी को ही प्रतापगढ़ का इनामिया अपराधी आनंद को एसटीएफ ने सुलतानपुर के लम्भुआ से गिरफ्तार करने से सफलता हासिल की थी। बीते 9 जनवरी को सब्ज़ी व्यवसाई से 79 हज़ार की लूट, इसी दिन बकरा व्यवसाई से दिन दहाड़े अगवा कर 12 लाख़ की लूट करने वाले अभियुक्तों की भी शिनाख्त कुंदन उर्फ करिया निवासी बहवलपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज,करन पुत्र वत्से निवासी ठाकुरगंज नटपुरवा पचतैना कस्बा बालामऊ थाना कछौना जनपद हरदोई, रीतेश कुमार भारद्वाज उर्फ सचिन पुत्र रामसेवक भरद्वाज निवासी मोहल्ला दलबीर खां थाना समशाबाद जनपद फतेहगढ के रूप में हुई। गैर जनपद से आए अपराधियों ने सुलतानपुर में घटनाओं में इजाफा कर दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डड़वाकला, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक- 22.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डड़वाकला, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-23.02.2024 से 27.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत डड़वाकला, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-27.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डड़वाकला बार्डर से पक्की नाली तक मिट्टी व खड़ंजा निर्माण कार्य | 7,52,692 रुपये | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0- डड़वाकला,
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0- डड़वाकला,
वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

# विकसित भारत के लिए उत्तर प्रदेश का विकसित होना बहुत जरूरी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गीडा की लगभग 650 करोड़ रुपये की आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।



गीडा की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



स्किल ट्रेनिंग सेंटर के छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र देते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

### हर श्रेणी के लोगों को मिलेगी सुविधा

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2014 के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी। देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को सिर ढकने के लिए पक्के छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं। गीडा की कालेसर आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों के लिए आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

### किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग बहुत महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया।

### बन रहा है नया गोरखपुर, सपने हो रहे साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नया गोरखपुर बन रहा है। कालेसर से जंगल कौड़िया बाईपास पहले सपना था, आज हकीकत है। गोरखपुर में एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन हो चुका है। खाद कारखाना शुरू हो चुका है। गोरखपुर में चार-चार विश्वविद्यालय स्थापित हैं। अभी गत दिनों गोरखपुर के लिए सरकार ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय के स्वीकृति दे दी है। इसे बाद में विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। सहजनवा में अटल आवासीय विद्यालय तो हरपुर में सर्वोदय विद्यालय बन चुका है। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीडा में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यहीं नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा।

कहा कि गीडा क्षेत्र में ढेर सारे अन्य उद्योग लग रहे हैं। यहां 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है तो 34 करोड़ रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार मेंऔद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ विकास हो रहा है तो दूसरी तरफ आस्था का सम्मान भी हो रहा है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद श्री अयोध्या धाम में श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि रामलला के दर्शन अवश्य करें।

### यूपी बना सुरक्षा व निवेश का प्रदेश : रविकिशन

विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को बीमारू और माफियागिरी की छवि से निकाल कर सुरक्षा और निवेश का प्रदेश बना दिया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले निवेश प्रस्तावों में से दस लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतार दिया है। उनके मार्गदर्शन में गीडा निवेश परियोजनाओं की नजीर पेश कर रहा है। समारोह को सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत एसडी इंटरनेशनल के एमडी विनय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक प्रदीप शुक्ल, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान महेंद्रपाल सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### गीडा के सेक्टर 27, 28 व 11 को योगी ने दिया उपहार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों गीडा के सेक्टर 27, 28 व सेक्टर 11 को 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का उपहार मिला। सेक्टर 27 व 28 को मिलाकर 35 करोड़ रुपये से अधिक के नौ विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। जबकि सेक्टर 11 में 54 करोड़ रुपये से अधिक के नौ कार्यों का शिलान्यास हुआ।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान, सदस्यों व आशा बहुओं को दिया प्रशिक्षण

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** अमृत विचार विकास खंड सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और आशा बहुओं को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक बीसीपीएम कृष्णमोहन ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जागरूकता बढ़ाना है। स्वास्थ्य कारकों यथा पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, पर्यावरण आदि के बारे में समुदाय से चर्चा कर इनके प्रयोग में सावधानी बरतने पर चर्चा हुई। इसमें बाल-मातृ स्वास्थ्य के लिए टीकाकरण कराना। शिशु व मातृ की मृत्यु के कारणों को जानना और ऐसे कारकों को चिंहित करना जिससे इनकी मृत्यू हुई है। उसके रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान अशोक कुमार, श्रीश प्रताप यादव, आशा, रेनू आदि मौजूद रही।

### सांसद ने छात्राओं को वितरित किए स्मार्ट फोन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा में चौधरी शिवकुमार पटेल महिला महाविद्यालय शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने 59 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन मिलते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज स्मार्ट फोन बच्चों के लिए काफी सहायक बन गया है। बच्चे इसका पढ़ाई में अच्छा उपयोग कर रहे हैं। सरकार बच्चों को स्मार्ट फोन देकर शिक्षा के प्रति जागरूकर करने के साथ उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाने का कार्य कर रही है। कहा कि यह स्मार्टफोन जहां एक और उनकी पढ़ाई में सहायक सिद्ध होगा।

# यूपी बोर्ड : पहले दिन दर्जनों छात्रों ने छोड़ा हिन्दी का पेपर

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन कस्बा के तीन इंटर कालेजों में हाईस्कूल के 88 और इंटर के 62 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। हाई स्कूल की परीक्षा सुबह तथा इंटर की शाम की पाली में सम्पन्न हुई। दोनो पाली में हिंदी विषय की परीक्षा थी। कस्बा के किसान इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक गोपेश्वर चौबे ने बताया कि 10वीं में कुल 329 बच्चे नामांकित थे, जिनमें 16 अनुपस्थित रहे। इंटर में 171 में से पांच बच्चे अनुपस्थित रहे। बाबा हरि दास इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार गौतम ने बताया कि इंटर की परीक्षा में कुल 296 बच्चे पंजीकृत रहे जिनमें 21 अनुपस्थित रहे। हाई स्कूल में कुल 556 बच्चो में से 36 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कस्बा के ज्ञानोदय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिव चंद यादव ने बताया कि हाई स्कूल में कुल 399 बच्चो में से 36 अनुपस्थित, इंटर में कुल 73 बच्चो में से 6 अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा को शांति पूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी रही। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय केंद्र का दौरा करते रहे।

वहीं सेकंडरी स्कूल सेमरहना भठिया बाजार के केंद्र व्यवस्थापक रामनिधि यादव ने बताया कि पहले दिन की सुबह की हाईस्कूल परीक्षा हिंदी के पेपर में 162 पंजीकृत बच्चों में 151 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। तथा शाम की पाली में इंटर हिंदी के पेपर में पंजीकृत 195 बच्चों में 190 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। हाईस्कूल एवं इंटर में कुल मिलाकर पहले दिन 16 बच्चे अनुपस्थित रहे।






परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र-छात्राएं।

### एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 1 मार्च से

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होंगी। जिसके लिए कॉलेज ने तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। यूनिवर्सिटी से आयोजित वार्षिक परीक्षा को लेकर मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से तैयारी कर ली है। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी ने द्वितीय वर्ष की परीक्षा का समय सारणी निर्धारित कर दी है। परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। द्वितीय वर्ष के सभी विषयों का कोर्स भी पूरा करा दिया गया है। परीक्षा को लेकर सभी छात्र-छात्रा पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वार्षिक परीक्षा सीसीटीवी के निगरानी में होगी। जिसका मानिटरिंग सीधे यूनिवर्सिटी से होगी। छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने के लिए जुट जाने को कहा गया है।

## सार-संक्षेप

### खुले में शौच से दूषित होता है वातावरण

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जनपद के विकास खंड खुनियांव में एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की तरफ से ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकास कुमार चौधरी, एसबीएम खण्ड प्रेरक फूल कुमार एवं न्यू जेनेसिस टीम से जिला समन्वयक तौकीर आजम, सहायक गोविंद सिंह, अनिल निषाद, आशुतोष गुप्ता, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक, आईईसी मटेरियल वितरण आदि के माध्यम से लोगों को खुले में शौच से होने वाली समस्याओं व हानि की जानकारी दी गई। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में बताया गया। कहा कि हमें खुले में शौच नहीं करना चाहिए। इससे हमारा पर्यावरण दूषित होता है और हमे बीमारियों का सामना करना पडता है। ग्रामीणों को हाथ धुलने का सही तरीका बताया गया। कार्यक्रम के बाद खण्ड विकास अधिकारी ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** किशोरी को अगवा और दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कठेला समय माता थाने की पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के धोबहा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ कठेला समय माता संतोष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर रामधनी निवासी धोबहा टोला अगरदीडीह थाना कठेला समय माता के खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया था। किशोरी को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर मेडिकल कराया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी थी। बुधवार को सूचना मिली कि आरोपी क्षेत्र के धोबहा चौराहे के पास मौजूद है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़ने वाली टीम में एसआई अनिल साहनी, कांस्टेबल अमित कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### फरियादी की समस्या सहानुभूतिपूर्वक सुने पुलिस



**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने गुरुवार को उसका बाजार थाना परिसर में सदर सर्किल के पांचों थानों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। थानाध्यक्षों ने लंबे से समय से लंबित विवेचनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अरसे से लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली और उसे शीघ्र निस्तारण करने के लिए विवेचकों को निर्देश दिए। कहा कि विवेचना लंबित रहने से पीड़ितों को जल्द न्याय नहीं मिलता है। इससे समाज में पुलिस की नकारात्मक छवि बनती है। उसका बाजार के अलावा सिद्धार्थनगर, लोटन, मोहाना और कपिलवस्तु के थानाध्यक्ष, एसआई व दीवान ने अपने क्षेत्र के मामलों की जानकारी दी। कहा कि थाने में आने वाली फरियादी की बात सहानुभूतिपूर्वक सुनकर कार्यवाही की जाए। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को महिला फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एसपी ने प्रार्थना पत्रों, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का तय समय में निस्तारण करने, अपराध व अपराधियों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया।

# सरसावा स्टेशन पर ट्रेनों को 1 मिनट का मिलेगा ठहराव

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के सरसावा स्टेशन पर गाड़ियों का 1 मिनट का ठहराव 8 से 10 मार्च तक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इन गाड़ियों में 15212 अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस, 14523 मुजफ्फरपुर-अम्बाला एक्सप्रेस, 14649 जयनगर-अमृतसर सरयू जमुना एक्सप्रेस, 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस, 14617 बनमंखी-अमृतसर एक्सप्रेस, 14618 अमृतसर-बनमंखी जनसेवा एक्सप्रेस, 15011 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस, 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, 15012 चण्डीगढ़-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 14650 अमृतसर-जयनगर सरयू जमुना एक्सप्रेस, 14673 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस, 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस और 14524 अम्बाला-मुजफ्फरपुर हरिहर एक्सप्रेस को 1 मिनट का ठहराव सरसावा स्टेशन पर दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



### 6 मार्च तक प्रभावित रहेगा संचालन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के इंदारा-फेफना खण्ड पर इंदारा-रतनपुर-रसड़ा के मध्य दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉक, नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण, शार्ट टर्मिनेशन शार्ट ओरिजिनेशन एवं नियंत्रण किया जायेगा। जिसके चलते गाड़ियों का संचालन 6 मार्च तक प्रभावित रहेगा।

# किसानों के खातों में जल्द पहुंचेगा मुआवजा

सिद्धार्थनगर

**राहत**

▸▸ **नुकसान के आकलन में गड़बड़ी की वजह से बाढ़ में बर्बाद हुई फसल की नहीं हुई थी क्षतिपूर्ति**

**अमृत विचार।** व्यवस्था की लापरवाही से बाढ़ में फसल गंवाकर मुआवजा के लिए डेढ़ साल से भटककर थक चुके उन 20 हजार किसानों के लिए खुशखबरी है। राजस्व और कृषि विभाग की नुकसान के रिपोर्टिंग में हुई गड़बड़ी की वजह से शासन से मिली धनराशि वापस हो गई थी। शासन के निर्देश पर बैंक खाता सहित अन्य त्रुटियों को सही कराया गया। अब 10.6 करोड़ मुआवजा राशि किसानों के बैंक खाते में भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

शोहरतगढ़, नौगढ़, डुमरियागंज, इटवा और बांसी कमोबेश सभी तहसीलें हर साल कमोबेश बाढ़ से प्रभावित होती हैं। वर्ष 2022 में अक्तूबर में आई बाढ़ में जनपद का हर हिस्सा प्रभावित हुआ और फसल चौपट हो गई थी। इसमें फसलों का बीमा कराने वाले किसानों से प्रशासन की ओर से दावे की अपील की गई थी। जिससे उन्हें मुआवजा मिल सके। बाढ़ की त्रासदी 35514 हेक्टेयर भूमि पर लगी धान की फसल को निगल गई। इस तबाही में 66 हजार से अधिक किसान प्रभावित थे। जिले के पांचों तहसील के किसान बाढ़ की तबाही के शिकार हुए थे। सरकार और बीमा कंपनियों की ओर से सर्वे किया गया था। जांच में 40 हजार किसान मुआवजे के दायरे में आए थे। जिसमें 19 हजार किसानों को पहले मुआवजा मिल चुका था। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में किसान वंचित हो गए थे। धनराशि आने के बाद वापस हो गई थी। शासन के निर्देश पर दोबारा किसानों का डाटा सही किया गया। 20958 किसानों को 10.6 करोड़ मुआजवा राशि देने की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक शोहरतगढ़, नौगढ़, इटवा, डुमरियागंज और बांसी तहसील क्षेत्र में 35514 हेक्टेयर फसल बाढ़ से नष्ट हुई थी। इसमें 66340 किसान बाढ़ से प्रभावित हुए थे। इन किसानों के लिए जो मुआवजा बना है उसमें नौगढ़ के 4243, बांसी के 4501, डुमरियागंज के 5486 , इटवा के 3380 और शोहरतगढ़ के 3348 किसान शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अधिकतम एक किसान को दो हेक्टेयर जोत का मुआवजा देना है। अगर किसी किसान का उसे अधिक प्रभावित हुआ है, तब भी उसे दो हेक्टेयर का ही लाभ मिलना है। उससे कम जोत वाले को रकबे के अनुसार मुआवजा दिया गया है। इसमें एक हेक्टेयर पर 13.500 रुपये मुआवजा राशि दी गई है।याद रहे कि खतौनी में गड़बड़ी, आधार नंबर और खाता नंबर में गड़बड़ी, नाम में गड़बड़ी और खाते की ईकेवाईसी और अन्य त्रुटियों के कारण मुआवजा राशि रुक गई थी। अगर उसी समय ध्यान दिया गया होता तो यह समस्या नहीं आती।

> बाढ़ से जिन किसानों की फसल नष्ट हो गई थी उनके बैंक खाते में मुआवजा राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे अब तक मुआवजे से वंचित रहे 20 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।
>
> -पवन अग्रवाल, डीएम

**आयोजन** ' 2047 का विकसित भारत की विकसित रेल ' विषय के अन्तर्गत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने पोस्टर पर उकेरा विकसित रेलवे का चित्र

गोरखपुर

**अमृत विचार।** एनई रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल तथा एन.ई. रेलवे गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को '2047 का विकसित भारत की विकसित रेल' विषय के अन्तर्गत कविता पाठ, निबंध लेखन, चित्रकला, कहानी लेखन, सामान्य ज्ञान/क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एन.ई. रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः शाम्भवी शुक्ला, सत्या शुक्ला एवं अंकिता सिंह रहीं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः शाम्भवी शुक्ला, सत्या शुक्ला एवं स्वाति कुमारी रहीं तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः मोहम्मद अनस, सताक्षी पांडेय एवं तंजिला फातिमा रहीं।

एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर में कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः प्रियांशी गुप्ता, सानिया खातून एवं गौरी गुप्ता रहीं। निबंध लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः अंजली शर्मा, मानसी मिश्रा एवं प्रिया यादव रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः रुतवी सिंह, अंशिका राज एवं सेजल वर्मा रहीं। कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः तन्मयी मिश्रा, प्रियांशी गुप्ता एवं शान्वी विश्वकर्मा रहीं तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः तन्मयी मिश्रा, मानसी मिश्रा एवं अंजलि शर्मा रहीं। एन.ई. रेलवे गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः पूजा साहनी, सृष्टि गुप्ता एवं मुस्कान पाल रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कृतिका सिंह, सपना चैधरी एवं मानसी गुप्ता रहीं। ड्राइंग/पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कृशिका यादव, अदिति यादव एवं अंशिका निषाद रहीं। सामान्य ज्ञान/क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः शिवांगी पांडेय, सोनम चैहान एवं अंशिका निषाद रहीं। विजेता प्रतिभागियों को 26 फरवरी को पुरस्कृत किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



प्रतियोगिता में बनाए गए अपने पोस्टर दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

# अवैध संबंध में हुई थी युवक की हत्या

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**खुलासा**

**अमृत विचार।** पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने घटना के बाद 24 घंटे के अंदर खुलासा किया है।

बीते बुधवार को थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्र के सजनी पकड़ी मुख्य मार्ग पर संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति का शव बोरे में बंधा मिला था। शव की शिनाख्त प्रशांत कुमार गुप्ता (35) निवासी साड़ी पोस्ट मधुकरपुर थाना के रूप में हुई थी। उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट उसका बाजार थाना पर 18 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शव मिलने पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। संदेह के आधार पर टीम ने गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे शिखा चौरसिया पुत्री राजकुमार उर्फ़ बजरंगी चौरसिया निवासी बैदौली खुर्द थाना बांसी वर्तमान पता करौंदा मसिना थाना जोगिया उदयपुर और विजय गुप्ता निवासी रानीजोत पोस्ट मसकनवा थाना छपिया जनपद गोंडा को सनईं तिराहा थाना सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि प्रशांत गुप्ता का शिखा चौरसिया से अवैध सम्बन्ध था। वह शिखा को यह कहकर ब्लैकमेल करता था कि उसके पास शिखा का वीडियो हैं। उधर शिखा, अभियुक्त विजय गुप्ता के साथ लिवइन में रहती थी और प्रशांत के ब्लैकमेल से परेशान हो गई थी।

वहीं दूसरी ओर आयुष उर्फ़ संगम मिश्रा को शक था कि प्रशांत कुमार गुप्ता का उसकी मां के साथ भी अवैध संबंध है। इसलिए शिखा, विजय गुप्ता व आयुष ने मिलकर प्रशांत की हत्या की योजना बनाई।

17 फ़रवरी को शिखा चौरसिया ने प्रशांत कुमार गुप्ता को अपने किराए के कमरे पर करौंदा मसिना बुलाया। अभियुक्त विजय और आयुष छिपकर प्रशांत का इंतज़ार कर रहे थे। मौके मिलने पर अभियुक्तों ने प्रशांत के मुंह पर गमछा डालकर लोहे के राड से सिर पर कई वार किए। गमछे से गला दबाकर तब तक खींचते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गईं। अभियुक्तों ने मिलकर प्रशांत को मौत के घाट उतारकर बाइक से लाश को सड़क के किनारे जोगिया -उसका मार्ग पर फ़ेक दिया। तीसरे अभियुक्त आयुष उर्फ़ संगम मिश्रा की तलाश पुलिस कर रही है। हत्या में प्रयोग की गई लोहे की राड पुलिस द्वारा बरामद कर ली गई हैं। काल डीटेल के आधार पर और मृतक के आख़िरी लोकेशन के आधार पर जांच में उजागर हुई।

एक नजर

## मेंटेनेंस कार्य के चलते बंद रखी जाएगी विद्युत आपूर्ति

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** विद्युत विभाग के बस-बार सुदृढ़ीकरण और मेंटेनेंस के कारण मनवापुर विद्युत उपकेंद्र से सम्बंधित क्षेत्र में होने वाली आपूर्ति दो दिनों तक प्रभावित रहेगी। जिसकी सूचना विद्युत विभाग ने जारी किया है। मेंहदावल के मनवापुर में स्थित विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रामशरण पंडित ने बताया कि मेंहदावल क्षेत्र में आने वाले विद्युत उपकेंद्र पर दिन आज (शुक्रवार) और शनिवार को सुबह 11 बजे से शायं 3 बजे तक 132 केवी विद्युत उपकेंद्र मनवापुर, मेंहदावल में बस-बार सुदृढिकरण और वार्षिक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य हेतु शटडाउन लिया जाएगा। इस लिए उपरोक्त कार्य के दृष्टिगत विद्युत उपकेंद्र, मनवापुर से पोषित समस्त फीडर 33 केवी कुशहरा, 33 केवी करमाखान, 33 केवी बखिरा, 33 केवी बखिरा, बुनकर बनौली, 33 केवी मेंहदावल ग्रामीण, 33 केवी मेंहदावल तहसील एवं 33 केवी बौरब्यास की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार और शनिवार को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक बाधित रहेगी। उपरोक्त सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति रोस्टिंग समय पर यथासंभव कम्पनसेट किया जाएगा। इस तरह से विद्युत विभाग ने आमजन मानस के लिए सूचना जारी किया है व सहयोग की अपील किया है।

## दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से भिनगा में जन शिक्षण संस्थान का संचालन किया जा रहा है। गुरुवार को संस्थान में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आई टी आई के प्राचार्य उमेश सिंह ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान की ओर से दिए जाने वाला प्रशिक्षण स्वरोजगार से जोड़ने वाला होता है। संस्थान के निदेशक पटमेश श्रीवास्तव ने आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव, लल्लू सिंह, आयशा खातून, रूबी तिवारी, कौशल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मगहर-खलीलाबाद महायोजना के लिए सभी विभागों से सुझाव प्राप्त

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम कैम्प कार्यालय पर मगहर-खलीलाबाद महा-योजना 2035 विनियमित क्षेत्र की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मगहर-खलीलाबाद महा-योजना 2035 के संबंध में सम्बंधित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त सभी विभागों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए महायोजना-2035 के ड्राफ़्ट को अंतिम रूप से तैयार कर आगामी 2 मार्च को विनियमित बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की सहमति व्यक्त की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि महायोजना-2035 के नक्शे पर इंडस्ट्रियल, रेसिडेंशियल और कमर्शियल सेक्टर को अलग से मार्क कर चिन्हित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि बालूशासन से पायलपार रिंग रोड कनेक्टिविटी को महायोजना में प्रदर्शित कर ड्राफ़्ट में सम्मिलित किया जाय। इस दौरान मगहर-खलीलाबाद महा-योजना 2035 विनियमित क्षेत्र की बैठक में जिलाधिकारी की सहमति से निर्णय लिया गया कि सभी बिंदुओं को सम्मिलित करते हुए अंतिम रूप से तैयार मगहर-ख़लीलाबाद विनियमित क्षेत्र महायोजना-2035 का ड्राफ्ट शासकीय समिति की स्वीकृति के लिए शीघ्र ही भेजा जाएगा।

# अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसा ट्रक

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद के राष्ट्रीय राजमार्ग के मगहर स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर एक लारी ट्रक अनियंत्रित होकर दुकान में घुंस गई।

सिद्धार्थनगर निवासी वाहन मालिक गुरुवार को नयी डम्फर गाड़ी गोरखपुर जिले स्थित गीडा से खरीदकर अपने घर जा रहा था। अभी डम्फर दुर्गा मंदिर चौराहे पर बने क्रास प्वाइंट को पार कर ही रहा था कि इसी बीच तेज रफ्तार पाईप लदी लारी ट्रक का चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और डम्फर को तेज ठोकर मारते हुए मौके पर खड़ी एक कार व एक आटो से टकरा कर दुकान में घुस गया। जिससे आटो के आगे का शीशा व कार का पिछला हिस्सा क्षत्रिग्रस्त हो गया। इस दौरान दुकान में बैठे ग्राहकों में चीख पुकार मच गई और लोग दुकान से बाहर निकल गए। सभी के चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगीं। उनका कहना था कि आज मौत सामने खड़ी थी लेकिन ईश्वर की कृपा से जिंदा बच गए। घटना के बाद चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल और यातायात प्रभारी परमहंस ने अपनी टीम के साथ पहुंच कर वाहनों को किनारे कराकर जाम में फंसे वाहनों को पास करा यातायात व्यवस्था बहाल करा दिया।



तमाम गाड़ियों को ठोकर मारते हुए दुकान में जा घुसा ट्रक — अमृत विचार

# 9 एएनएम का सीएमओ ने रोका वेतन

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में लक्ष्य के सापेक्ष नतीजे मिले बहुत कम

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में बैठक कर खराब उपलब्धि वाली विकास खंड उतरौला, गैंडास बुजुर्ग, रेहरा बाजार की एएनएम का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की जिन एएनएम का वेतन रोका गया है। उनके द्वारा गर्भवती पंजीकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण, टीकाकरण हेतु बच्चों का पंजीकरण लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम पाया गया।

विकास खंड गैंडास बुजुर्ग की एएनएम मोनिका, रहीसुन्निषा व विनीता, विकासखंड उतरौला की विनीता वर्मा, विमलेश कुमारी व लक्ष्मी तथा विकासखंड रेहरा बाजार की कविता सिंह, ममता सिंह व माया देवी का वेतन रोका गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में न्यूनतम उपलब्धि के संबंध में सरिता सिंह, रागनी श्रीवास्तव, सीमा देवी, लक्ष्मी यादव, आराधना, संध्या श्रीवास्तव, सरिता यादव, सरिता सिंह, मीना कुमारी, सीता पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में डॉ अंजुम फातिमा, डॉ अनिल कुमार, डॉ तेजवीर सिंह व पवन कुमार शुक्ला बीएचडबलू अनुपस्थित पाए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपरोक्त कर्मियों के अनुपस्थित अवधी के वेतन को रोकने का निर्देश अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला डॉ चंद्र प्रकाश को दिया। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कल 515 मरीजों का उपचार किया गया था। 70 मरीजों का एक्स रे किया गया था व 10 मरीजों का टीबी की जांच की गई थी। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में निरीक्षण के दौरान मौजूद सीएमओ व अन्य। — अमृत विचार

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा-2024 आयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने गुरुवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा एवं बलदेव प्रसाद नागरिक इण्टर कालेज अमवा सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर गहनता से निरीक्षण किया तथा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया। वहीं अपने-अपने क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटो को भी परीक्षा के दौरान निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जिन परीक्षा केन्द्रों पर नकल कराते पाया गया तो सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को ब्लैक लिस्टेट किया जायेगा। उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्रो के आस पास स्थित कम्प्यूटर, फोटो कापी की दुकानें भी बन्द रखी जाएं।

सार-संक्षेप

## कृषि मेले में किसानों को किया गया सम्मानित



विकास भवन परिसर में आयोजित कृषि मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते सदर विधायक पल्टूराम। — अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विकास भवन परिसर में राष्ट्रीय कृषि योजना के तहत दो दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में आयोजित कृषि मेले का उद्घाटन सदर विधायक पल्टूराम ने किया। कार्यक्रम में विकासशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। गुरुवार को विकास भवन में आयोजित कृषि मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम, जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दुबे, कृषि वैज्ञानिक डॉ सियाराम कनौजिया, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा ने फीता काटकर किया। सदर विधायक ने हरी सब्जी की पैदावार करने वाले, उन्नत बीज के माध्यम से अधिक गेहूं धान की फसल पैदा करने वाले तथा अच्छी गन्ने की बुवाई करने वाले किसानों को सम्मानित किया। जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा ने कहा कि किसानों के लिए खाद्य की व्यवस्था बराबर कराई जाती है। किसान सरकारी केंद्र से खाद्य लेकर अच्छी फसल पैदा कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ जगबीर सिंह, डॉ जयप्रकाश, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक रवि त्रिपाठी, एसडीओ डॉ सूबेदार यादव, भाजपा नेता आकाश पांडेय, आशू मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में जुटें कर्मचारी : सर्वेश

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक का बृहस्पतिवार को जनपद मुख्यालय पहुंचने पर स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओ ने सर्वेश पाठक को फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत समारोह के बाद सर्वेश पाठक ने पटखौली स्थित संगठन के जनपदीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों के लिए चलाई जा रही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। सर्वेश पाठक ने सरकार की योजनाओं को धरातल पर कुशलता पूर्वक लागू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। श्री पाठक ने श्रमिकों के लिए लगाए गए सूक्ष्म उद्योगों का कई गांव में निरीक्षण किया। जिसमें नगर पंचायत हैंसर बाजार, नाथनगर ब्लॉक और खलीलाबाद ब्लॉक में पहुंच कर निरीक्षण किया। मौजूद श्रमिक कामगारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर रही हैं। भाजपा के अलावा किसी भी राजनीतिक दल ने श्रमिकों पर कोई ध्यान नहीं दिया। ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि हम पूरी एकजुटता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान समर्पित करें। इस अवसर पर धनघटा विधायक गणेश चौहान, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवकुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय महामंत्री श्रीषनाथ तिवारी, परमेंदर यादव, जिला अध्यक्ष राम रतन, गगनदीप, मुकेश चौरसिया, गणेश उपाध्याय, संजय बहादुर सिंह राठौड़, लीलावती हॉस्पिटल के प्रबंधक बुद्धिसागर पांडेय, क्षेत्रीय महामंत्री आयुष कुमार सूर्यवंशी समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोषागार की फाइबर लाइन तत्काल ठीक कराने की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार यादव ने अवगत कराया है कि कोषागार बलरामपुर में विगत् 13 फरवरी से फाइबर कटने के कारण लीज लाइन पूर्णतया बाधित है। उन्होंने एसडीई देवेन्द्र गुप्ता, महा प्रबन्धक (टीडीएम) बीएसएनएल दूर संचार गोण्डा से दूरभाष पर सम्पर्क करके उपरोक्त समस्या से बराबर अवगत कराया जा रहा है। किन्तु अब तक नेटवर्क लाइन सही नहीं हो सकी है। उन्होंने अपने पत्र द्वारा महाप्रबन्धक बीएसएनएल को सूचित किया है कि यदि नेटवर्क लाइन सही न होने के कारण किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व महाप्रबन्धक बीएसएनएल गोण्डा का होगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने महाप्रबन्धक बीएसएनएल दूर संचार से लिखित रूप में अनुरोध किया है कि कोषागार के महत्वपूर्ण शासकीय कार्यहित में तत्काल आवश्यक व प्रभावी कार्यवाही अपने स्तर से करते हुये तकनीकी समस्या का निस्तारण करते हुये अवगत कराए।

# राम की पैड़ी पर एक शाम 'रामकथा' के नाम



राम की पैड़ी पर आयोजित रामोत्सव 2024 की शाम कार्यक्रम में कलाकारों का सम्मान करती राज स्मृति।

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या की राम की पैड़ी 'संगीतमय रामकथा' की प्रस्तुति से जीवंत हो उठी। मौका था पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 2024 के दिव्य उत्सव का, जिसमे प्रभु राम की संगीतमय और मनोरम राम कथा ने समां बांध दिया।

शाम की शुरुआत कार्यक्रम की होस्ट राज स्मृति द्वारा अतिथियों के हार्दिक स्वागत के साथ हुई। कालजयी भजन "राम का गुणगान करिये" की भावपूर्ण शुरुआत के साथ मुख्य गायक मनुज शर्मा और उनके प्रतिभाशाली साथी कलाकारों नवीन मिश्रा (सितार), अलका ठाकुर (बांसुरी), पवन चौहान (कीबोर्ड), मोहित सिंह (ढोलक) और आशीष मिश्रा (तबला) ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनुज शर्मा ने राम के जीवन का चित्रण करते हुए 'संगीतमय राम कथा' प्रस्तुत की। अंत में राज स्मृति ने रामोत्सव में मंच प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही संगीतमय रामकथा को संभव बनाने के लिए जयवीर सिंह (पर्यटन मंत्री), मुकेश मेश्राम (महानिदेशक उत्तर प्रदेश पर्यटन), शोभित कुमार नाहर जी (निदेशक एसएनए) और राजीव प्रधान (संरक्षक एवं मार्गदर्शक) को विशेष धन्यवाद दिया। इस दौरान पर्यटन और संस्कृति विभाग की ओर से रामोत्सव 2024 की शाम को यादगार बनाने के लिए कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मिला प्रमाण पत्र

**बलरामपुर।** गुरुवार को मनोविज्ञान विभाग में विगत 7 अक्टूबर को आयोजित हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय ने की। विशिष्ट अतिथियों में गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर से पधारे दिलीप श्रीवास्तव, सुनील कुमार वर्मा व शिव कुमार सिंह रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य व गायत्री शक्तिपीठ से पधारे अतिथियों द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्राचार्य प्रो जेपी पांडे ने अपने उद्बोधन में कहाकि अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता का अभाव व संबंधों में आने वाली समस्याओं के समाधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार के योगदान व भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभाग के डॉ स्वदेश भट्ट, कृतिका तिवारी, डॉ वंदना सिंह, राजर्षि मणि त्रिपाठी, अर्चना पांडे उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रामलला का दर्शन, जय श्रीराम के नारे लगाए

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भाजपा जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम सिंह और जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम 100 बसों और दर्जनों चार पहिया वाहनों के विशाल काफिले के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुए।

सांसद प्रवीण निषाद, विधायक गणेश चौहान, पूर्व चेयरमैन श्यामसुंदर वर्मा, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम और भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने भगवा ध्वज का झंडा फहराकर काफिले को अयोध्या के लिए रवाना करने के साथ ही खुद भी बसों पर सवार होकर भगवान रामलला का दर्शन करने को रवाना हुए। कार्यकर्ताओं के जय श्रीराम के जयघोष से समूचा वातावरण गूंज उठा। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला और हनुमान गढ़ी का दर्शन व पूजन किया। बताते चलें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को जिले के सभी 15 मंडलो से पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ सुबह 9 बजे से सुनिश्चित स्थानों पर कार्यकर्ता जमा हुए और वहां से बसों से रवाना होकर अयोध्या मार्ग स्थित बस्ती टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। यहां 9.30 बजे जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव और सांसद प्रवीण निषाद ने बस को श्रीराम ध्वजा दिखा कर रवाना किया और स्वयं भी कार्यकर्ताओं के साथ बस से अयोध्या के लिए रवाना हुए। एक साथ रवाना होने से पूर्व सभी को श्रीराम नाम का अंग वस्त्र पहनाकर तिलक लगाया गया।



श्रीराम मंदिर के स्वर्ण जड़ित प्रवेश द्वार पर सेल्फी लेते भाजपा कार्यकर्ता। — अमृत विचार

**सांसद प्रवीण निषाद, धनघटा विधायक गणेश चौहान और पूर्व चेयरमैन श्यामसुंदर वर्मा भी रहे ऐतिहासिक पल के साक्षी**

### जय श्रीराम के उद्घोष से राममय हुआ माहौल

भाजपा ने हर जिले से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके तहत संतकबीरनगर से 22 फरवरी की तारीख तय की गई थी। जिसके तहत हजारों की संख्या में पदाधिकारी, सभासद, मंडल, प्रकोष्ठ, मोर्चा के अध्यक्षों को बसों से अयोध्या धाम के प्रस्थान करके श्री रामलला का दर्शन कराया गया।

जागरूकता — जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

# मतदान को हमें राष्ट्र उत्सव के रूप में मनाना चाहिए : जेपी पांडेय

**बलरामपुर, अमृत विचार।** 51वीं यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर के तत्वावधान में गुरुवार को एमएलके पीजी कॉलेज परिसर स्थित स्टेच्यू हाल से मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस दौरान एनसीसी केडेटों ने लोगों को वोट देने के फायदे से रूबरू कराते हुए उनसे वोट प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

जागरूकता अभियान का शुभारंभ बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल व एमएलके महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने किया। केडेटों को सम्बोधित करते हुए कर्नल पटवाल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मतदाताओं की भूमिका अहम है। इसलिए आपका एक वोट देश की दिशा व दशा को बदल सकता है। प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय ने कहा कि वोटिंग प्रतिशत को लेकर अभी हमारे यहां और जागरूकता की आवश्यकता है। मतदान के दिन को हमें राष्ट्र उत्सव के रूप में मनाना चाहिए और मतदान करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। जागरूकता रैली महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चैहान, सिटी मांटेसरी के थर्ड ऑफिसर आनंद चैधरी, सेंट जेवियर्स के थर्ड ऑफिसर लईक अंसारी व डीएवी इंटर कॉलेज की केयर टेकर ऑफिसर वंदना पाण्डेय की अगुवाई में कैडेटों को चार ग्रुप में वितरित करते हुए उन्हें अलग अलग मार्ग पर जागरूकता रैली निकाली गई।

ग्रुप ए महाविद्यालय से कालीथान, अंबेडकर चैराहा होते हुए वीर विनय व पुनः वहां से वापसी करते हुए अंबेडकर चैराहा, मेजर चैराहा होते हुए सिटी पैलेस, ग्रुप बी महाविद्यालय से बिजलीपुर मार्ग स्थित शारदा पब्लिक स्कूल, ग्रुप सी महाविद्यालय से कालीथान होते हुए डीएवी इंटर कॉलेज से मानसपुरी कालोनी तथा ग्रुप डी महाविद्यालय से रानी तालाब होते हुए खलवा वार्ड से सिटी पैलेस में आकर सम्पन्न हुआ। इस दौरान केडेटों ने सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो स्लोगन व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को वोटरलिस्ट में नाम डलवाने, सही वोटर आईडी बनवाने व वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान एमएलके महाविद्यालय के 50, एमपीपीके 25, डीएवी के 17, बालिका इंटर कॉलेज के 25, सीएमएस के 25 व सेंट जेवियर्स के 25 केडेटों सहित कुल 167 कैडेट्स सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आनरी कैप्टन सूबेदार गुरनैल सिंह, सूबेदार खड़का बहादुर थापा, नायब सूबेदार बलवीर सिंह, हवलदार बीएन मंडल, सीएचएम ठग बहादुर व अमर जंग गाले मौजूद रहे।




एमएलके पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य व अन्य।

## रोजगार मेला में 30 को मिले नियुक्ति पत्र

**बलरामपुर।** जिला समन्वयक उप्र कौशल विकास मिशन एएम ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत द्वितीय चरण मे पुनः गुरुवार को विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड कार्यालय पचपेड़वा के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी, ग्राम प्रधान अध्यक्ष अनुज मिश्रा, संघ पचपेड़वा, वशिष्ठ अतिथि धनन्जय कुमार खण्ड विकास अधिकारी पचपेड़वा, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी पचपेड़वा राम किशुन, ग्राम प्रधान रमेश कुमार बिट्टू, संतोष सिंह, राजमन यादव, कुंज बिहारी, भाजपा कार्यकर्ता राकेश जायसवाल, पप्पू शुक्ला ने व्यवसायिक शिक्षा के ऊपर प्रकाश डाला। कार्यकम में 295 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 9 कम्पनियो द्वारा 216 को चयनित करके 30 को नियुक्ति प्रमाण पत्र 13500 20000 रूपये पर जनपद के समीपवर्ती व अन्य क्षेत्रों में रोजगार का आफर दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है 1 फार्म 38 न0- FF-0146115 एवं 2 फार्म C न0. 0558729, 0558730 Might Scientific Sales के नाम से जारी हुए जो की वास्तव में खो गए हैं।

**सूचना**

पहले मेरा नाम HINA KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAYMA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: SARFRAZ AHMAD KHAN R/O: 51, SHADAB COLONY RAHEEM NAGAR MAHANAGAR, LUCKNOW**

**सूचना**

सूचित हो कि मै पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली, शादी से पूर्व नाम पूजा शर्मा पुत्री जगदीश प्रसाद शर्मा, निवासिनी- 2/321 एन0टी0पी0सी0 ऊँचाहार, रायबरेली था जिसे बदलकर शादी के बाद पूजा आनन्द अग्निहोत्री पत्नी आनन्द अग्निहोत्री, निवासिनी- 137 ग्राम व पो0 खीरों, थाना खीरों, जनपद रायबरेली कर लिया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह, निवासी- ग्राम-सतांव, पर0तह0व जिला रायबरेली,** परिवार रजिस्ट्रर्ड नकल में मेरा नाम त्रुटिवश कृष्ण कुमार पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित हो गया है जिसके स्थान पर मेरा सही नाम कृष्ण बहादुर सिहं पुत्र शिव गुलाम सिंह अंकित किया जाय तथा मेरे पुत्र का नाम कामाक्षा पुत्र कृष्ण कुमार के स्थान पर सही नाम गुरू महंत बाबा पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह अंकित किया जाय।

**सूचना**

मेरा फ्लैट नं. G 903, KDA Signature Greens विकास नगर कानपुर, कब्जा एवं आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **बृजमोहन कानोड़िया पुत्र स्व. लालचन्द्र कानोड़िया मयंक कानोड़िया पुत्र बृजमोहन कानोड़िया कानपुर नगर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपनी पुत्री हर्षिता साहू को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। इनके द्वारा कारित किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। **अनीता साहू पत्नी स्व0 सन्तोष साहू निवासिनी- म.नं. 290/65/5, पाण्डेय का तालाब, मालवीय नगर, बत्रा पट्रोल पम्प के पास तालकटोरा, लखनऊ- 226017**

**NOTICE**

In my army record my father's name is wrongly mentioned as Shri Bala Prasad and date of birth as 01.01.1975 instead of name Bala Prasad Chourasiya date of birth 01.01.1966. Mother's name is wrongly mentioned as Beban Bai, date of birth 01.07.1980 instead of Beban Bai Chourasiya date of birth 01.01.1968. Army No 14834512W, Havildar/ MT Manohar Chourasiya S/o Bala Prasad Chourasiya, Resident- Ward- 16, Chourasiya Mohalla, Bilhari, Katni, Madhya Pradesh- 483501.

## एक नजर

### सपा राज्य कार्यकारिणी में सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में राशिद अली, महेन्द्र यादव, अफसार सिद्दीकी (बब्बू), संजय कुमार मौर्य, प्रदीप सिंह 'बब्बू, छोटे लाल यादव प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त इजहार अहमद अमेठी को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य और मोहम्मद एरम रब्बानी प्रयागराज को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। पार्टी की तरफ से गुरुवार को यह जानकारी साझा की गई है।

### अयोध्या व गाजियाबाद के नए अस्पतालों में पद सृजित

अमृत विचार, लखनऊ : बहुत जल्दी ही अयोध्या व गाजियाबाद में नवनिर्मित 50 बिस्तर वाले अस्पताल में मरीजों को गुणवत्ता युक्त इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। अयोध्या में देवगांव स्थित अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने पर श्रद्धालुओं के इलाज के लिए पृथक व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। इसके लिए शासन द्वारा दोनो ही अस्पतालों लिए 34 विशेषज्ञ डाक्टर समेत 101 स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं।

# वाहनों में तत्काल लगवा लें एचएसआरपी नहीं तो जुर्माने से जेब हो जाएगी हल्की

## सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को कार्रवाई के लिए जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पुरानी नंबर प्लेट अब नहीं चलेगी। तमाम बार मौका दिए जाने के बाद भी जिन वाहन स्वामियों ने अब तक अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगवाई है वे तत्काल लगवा लें। बिना एचएसआरपी वाले वाहन सड़क पर नहीं चल पाएंगे। मार्ग पर अगर ऐसे वाहन चलते मिले तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। परिवहन विभाग ने सख्ती का मन बनाते हुए सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वाहनों पर कार्रवाई का निर्णय लिया है। प्रवर्तन टीम को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने को कहा गया है।



- अब नहीं चलेगीपुरानी नंबर प्लेट
- पांच हजार रुपया लगेगा जुर्माना

इसे लेकर अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने पूरे प्रदेश के ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई का निर्देश दिया है। शासन के निर्देश पर अब न केवल व्यवसायिक वाहनों में बल्कि निजी वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी की गई अधिसूचना 01 अप्रैल, 2019 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत एचएसआरपी लगवाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

**वाहन भी हो सकता है जब्त**

एचएसआरपी न लगवाए जाने पर अभियान के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माने के नियम हैं। इस दौरान वाहन जब्त किया जा सकता है।

नए वाहनों में तो यह सुरक्षा प्लेट लगाई जा रही है लेकिन 01 अप्रैल, 2019 से पहले बने और पंजीकृत हुए सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अब तक नहीं लगवाई गई है। यह नियम प्राइवेट और कमर्शियल दोनों तरह के वाहनों पर प्रभावी है।

> परिवहन आयुक्त के निर्देश पर इस आशय के आदेश प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरटीओ और पीटीओ को भेज दिए गए हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इन पर तय जुर्माना भी वाहन स्वामियों से वसूला जाएगा।
> –पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

देखा जा रहा है कि कई बार तिथि बढ़ाए जाने के बाद भी लोग अपने वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगवा पाए हैं। इनमें सबसे ज्यादा वाहन दोपहिया हैं। वाहन स्वामियों को पुनः सचेत किया जाता है कि अब बिना एचएसआरपी के वाहन सड़क पर चलता पाया गया तो वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी।

# 5 नकलची पकड़े, 7 छद्म परीक्षार्थियों और एक केंद्र व्यवस्थापक पर प्राथमिकी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8265 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुईं उप्र. बोर्ड की परीक्षाएं

अमृत विचार: उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को उप्र. में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरु हुईं।

इस दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 05 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 04 बालक एवं 01 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 07 छद्म परीक्षार्थियों के विरुद्ध जबकि, 01 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मंडलों, जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जिले में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की तरफ से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही नकल माफिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए इस बार एसटीएफ की कई टोमें भी लगाई गई हैं।

**ऑनलाइन मॉनीटरिंग की गई**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस साल पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

**3,33,541 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29 .43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी और द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# योगी डायनमिक सीएम, हर जिला उनके लिए हेडक्वार्टर

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की मुख्यमंत्री योगी की सराहना

गोरखपुर

अमृत विचार: आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यहां योगी के लिए डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी, साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले वह चीफ मिनिस्टर हैं।



लोकार्पण समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

- गोरखपुर में आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुईं वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण के मुताबिक, योगी इंजन की तरह प्रदेशभर में घूमकर काम रहते हैं और हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर सीतारमण ने कहा, ''फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।

**2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड**

वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16 .77 प्रतिशत बढ़ा है। साथ ही बीते साल अप्रैल से इस 10 जनवरी तक 2 .48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है।

## देश को हिन्दू-मुसलमान में बांट रही आरएसएस व भाजपा: स्वामी प्रसाद

अमृत विचार, लखनऊः पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आरएएस व भाजपा देश को हिन्दू-मुसलमान में बांटने का काम कर रही है। मौर्य नई दिल्ली के तालकटोरा मैदान में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपने नये दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की घोषणा की।उन्होंने कहा कि भाजपा इस देश की सम्पत्तियों को बेचने का पाप कर रही है। इतिहास गवाह है कि आरएसएस व भाजपा का कोई व्यक्ति देश की आजादी में शामिल नहीं हुआ।

ये अब सत्ता में रहकर देश की आम जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश बहुत संकट से जूझ रहा है। भारत का संविधान खतरे में है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। एक विशेष जाति के लोगों को पदोन्नति देकर नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राम का नाम लेकर देश भर में अशांति फैलाना चाह रही है, ये राम भक्त नहीं है, सिर्फ लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।

# कांग्रेस जल्द घोषित करेगी लोस प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन में समझौते में मिली 17 सीटों पर प्रदेश कांग्रेस जल्द प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने यह जानकारी दी।

बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर पार्टी जिताऊ व कर्मठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी। रायबरेली, अमेठी व वाराणसी सीटों पर प्रत्याशी पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी का नेतृत्व इसे तय करेगा। हालांकि, उन्होंने अमेठी व रायबरेली सीटों पर गांधी परिवार के लोगों व वाराणसी से खुद के चुनाव लड़ने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत कर दौर चल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदेश में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव शामिल होंगे।



सपा महासचिव राजेन्द्र चौधरी को निमंत्रण पत्र देतें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय साथ में पूर्व सांसद पीएल पुनिया व अन्य। अमृत विचार

**निमंत्रण देने पहुंचे अजय राय**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाम के वक्त सपा कार्यालय में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से सपा प्रमुख को लिखा गया पत्र सौंपा। उनके साथ पूर्व सांसद पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।

## चार लोगों पर मुकदमा

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पश्चिम में मारपीट और गाली, धमकी के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पिता की कार के नीचे आया दो वर्षीय बेटा, मौत

कुण्डा प्रतापगढ़

अमृत विचार। एक पिता की कार से उसके इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। अपने कलेजे के टुकड़े की मौत के बाद मां बदहवास हो गई। अपनी शिक्षिका पत्नी को कार से छोड़ने गए पति की कार के नीचे आने से ही घटना से परिजन बेहाल हैं। जानकारी के अनुसार लालगंज अझारा कस्बा निवासी सुशील बहादुर सिंह कालाकांकर ब्लॉक के ब्रम्हमौली प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। पत्नी आंचल सिंह चकपुरवा हिंनाहू प्राथमिक विद्यालय में तैनात है।

गुरुवार को सुशील बहादुर सिंह कार से अपनी पत्नी आंचल को छोड़ने के लिए दो वर्षीय बेटे कृष्णा के साथ चकपुरवा पुरवा प्राथमिक विद्यालय गए हुए थे। वहां पर वह आंचल व दो वर्षीय बेटे कृष्णा को कार से उतारकर गाड़ी बैक करने लगे कि इसी बीच कृष्णा कार के नीचे आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दम्पत्ति घायल बेटे को इलाज के लिए निजी अस्पताल ऊंचाहार ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर सुनते ही दम्पत्ति फूट-फूट कर रोने लगे। दंपति बेटे का शव लेकर उसके ननिहाल ऊंचाहार शमशेरगंज डोमीपुर चले गए। दिल दहला देने वाली घटना से हर कोई हतप्रभ है। बीएसए भूपेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, जिला मंत्री विनय कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजेश चंद्र पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी समेत शिक्षकों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दंपती को ढांढस बंधाया।

## सार-संक्षेप

### तथ्यों को छुपा कर कॉलेज नहीं ले सकेंगे मान्यता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा है कि प्रबंधक तथ्यों को छुआ कर कॉलेज की मान्यता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। एनओसी निर्गत करने के पहले पत्रावलियों की बारीकी से जांच की जाएगी। अग्निशमन दल वाहन आने - जाने की सुविधाओं को देखते हुए मानक के तहत 15 फिट से कम चौड़े रास्ते पर मान्यता नहीं दी जाएगी। पूर्वांचल विवि से गाजीपुर व जौनपुर में अब तक 573 महाविद्यालय संबद्ध हैं। जहां तीन लाख से अधिक छात्र - छात्राएं अध्यनरत हैं।

### 2 लाख से ज्यादा का बिल, उपभोक्ता परेशान

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। 13 वर्ष पूर्व स्थायी विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के बाद लाखों रुपए का बिल मिलने से उपभोक्ता हतप्रभ हो गया। जिसे दुरुस्त कराने के लिए उपभोक्ता अधिकारियों का दरवाजा खटखटा रहा है। इसके बावजूद भी कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बता दें कि जलालपुर तहसील क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासिनी बदामा देवी पत्नी रामबहादुर के नाम साढे सात हॉर्स पावर का कनेक्शन लिया था। जिसे 31-8-2010 में अपना विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करवा लिया था। तत्कालीन जेई दिलीप कुमार द्वारा डिस्कनेक्शन का रसीद भी दिया गया। लेकिन 13 वर्ष बाद फरवरी माह मे इनका बिल बकाया 1 लाख 45 हजार 378 रुपए और मार्च माह में दो लाख पन्द्रह हजार पांच सौ उन्नीस रुपया आया। जिसको देखकर उपभोक्ता का माथा चकरा गया। जिसे दुरुस्त कराने के लिए जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है, लेकिन कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता एके शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। फिलहाल जांच कर उचित निस्तारण किया जाएगा।

### लेखपाल को पेड़ में बांधने का प्रयास

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। खेत का सिमांकन करने पहुंचे लेखपाल को आवेदक ने ही बाइक पर बधे सरकारी अभिलेख सहित छीनकर अपमानित करते हुए कालर पकड़ कर पेड़ मे बाधने का प्रयास किया गया। जिसकी शिकायत लेखपाल द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है। मामला कोतवाली अन्तर्गत गांव सिपाह का है। लेखपाल ओंकार कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की गांव के आवेदक पंचम के प्रार्थना पत्र पर सीमांकन करने गुरुवार को पहुंचे लेकिन अगल-बगल के काश्तकार समझाने-बुझाने के बाद भी सीमांकन को तैयार नहीं हुए। जब मैं बिना पैमाइस किए वापस आने लगा तो आवेदक पंचम और दिवाकर पुत्र राम पियारे ने मेरी बाइक को छीन लिया। जिस पर सरकारी अभिलेख भी था। जब मै वीडियो बनाने लगा तो इन लोगों द्वारा मेरा मोबाइल भी छीन लिया गया। विरोध करने पर कालर पकड़ कर अपमानित करने के साथ-साथ गाली-गलौज देने लगे। कालर पकड़ कर अपने घर तक ले गए जहां पेड़ में बाधने का प्रयास करने लगे। तभी गांव के लोग एकत्र हो गए और उन लोगों द्वारा छुडाया गया। इसके बाद भी जान से मारने की धमकी देने लगे। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया मामला संज्ञान मे है और विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### प्रदेश में इस साल खोजे जाएंगे 6.50 लाख टीबी मरीज

लखनऊ, अमृत विचार। टीबी मुक्त उप्र बनाने के लिए साल 2024 में 6 .50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4 .30 लाख और निजी क्षेत्र में 2 .20 लाख टीबी मरीजों के चिन्हित किये जायेंगे। टीबी की पुष्टि होते ही रोगी को नजदीकी अस्पताल में इलाज दिया जायेगा ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने गुरुवार को बताया कि सभी सीएमओ और जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजकर लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर जहां हर माह की 15 तारीख को एकीकृत नि :क्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान चलाकर भी टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. रतन पाल सिंह सुमन और राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि पिछले साल 5 .50 लाख टीबी मरीजों के लक्ष्य के सापेक्ष 6 .33 टीबी मरीज चिन्हित किये गये थे। इस बार बढ़े हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीमें सक्रिय हैं।

## हाईस्कूल में 1440 और इंटर में 2114 ने छोड़ी परीक्षा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई हैं। इसे लेकर प्रशासन ने मुश्तैद रहा। पहली पाली में हाईस्कूल और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांति पूर्ण ढंग से आयोजित हुई। बता दें कि जनपद में 116 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। हाईस्कूल में 39177 और इंटर में 37173 कुल 76350 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पहले दिन हाईस्कूल की परीक्षा में 1440 और इंटरमीडिएट में 2114 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। सभी 116 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे। 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 6 सचल दल परीक्षा केंद्रों की निगरानी में लगे रहे। वायस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी की निगरानी में बोर्ड की परीक्षा हुई। जनपद के कंट्रोल रूम पर लखनऊ कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय से निगरानी की गई। गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी और द्वितीय पाली में हाईस्कूल वाणिज्य की परीक्षाएं हुईं। वहीं इंटरमीडिएट में हिंदी विषय की परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री, किया दर्शन-पूजन

गोरखपुर

अमृत विचार। गुरुवार को पहली बार गोरखपुर आईं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर गुरु गोरखनाथ जी के दर्शन पूजन किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया।

आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं। यहां मुख्यमंत्री उन्हें गुरु गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में ले गए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच शिवावतार भगवान गोरखनाथ का दर्शन और विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। परिसर भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अपने बैठक कक्ष में नाथपंथ, गोरखनाथ मंदिर के इतिहास, गुरु परंपरा और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रसाद भी प्रदान किया।



# 18 बीघा जमीन की खातिर बेटे ने काटा पिता का गला, मौत

सीतापुर, अमृत विचार। महमूदाबाद कोतवाली इलाके में गुरुवार की सुबह बेटे ने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। मां की तेरहवीं के दिन ही बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के पीछे 18 बीघा जमीन का विवाद बताया जा रहा है। बहन के नाम जमीन होने के आशंका के चलते बेटे ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये हैं।

क्षेत्र के ग्राम सायपुर निवासी अवध राम यादव गुरुवार को पत्नी की तेहरवीं संस्कार के चलते खेतों की तरफ गए थे। बताया जाता है कि इस दौरान बेटे सजीवन (45) ने बांके से चकमार्ग पर ही गला काटकर हत्या कर दी। काफी देर तक जब अवध राम घर नही पहुंचे तो बेटी नीतू पिता को देखने के लिए गयी तो सड़क पर खून से लथपथ शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

**18 बीघा जमीन के लिए हत्या**

मृतक की बेटी नीतू ने बताया कि मां की मौत से पहले भी भाई कई बार 18 बीघा जमीन को अपने नाम करवाने के लिए पिता और मां से लड़ाई झगड़ा करता रहता था। मां की मौत के बाद भाई को लगता था कि पैतृक जमीन पिता की मौत के बाद बहन और भाई दोनों के हिस्सों में बंट जाएगी। नीतू ने बताया कि इसी के चलते भाई ने पिता की गला काटकर हत्या कर दी। आरोप है कि इस वारदात में भाई की पत्नी भी शामिल है। वारदात के बाद दोनों फरार चल रहे हैं।

**तेरहवीं के दिन घर में उठी अर्थी**

मृतक की बेटी नीतू ने पुलिस को बताया कि उसकी मां किरन देवी की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। घर में गुरुवार की सुबह शांति पाठ और तेरहवीं संस्कार की तैयारी चल रही थी। सुबह करीब 8 बजे आरोपी भाई और भाभी घर से अचानक ही गायब हो गये थे। पिता खेतों की तरफ गए लेकिन वापस नहीं लौटे तो परिवार वालो के कहने पर बेटी उन्हें ढूढने के लिए खेतों की तरफ बढ़ी तो पिता का धड़ से अलग सिर देखकर वह दहाड़ें मारकर रोने लगी। नीतू ने बताया कि मां की तेरहवीं के दिन ही भाई ने ऐसा कृत्य किया कि पिता की भी अर्थी उठ गई।

## सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर को जमीन की तलाश

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सीआईएसएफ की ट्रेनिंग सेंटर और बटालियन रहने के लिए निर्माण के लिए जमीन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट डी राजपूत उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डिप्टी कमांडेंट डी. राजपूत ने बताया कि सीआईएसएफ का गठन 1969 में किया गया है। यूपी में अभी इनका कोई ट्रेनिंग सेंटर नहीं है, जबकि बटालियन के लिए कार्यालय गाजियाबाद में है। जिसमें 125 एकड़ से 500 एकड़ एक मुश्त निर्विवाद भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन जायसवाल और उप जिलाधिकारी टांडा सचिन यादव को तत्काल चिन्हित जमीन को दिखाने के लिए निर्देशित किया है। अकबरपुर तहसील में थाना क्षेत्र बेवाना ग्राम ससपना के निकट और तहसील टांडा में ग्राम बिहरा सहित अन्य निकटवर्ती ग्राम में जमीन दिखाने के लिए तत्काल टीम रवाना की गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 29.01.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–23.02.2024 से 29.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत बढ़ौनाडीह , विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–29.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत आरआरसी निर्माण कार्य | 2,87,400 रुपये | बालू, मोरंग, पत्थर (20उउ), ईटगिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री | 100 |
| 2 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष, ठेला/ई–रिक्शा | 1,67,500 रुपये। | ठेला/ई–रिक्शा | 100 |

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0– बढ़ौनाडीह वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर
(सचिव) ग्रा0पं0– बढ़ौनाडीह वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक– 23.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–23.02.2024 से 27.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत हरसायननागापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–27.02.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपय में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेन रोड से हरखाली के शौचालय तक नाली निर्माण कार्य। | 1,30,516.73 रुपये | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 2 | वंशराज के घर से देव सरन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 373760.31 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 3 | हरखाली के शौचालय से मेन रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 212079.22 रुपये | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |
| 4 | रामलौट विश्वकर्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण काय | 274404.91 रुपये | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

(ग्राम प्रधान) ग्रा0पं0–हरसायननागापुर वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर
(सचिव) ग्रा0पं0–हरसायननागापुर वि0खं0–मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राजमा सफेद 13000-14000
राजमा काला 11500-12500
आटा 2700-2900
मूंगफली का दाना 11000-12000
चीनी (एम 30) 4250
चीनी (एस 30) 4100
गुड़ पंसेरा 5000
गुड लड्डू 5200।

# महंगाई को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ : आरबीआई गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

- दास ने कहा- रेपो रेट पर लिया गया फैसला महंगाई कम करने में मिली सफलता को करेगा कमजोर



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने का काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम कीमत के मोर्चे पर अब तक जो सफलता हासिल की गई है, उस पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा जारी किया। इसके अनुसार, दास ने कहा था, 'इस समय मौद्रिक नीति का रुख सतर्क होना चाहिए और यह नहीं मानना चाहिए कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर हमारा काम खत्म हो गया है।' उन्होंने कहा कि एमपीसी को मुद्रास्फीति को नीचे लाने के 'अंतिम छोर' को सफलतापूर्वक पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

दास ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान करते समय यह टिप्पणी की। ब्योरे के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि बाजार नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद को लेकर आगे है, लेकिन इस समय जल्दबाजी में उठाया गया कोई भी कदम अबतक हासिल की गई सफलता को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च वृद्धि को बनाए रखने के लिए मूल्य और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। मौद्रिक नीति का उद्देश्य वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालीन आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बने रहना है। एमपीसी के छह सदस्यों में से पांच ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने के लिए मतदान किया था। समिति में बाह्य सदस्य जयंत आर वर्मा ने रेपो दर में 0.25 प्रतिशत तक कम करने और रुख को तटस्थ में बदलने के पक्ष में दलील दी थी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय मजबूती की प्रक्रिया 2024-25 में जारी रहने का अनुमान है, इससे मुद्रास्फीति बढ़ने के जोखिम के बिना मौद्रिक नीति के स्तर पर नरमी की गुंजाइश बनती है।

वर्मा ने कहा, 'मेरे विचार में, एमपीसी के लिए एक स्पष्ट संकेत देने का समय आ गया है कि वह मुद्रास्फीति को काबू में लाने और वृद्धि को गति देने की अपनी दोहरी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और यह वास्तविक ब्याज दर को उस स्तर पर बनाये नहीं रखेगी, जो कि इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यकता से काफी अधिक है।'

## बांग्लादेश, मॉरीशस और भूटान को प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने व्यापारियों को 31 मार्च तक बांग्लादेश, मॉरीशस, बहरीन और भूटान को 54,760 टन प्याज निर्यात करने की गुरुवार को अनुमति दे दी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, 'हमने तत्काल प्रभाव से बांग्लादेश को 50,000 टन, मॉरीशस को 1,200 टन, बहरीन को 3,000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 31 मार्च तक इतनी मात्रा का निर्यात करने की अनुमति है। इसके तौर-तरीकों पर काम जारी है। सिंह ने कहा कि यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार ने 8 दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर 31 मार्च तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

# इफको फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी




इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर एक बार फिर दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गई है।

इफको के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुनः पहले स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है।

इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती है कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,970 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## हीरानंदानी समूह के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

- फेमा उल्लंघन के सिलसिले में जांच एजेंसी की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में प्रतिष्ठित रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित चार से पांच परिसरों पर गुरुवार को छापे मारे।

सूत्रों ने बताया कि यह जांच फेमा के उल्लंघन से जुड़ी है। यह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा से जुड़ी जांच के एक अन्य मामले से संबद्ध नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से मिले तोहफों के बदले में अडाणी समूह और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। दर्शन हीरानंदानी रियल एस्टेट दिग्गज और हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी के बेटे हैं। दुबे ने मोइत्रा पर वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया था। मोइत्रा ने इन आरोपों से इनकार किया था।

## बिहार ईओयू का पटना जीपीओ पार्सल गृह में छापा

**पटना।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एक टीम ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ एवं मनोत्तेजक पदार्थों के पार्सल के माध्यम से संभावित तस्करी की रोकथाम के लिए पटना जीपीओ पार्सल गृह में गुरुवार को छापामारी की। ईओयू के अपर पुलिस महानिदेशक नय्यर हसनैन खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व आसूचना एवं बरामदगी के लिए आर्थिक अपराध इकाई मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नयशील है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में ईओयू के दल ने छापेमारी की।

# धार्मिक पर्यटन में 2 लाख रोजगार पैदा होगा

मुंबई, एजेंसी

- एक रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मिलेगा और बढ़ावा



देश में धार्मिक पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के जोर पकड़ने से अगले चार-पांच वर्षों में करीब दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि भारत में धार्मिक पर्यटन के वर्ष 2023 से 2030 के बीच सालाना 16 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

अलुग ने कहा कि घरेलू पर्यटन में धार्मिक पर्यटन की हिस्सेदारी इस समय 60 प्रतिशत है, लेकिन आने वाले समय में यह अनुपात बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिल सकता है। अलुग ने कहा, 'अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से आतिथ्य एवं यात्रा सेवाओं से जुड़ी करीब 25,000 नौकरियां बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'अगले चार-पांच वर्षों में धार्मिक पर्यटन से दो लाख रोजगार अवसर पैदा होने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक 60 अरब डॉलर के अनुमानित राजस्व के साथ धार्मिक पर्यटन अस्थायी और स्थायी दोनों तरह के कामगारों के लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा।'

उन्होंने उद्योग रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि कोविड महामारी के बाद तीर्थयात्रा के लिए होने वाली रात्रिकालीन यात्राएं बढ़ गईं और वर्ष 2021-2022 में दान राशि में भी 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## राष्ट्रीय

# आगामी चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

## गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत

जांजगीर, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की और कहा कि आगामी आम चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। शाह ने यहां विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज यहां छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प रैली में आया हूं। आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। आने वाला चुनाव देश को पूर्ण विकसित और भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है।''

शाह ने कहा, ''मैं छत्तीसगढ़ की जनता का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। 2014 में आपने 11 में से 10 सीट भाजपा को जिताईं। 2019 में 11 में से नौ सीट पर भाजपा को जिताया। हाल ही में (पिछले साल) विधानसभा चुनाव में आपने छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवाई।" उन्होंने कहा, "एक नाकारा सरकार (पिछली कांग्रेस सरकार) जिसने न नक्सलवाद पर लगाम कसी और न छत्तीसगढ़ के लोगों को न्याय दिया, जिसने लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ अन्याय करने का काम किया, उसको भी आपने हटा दिया। छत्तीसगढ़ के लोगों ने (मुख्यमंत्री) विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का काम किया है।''

उन्होंने राज्य में सरकार बनाने के लिए महिलाओं को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, 'मैं विशेष रूप से राज्य की माताओं और बहनों को प्रणाम कर आभार प्रकट करता हूं।' केंद्रीय गृह मंत्री ने इस दौरान मोदी की सरकार के 10 वर्ष में किए गए कामों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने 10 साल में देश के 60 करोड़ गरीबों का कल्याण किया है। इन 10 साल में मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों को घर में नल से जल देने का काम किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 38 लाख से ज्यादा घरों में पीने का पानी आजादी के 75 साल बाद पहली बार पहुंचा है। देश के 60 करोड़ लोगों का पांच लाख रुपए तक उपचार का खर्च नरेंद्र मोदी सरकार उठा रही है।'

गृहमंत्री शाह ने कहा, 'मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने का काम किया है। हमारा देश दुनिया की अर्थ तंत्र तालिका में 11वें नंबर पर था आज पांचवें नंबर पर है। मोदी जी के एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने पर हम दुनिया की तीसरे नंबर की आर्थिक ताकत बन जाएंगे।'

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 'गोपनीय' सूचना मीडिया को कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की याचिका पर 23 फरवरी को आदेश पारित करेगा। पूर्व सांसद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दावा किया कि उनकी मुवक्किल को परेशान किया जा रहा है और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने की सूचना, उन्हें समन मिलने से पहले ही मीडिया ने प्रकाशित कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मौखिक रूप से कहा कि अभी तक ऐसा कुछ नहीं है, क्योंकि संबंधित समाचार रिपोर्ट में तथ्यात्मक दावे किए गए हैं।




पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर इन दिनों सपरिवार कश्मीर में हैं। गुरुवार को उन्होंने बेटी सारा और पत्नी अंजलि के साथ डल झील में शिकारे का आनंद लिया।

## एक नजर

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा दी गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरुआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खरगे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे।

### कश्मीर में नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी मिली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने केंद्रशासित प्रदेश में वर्ष 2027 तक 2,000 स्टार्टअप स्थापित करने के लक्ष्य के साथ एक नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक, यह नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं देती है और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च आय वाले व्यक्तियों के जरिये उद्यमियों को सहायता मुहैया कराती है। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में 2018 में अधिसूचित स्टार्टअप नीति की जगह लेने वाली जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई।

# बेरोजगार पति को हर माह 5,000 रुपये भरण-पोषण दे पत्नी : अदालत

इंदौर, एजेंसी

- इंदौरा की एक कुटुंब अदालत ने दिए निर्देश

इंदौर के कुटुंब न्यायालय ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला को आदेश दिया है कि वह उसके कथित तौर पर बेरोजगार पति को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये अदा करे। इस व्यक्ति के वकील मनीष झारोला ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

झारोला ने बताया, 'हमारे एक अंतरिम आवेदन पर कुटुंब न्यायालय ने 20 फरवरी (मंगलवार) को आदेश दिया कि मेरे मुवक्किल की पत्नी उसे हर माह भरण-पोषण के लिए 5,000 रुपये अदा करे और मुकदमे का खर्च अलग से दे।' उन्होंने कहा कि महिला ब्यूटी पार्लर चलाती है और उसका पति उसकी कथित शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई पूरी नहीं कर सका था। झारोला ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कुटुंब न्यायालय में दायर अर्जी में कहा कि वह फिलहाल बेरोजगार होने से खुद के भरण-पोषण में असमर्थ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि एकतरफा प्रेम में पड़ी महिला और उसके परिवार वालों ने उनके मुवक्किल को डरा-धमका कर उसे आर्य समाज के मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान विवाह के लिए मजबूर किया था, जबकि वह इस शादी के लिए कतई राजी नहीं था। झारोला के मुताबिक उनके मुवक्किल ने अपनी पत्नी और उसके परिजनों की कथित प्रताड़ना के बारे में इंदौर के पुलिस आयुक्त को शिकायत भी की थी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा 25 को धौलपुर पहुंचेगी

**जयपुर।** राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 25 फरवरी को राजस्थान के धौलपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा 25 फरवरी को धौलपुर में प्रवेश करेगी, जहां यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय यात्रा का ध्वज राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को सौंपेंगे।

# दिल्ली के बुराड़ी से बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जवाबी गोलीबारी में बदमाश आमिर और दानिश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने कहा कि आमिर डकैती से लेकर हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम तक के छह आपराधिक मामलों तथा दानिश दंगा और शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में शामिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा, 'हमारी कई टीम भजनपुरा थाने में दर्ज गोलीबारी के मामले में शामिल इन लोगों का पता लगा रही थीं।'

# किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाए सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है, लेकिन पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

सुखपाल सिंह ने कहा, "मोदी सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देंगे और किसानों, खेत मजदूरों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन एक भी पैसे का कर्ज माफ नहीं किया गया। उल्टे एमएसपी की मांग कर रहे किसानों पर गोलियां चलाई जा रही है।"

कांग्रेस नेता ने कहा, "किसान आंदोलन से जुड़े शुभकरण सिंह की कल गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन हरियाणा सरकार यह मानने को तैयार नहीं है। देश की पुलिस अपने ही किसानों पर अत्याचार कर रही है। आंदोलन से जुड़े 200 से ज्यादा किसान जख्मी हैं।'

## ईवीएम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई नेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। ईवीएम हटाओ मोर्चा के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद कर दिया, जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। कांग्रेस नेता अरविंद सिंह लवली ने कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है।

# कांग्रेस से गठबंधन किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप नेता और दिल्ली की मंत्री ने किया दावा



आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि यदि पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करती है तो अगले तीन से चार दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शनिवार या रविवार को केजरीवाल को नोटिस जारी करने वाला है। उन्होंने दावा किया, 'जब से 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन की चर्चा अंतिम चरण में पहुंचने की खबरें आ रही हैं, बुधवार शाम से ही 'आप' नेताओं को संदेश मिल रहे हैं कि यदि 'आप' ने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया तो केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि संदेशवाहकों द्वारा यह बताया गया कि शनिवार या रविवार को मुख्यमंत्री को सीबीआई द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संदेशवाहकों द्वारा यह भी बताया गया कि केजरीवाल को जेल से बाहर रखने का एकमात्र तरीका 'आप' द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ना है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेता इस संबंध में एक-दो दिन में आधिकारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं।

## शिवसेना नेता का दावा

## 1987 में किया बाघ का शिकार, गले में पहनते हैं उसका दांत

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली शिवसेना के एक विधायक ने दावा किया है कि उन्होंने 37 साल पहले एक बाघ का शिकार किया था और वह उसका दांत अपने गले में पहनते भी हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संजय गायकवाड़ का यह दावा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गायकवाड़ अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। वह वीडियो में यह कहते नजर आ रहे हैं, "यह बाघ का दांत है। वर्ष 1987 में मैंने इसका शिकार किया था।'

## एक नजर

### उत्तर भारत में कल से 27 फरवरी तक बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में एक बार फिर से पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता होने वाली है। यह सक्रियता कल से 27 फरवरी तक बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक चार दिनों तक बने रहने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' (पश्चिमी विक्षोभ) का व्यापक असर पड़ने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन बाद आने वाले 'वेस्टर्न डिस्टरबेंस' की सक्रियता का कितना असर पड़ने वाला है, इसका अध्ययन किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस दौरान उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक बार फिर से जमकर बारिश और बर्फबारी होगी। पिछले हफ्ते सक्रिय रहे पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अभी भी लगातार बर्फबारी और बारिश हो रही है।

### वेनेजुएला में अवैध सोने की खदान ढही, 15 की मौत, दर्जनों फंसे

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में अवैध रूप से संचालित सोने



की खदान ढहने से करीब 15 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आधिकारिक बयानों के मुताबिक खदान के अंदर कितने लोग अभी दबे हुए हैं, इसके बारे में सटीक जानकारी देना अभी संभव नहीं है। घटना को लेकर दिए गए आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मौके से अब तक करीब 15 शवों को बाहर निकाला गया है। वहीं करीब 11 लोग घायल हैं। हादसे के तुरंत बाद से राहत एंव बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था, जो अभी भी जारी है।

### मंगोलिया में कड़ाके की ठंड से 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत

**उलान बतोर।** मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से पशुओं की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। मंगोलिया के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार ठंड के कारण पूरे देश में कम से कम 15 लाख से ज्यादा पशुओं की मौत हो चुकी है। मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है। विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

### अमेरिकाः भारतीय छात्रों से वाणिज्य दूतावास के अफसरों ने की बातचीत

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने देश में रह रहे भारतीय छात्रों के साथ वर्चुअल बातचीत की। राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन के नेतृत्व में हुई बातचीत में लगभग 150 भारतीय छात्र संघ के पदाधिकारियों और 90 अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत भी शामिल हुए। अमेरिका में कुछ भारतीयों और भारतीय छात्रों की हाल में हुई मौतों की पृष्ठभूमि में यह बैठक महत्वपूर्ण है।

# 11 माह पहले पारित आदेश संशोधित मैतेई समुदाय एसटी सूची से बाहर

● **27 मार्च, 2023 को हाईकोर्ट ने किया था पारित, इस आदेश से मणिपुर में मैतेई और कुकी के बीच हुआ था जनजातीय संघर्ष**

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची से बाहर रखने का फैसला लिया है। चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति गोलमेई गाइफुलशिल्लू की पीठ ने पुराने आदेश को संशोधित करते हुए साफ किया कि 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश का पैराग्राफ 17 (3) हटाया जा रहा है। बता दें कि लगभग 11 महीने पहले पारित इस आदेश में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के बाद उपजे विवाद के कारण मणिपुर के कई हिस्सों में मैतेई और कुकी आदिवासी समुदाय के बीच जनजातीय संघर्ष हुआ था।

गौरतलब है कि मार्च, 2023 में मणिपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन कार्यवाहक चीफ जस्टिस एमवी मुरलीधरन की पीठ ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश दिया था। अप्रैल में आदेश की प्रति सार्वजनिक होने के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में जमकर हिंसा भड़की थी। हाईकोर्ट के फैसले को संशोधित करने का आदेश देते हुए चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की पीठ ने बुधवार, 21 फरवरी को पारित आदेश में कहा, 'अदालत इस बात से संतुष्ट है कि एकल न्यायाधीश की पीठ में 27 मार्च, 2023 को पारित आदेश के पैराग्राफ 17 (3) में दिए गए निर्देशों की समीक्षा जरूरी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने साफ किया कि एकल पीठ के निर्देश सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ है। खंडपीठ में संशोधन का निर्देश देते हुए न्यायमूर्ति गाइफुलशिलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति सूची में संशोधन के लिए भारत सरकार ने प्रक्रिया निर्धारित की है। उन्होंने लगभग 11 महीने पहले पारित आदेश के पैरा 17 (3) में निहित हाईकोर्ट के निर्देश को हटाने पर जोर दिया। अदालत ने साल 2013-14 में जारी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की रिपोर्ट में शामिल विस्तृत संवैधानिक प्रोटोकॉल का उल्लेख भी किया।

# हाईवे पर आपात हालात में 1033 या 108 पर मांगें मदद

*आजकल लोकल सड़क से लेकर बड़े-बड़े हाइवे सभी सुरक्षा के लिहाज से नजर हटी, दुर्घटना घटी वाली स्थिति में हैं। नेशनल हाईवे पर लोग लंबी-लंबी दूरी का सफर तय करते हैं, सफर करते समय सुरक्षा की दृष्टि से डर सा होता है, कि किसी गंभीर स्थिति में इस सड़क पर कौन मददगार बनेगा। लेकिन ऐसा नहीं है, बड़े-बड़े हाईवे पर यात्रा के समय भी आप निश्चिंत होकर यात्रा कर सकते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हाईवे पर मदद उपलब्ध कराता है। जानते हैं कैसे पा सकते हैं मदद...*

**24** घंटे हाईवे फैसेलिटी में टोल प्लाजा एम्बुलेंस पेट्रोल व्हीकल क्रेन सेवाएं है शामिल



### टोलबूथ की टैक्स रसीद पर होता है हेल्पलाइन नंबर

इसके अलावा आप जिस नेशनल हाईवे पर जा रहे हैं, वहां टोलबूथ पर पैसे देने के बाद जो रसीद मिलती है, उस पर भी चार फोन नंबर आगे-पीछे के हिस्से में मिलते हैं। इन फोन नंबर हेल्पलाइन, क्रेन सर्विस, एंबुलेंस सर्विस मिल सकती है।

हाईवे पर परेशानी से बचने का कोई जरिया ? एनएचएआई का राजमार्गयात्रा मोबाइल एप भी है। इससे यात्री रियल टाइम मौसम के हालात, समय पर प्रसारित सूचनाएं और नजदीकी टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, अस्पताल, होटल और अन्य जरूरी सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### आपात स्थिति में कैसे मिलेगी मदद

हाईवे पर सफर करते समय अगर वाहन खराब हो जाए, हादसा हो या मेडिकल इमरजेंसी हो तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी के हेल्पलाइन नंबर 1033 या 108 पर फोन कर सकते हैं। ये सेवा 24 घंटे चलती है। हाईवे फैसेलिटी में- टोल प्लाजा एम्बुलेंस, पेट्रोल व्हीकल, क्रेन या एंबुलेंस सेवा शामिल है। ये नंबर 24 घंटे सातों दिन काम करते हैं।

### 'राजमार्ग यात्रा मोबाइल' एप से मिलेगी मदद

राजमार्ग यात्रा एप पर रजिस्टर्ड शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाता है। ये विभिन्न बैंक पोर्टलों के साथ जुड़ा है, इस तरह यूजर्स के लिए फास्टैग को रिचार्ज करना सुविधाजनक बनाता है। सफर के दौरान हाइवे पर पड़ने वाले पर्यटन स्थल की जानकारी भी मिलती है। साथ ही ब्लैक स्पॉट कहां पर है, इसकी जानकारी भी मिलती है।

# चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी समिति चुनाव आयोग को सौंपेगी रिपोर्ट

## पाकिस्तानः उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित करने का था आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने रावलपिंडी में चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच पूरी कर ली है। समिति जल्द अपनी रिपोर्ट चुनाव निकाय को सौंपेगी। दरअसल, ये आरोप एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा लगाए गए हैं।

गौरतलब है, पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे। जिसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है। तमाम संगठनों का आरोप है कि चुनावों में धांधली की गई। वहीं, 17 फरवरी को रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश आठ फरवरी के चुनावों में चुनाव धांधली में शामिल थे। इन आरोपों के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जांच की मांग उठने लगी थी।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आरोपों की जांच के लिए रविवार को समिति का गठन किया था। लियाकत अली ने कहा था कि जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जीता हुआ घोषित किया गया। वहीं, पद से इस्तीफा देने से पहले उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को जबरदस्ती विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के लिए गठित की गई ईसीपी की जांच समिति को तीन दिन का समय दिया गया था। समिति ने अपनी जांच तय समय में पूरी कर ली और जल्द चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंप देगी। एक अधिकारी के हवाले से कहा गया, 'समिति ने रावलपिंडी संभाग के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए हैं। डीआरओ और आरओ ने पूर्व आयुक्त के धांधली और परिणामों में हेरफेर के आरोपों से इनकार कर दिया है।

### इमरान समर्थित पीटीआई का तीन मार्च को संगठनात्मक चुनाव

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई



भले ही देश के आम चुनाव में भाग नहीं ले पाई हो, लेकिन पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने भारी संख्या में नेशनल एसेंबली का चुनाव जीता है। इमरान खान की संकटग्रस्त पार्टी अब तीन मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव करवाने जा रही है। इससे पहले पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के अंदरूनी चुनाव को रद्द कर दिया था। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई ने घोषणा की है कि वह तीन मार्च को नए सिरे से पार्टी के अंदरूनी चुनाव करवाएगी। पार्टी के सदस्य शुक्रवार-शनिवार तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। पार्टी के चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 25 फरवरी तक पूरी होगी और नामांकन पर फैसला 27 फरवरी तक किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई के संगठनात्मक चुनावों के लिए वोटिंग पार्टी के केंद्रीय सचिवालय समेत देश के सभी चार प्रांतों में पीटीआई कार्यालयों में आयोजित किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैरिस्टर गौहर अली खान को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है, जबकि रऊफ हसन पार्टी चुनाव के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। पीटीआई ने चुनाव आयोग के निर्देश पर पिछले साल दिसंबर में पार्टी के अंदर एक अंदरूनी चुनाव करवाया गया था, जिसमें गौहर खान को पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने पार्टी के चुनाव को रद किया था। हालांकि, इसके बाद कुछ असंतुष्ट पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पार्टी के चुनाव को चुनौती दे दी और अदालती लड़ाई के बाद चुनाव को रद्द कर दिया गया था।

## तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर हमला 1 घायल, 3 गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट में अब न्याय के साथ-साथ इलाज भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● **आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का सीजेआई ने किया उद्घाटन**

सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को न्याय के साथ-साथ इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया।

सीजेआई ने कहा, 'मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया, 'मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे।

सीजेआई ने कहा, 'जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो।

## बर्फबारी का आनंद लेते सैलानी...



**श्रीनगर :** फोटो जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग की है। जहां पिछले 48 घंटों से भारी बर्फबारी हो रही है। सैलानी बर्फबारी का आनंद ले रहें हैं। मौसम विभाग ने बताया कि श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में मौसम की दूसरी भारी बर्फबारी हो रही है। इस बीच, कश्मीर घाटी को जोड़ने वाले राजमार्ग मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, श्रीनगर-लेह रोड सहित कई मार्ग पूरी तरह से बंद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इसके कारण राज्य की 405 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। सिक्किम में भारी बर्फबारी से भारत-चीन सीमा पर फंसे 500 पर्यटकों को भारतीय सेना के जवानों ने बचा लिया है। ● एजेंसी



# मंदिरों पर 10% टैक्स लगाएगी कर्नाटक सरकार, विधेयक पास

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● **विधानसभा में हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित, फैसले से भड़की भाजपा**

कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित हो गया। इस विधेयक में हिंदू मंदिरों के राजस्व पर 10 फीसदी टैक्स लगाने का प्रावधान किया गया है। इस पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है और कांग्रेस सरकार को हिंदू विरोधी बताया है।

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने सरकार के इस विधेयक पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हिंदू मंदिरों के पैसों से अपना खाली खजाना भरना चाहती है। विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा 'कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है और अब उनकी नजर हिंदू मंदिरों पर है। कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' अपने खाली खजाने को भरने के लिए पारित किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों की एक करोड़ से ज्यादा की कमाई पर 10% टैक्स लगाएगी, ये और कुछ नहीं गरीबी है। श्रद्धालुओं द्वारा दिया जाने वाला चंदा मंदिरों के पुनर्निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने में इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन अगर ये किसी अन्य उद्देश्य से आवंटित किया जाता है तो ये लोगों की आस्था के साथ धोखा होगा।

# यूएन पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● **संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर फिर भड़के जयशंकर बोले-बहुपक्षीय समाधान नहीं मिल रहे**

नई दिल्ली में वैश्विक कूटनीतिक विमर्श के कार्यक्रम रासीना डायलॉग 2024 का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शिरकत की। जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में एक बार फिर सधे हुए शब्दों में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियों को उजागर किया और आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र आज भी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही संचालित हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि 'जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था तो उस वक्त इसके करीब 50 सदस्य थे। आज इसके चार गुना ज्यादा सदस्य देश हैं। ऐसे में ये स्वभाविक बात है कि संयुक्त राष्ट्र पुराने ढर्रे के आधार पर नहीं चल सकता। अगर पिछले पांच वर्षों को देखें तो कई बड़े मुद्दे हैं, जिनका हम बहुपक्षीय समाधान नहीं निकाल सके हैं। नतीजे नहीं मिल रहे हैं, तभी सुधार की मांग उठ रही है। कई मामलों में नियमों के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम वैश्वीकरण की बात करते हैं, लेकिन तथ्य ये है कि वैश्विक व्यापार के नियमों में भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं और हम ये भी जानते हैं कि कैसे देश अपने फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का इस्तेमाल करते हैं। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा कि 'कई मामलों में हम बीच का रास्ता नहीं निकाल सके। पुराने मुद्दों के अलावा, नए मुद्दे भी हैं। कनेक्टिविटी, कर्ज, व्यापार आदि मुद्दे भी हैं और कैसे इनसे फायदा उठाया जा रहा है। ये जरूरी नहीं है कि ये सब कुछ पश्चिमी देश कर रहे हैं, लेकिन शुरुआत में पश्चिमी देशों का ही संयुक्त राष्ट्र में दबदबा था और आज जो स्थिति है, उसके लिए पश्चिमी देश भी जिम्मेदार हैं। संयुक्त राष्ट्र के जो नए सदस्य बन रहे हैं, उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बात करें तो वहां सबसे बड़े विरोधी पश्चिमी देश नहीं है। ऐसे में यह एक समग्र समस्या है और हमें बदलाव के लिए धीरे-धीरे संघर्ष करना होगा।

# चीन के जाल में फंसा मालदीव भेजा जासूसी पोत, भारत चिंतित

**माले, एजेंसी**

● **अमेरिकी थिंक-टैंक ने लगाया आरोप, चीनी अनुसंधान पोत हिंद महासागर से कर रहा डाटा एकत्र**

चीन का समुद्री अनुसंधान जहाज हिंद महासागर में लगभग एक महीना बिताने के बाद गुरुवार को मालदीव के पास पहुंच गया। इस जहाज को जासूसी जहाज बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि, चीनी अनुसंधान जहाज जियांग यांग होंग 03 उसी दिन मालदीव पहुंचा है जब भारतीय और श्रीलंकाई जहाज त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के लिए इस द्वीपसमूह पर पहुंचे। हिंद महासागर में चीनी अनुसंधान जहाज की आवाजाही के बारे में भारत पहले ही चिंता जता चुका है। अमेरिकी थिंक-टैंक ने आरोप लगाया है कि चीन के अनुसंधान जहाजों का बेड़ा सैन्य उद्देश्यों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र सहित महासागरों से डाटा एकत्र कर रहा है। हालांकि बीजिंग ने आरोप से इनकार किया है। दुनिया भर में सभी समुद्री जहाजों पर नजर रखने वाली



समुद्री यातायात वेबसाइट के हवाले से बताया कि जियांग यांग होंग 03 गुरुवार सुबह माले शहर के करीब दिखा, वहीं दोपहर में यह थिलाफुशी के पास था। चीनी अनुसंधान जहाज ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन की यात्रा समाप्त होने के बाद 14 जनवरी को यात्रा शुरू की थी। मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के पास लगभग एक महीना बिताने के बाद यह गुरुवार को माले के पास पहुंचा। दावा किया गया कि जहाज 22 जनवरी से ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था।

**विज्ञान** दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से करेंगे आगाह

# जलवायु परिवर्तन को लेकर नासा एक साथ भेजेगा दो उपग्रह

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** दिन पर दिन गंभीर होते जा रही जलवायु परिवर्तन की समस्या पर नजर रखने के लिए नासा एक साथ दो अंतरिक्ष यान पृथ्वी के अंतिम छोर पर पहुचाने जा रहा है। दोनों अंतरिक्ष यान पृथ्वी के ध्रुवों से डेटा एकत्र कर भविष्य में आने वाले खतरों से आगाह करेंगे। दोनों मिशन जल्द लॉन्च किए जाएंगे।

वर्तमान समय जलवायु परिवर्तन के खिलाफ गंभीर लड़ाई का है। भले ही नासा इस दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है, लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इसमें अपने शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। नासा के अनुसार पिछले 20 साल के अंतराल में जलवायु परिवर्तन में बड़ा असर देखने को मिला है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक तेजी से बढ़ रहे हैं ।



नासा ध्रुवों पर इस तरह से लॉन्च किए जाएंगे उपग्रह।

जिसका विपरीत असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिल रहा है। इस वैश्विक समस्या पर नजर रखने के लिए फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट (प्रीफायर) उपग्रह लॉन्च करने जा रहा है। यह दो उपग्रह होंगे, जिन्हें अगले माह लॉन्च कर दिया जाएगा। 470 से 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचकर दोनों अंतरिक्ष यान वायुमंडल में एक-दूसरे को पार करते हुए निकट-ध्रुवीय कक्षाओं में स्थापित किए जाएंगे। इस मिशन से पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से होने वाली गर्मी के पूर्ण वातावरण को मापा जा सकेगा। पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है, जो जलवायु से संबंधित सटीक जानकारी देने में सक्षम होगा।

### ध्रुवों की जलवायु की जानकारी अभी भी अधूरी

ध्रुवों की जलवायु को लेकर हमारी जानकारी अभी भी अधूरी है, जबकि हमारे वातावरण में कई तरह का मापन इन्ही क्षेत्रों को आधार माना जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में विकिरण का असर भी देखने को मिलता है। ध्रुवीय क्षेत्र मानवीय दखल से अभी भी दूर हैं। जिस कारण पृथ्वी के ध्रुव आज भी स्वच्छ माने जाते हैं, लेकिन जलवायु में तेजी से आ रहे बदलाव से संभवतः ध्रुव भी अछूते नही रह सकते। जिस कारण इनकी निगरानी अधिक जरूरी हो गई है।

# भू-राजनैतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान जरूरीः वी मुरलीधरन

**रियो डि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



● **जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की दो टूक**

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने ब्राजील में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में उन्होंने कहा, भारत ने साफ किया कि दुनिया के कई देशों को प्रभावित करने वाले भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान रचनात्मक तरीके से किया जाना चाहिए।

बता दें कि कुछ महीने पहले भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित हुआ था। अब इसकी अध्यक्षता ब्राजील कर रहा है। भारत ने विदेश मंत्रियों की बैठक में दो टूक कहा, 'दुनियाभर में टकराव की कई घटनाएं चिंता पैदा कर रही हैं। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी है कि भू-राजनैतिक मुद्दों का समाधान काफी रचनात्मक तरीके से किया जाए। भारत ने जी-20 देशों के मंत्रियों की बैठक में जटिल मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर भी जोर दिया।

गौरतलब है कि भारत ने ब्राजील को जी-20 देशों की अध्यक्षता एक दिसंबर, 2023 को सौंपी। रियो डि जेनेरियो में जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई। बुधवार को उद्घाटन के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 देशों की भूमिका पर केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं पर बात की।